✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



ट्राफी के साथ मंत्री श्रवण कुमार और बिजेन्द्र यादव

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 96 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 1 सितम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# बिहार में सभी मतदाताओं को मिलेगा नया पहचान पत्र : निर्वाचन आयोग

## भीड़ कम करने के लिए अब 1500 की जगह अधिकतम 1200 वोटर प्रति केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पूरा होने के बाद राज्य के सभी मतदाताओं को नया मतदाता पहचान पत्र जारी किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने रविवार को इस योजना की जानकारी दी। हालांकि नए पहचान पत्र जारी करने की तिथि पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाने के साथ ही नई तस्वीर जमा करने को कहा गया है। इन




तस्वीरों का उपयोग रिकॉर्ड अपडेट करने और नए पहचान पत्र जारी करने में किया जाएगा। गौरतलब है कि एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची के अनुसार बिहार में फिलहाल 7.24 करोड़ वोटर हैं। अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। अनुमान है कि राज्य में विधानसभा चुनाव नवंबर में कराए जाएंगे, क्योंकि वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। आयोग ने बताया कि अब तक 99 प्रतिशत मतदाता अपने दस्तावेज जमा कर चुके हैं। वहीं, करीब 30 हजार लोगों ने नाम शामिल करने के लिए याचिका दायर की है, क्योंकि उनका नाम मसौदा सूची में नहीं था। बिहार देश का पहला राज्य बन गया है, जहां मतदान केंद्रों पर भीड़ कम करने के लिए प्रति केंद्र अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 कर दी गई है। इसके चलते राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या 77 हजार से बढ़ाकर 90 हजार कर दी गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस व्यवस्था को आगे चलकर पूरे देश में लागू किया जाएगा। पिछले लोकसभा चुनाव में देशभर में 10.5 लाख मतदान केंद्र बनाए गए थे।

# तालाब में डूब कर दो सगे भाइयों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के चैनपुर विधान सभा क्षेत्र के सरैया पंचायत के मसही तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों के शव को तालाब से बाहर निकालते हुए ग्रामीणों ने सदर अस्पताल भभुआ लाया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान भी पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक की पहचान चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के सरैया पंचायत के मसही गांव के स्वर्गीय संतोष कुमार सिंह के 14 वर्षीय पुत्र आशुतोष कुमार और 13 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार के रूप में हुई है। मृतक के पिता संतोष कुमार सिंह का 2014 में मौत हो चुकी थी। मां के पास बस यही दोनों पुत्र बचे हुए थे जिनकी तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में चीख पुकार मचा हुआ है।

मृतक के चाचा चंदन सिंह ने बताया आदर्श और आशुतोष गांव से थोड़ी दूरी पर घूमने के लिए तालाब की तरफ गए थे। तभी दोस्तों के साथ तालाब में कूद कर नहाने लगे। पानी गहरा होने के कारण दोनों डूबने लगे तो दोस्तों ने बचाने का बहुत प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए।

## रेल पटरी पर मिला शिक्षिका का शव

**मुजफ्फरपुर/ नबिटा ब्यूरो।** जिले में एक शिक्षिका का शव संदिग्ध परिस्थिति में रेल पटरी से बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 58 वर्षीय आशा मिंज के रूप में हुई है, जो तालिमी मरकज में शिक्षिका थीं। इन दिनों वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रही थीं। मृतका के भाई अजय मिंज ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे वह भतीजे के साथ बीएलओ का कार्य निपटाकर लौटीं। घर आने के बाद अपने कमरे में गईं, लेकिन बैग और मोबाइल वहीं छोड़कर अचानक बाहर निकल गईं। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, किंतु कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को मिठनपुरा थाना क्षेत्र के मिस्कॉट के पास रेल पटरी से उनका शव बरामद हुआ। मिठनपुरा थानाध्यक्ष संतोष पंकज ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया की जा रही है।

# भारत-चीन के संबंधों को समझने में तीसरे देश की जरूरत नहीं : पीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रविवार को मुलाकात कर यह साफ संदेश दिया कि भारत-चीन संबंधों को किसी तीसरे देश के नजरिये से आंकने की जरूरत नहीं है। दोनों नेताओं की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधी प्रतिक्रिया मानी जा रही है, जिन्होंने हाल ही में भारत पर रूसी तेल खरीदने के नाम पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। यह मुलाकात कजाकिस्तान में आयोजित 31वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर हुई। सात साल के लंबे अंतराल के बाद पीएम मोदी की यह चीन यात्रा विशेष महत्व रखती है। गलवान की झड़प के बाद ठंडे पड़े रिश्तों में नई गर्माहट लाने की कोशिश इस मुलाकात के केंद्र में दिखी।

**झगड़े में न बदलें मतभेद**

विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी और जिनपिंग ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और चीन के बीच मौजूद मतभेद किसी भी सूरत में विवाद का रूप नहीं लेने चाहिए। दोनों नेताओं ने वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में अपनी अर्थव्यवस्थाओं की अहम भूमिका स्वीकार की और सीमा विवाद के निष्पक्ष एवं आपसी समाधान की आवश्यकता पर बल दिया।

**विकास में साझेदार, प्रतिद्वंद्वी नहीं**

मंत्रालय के मुताबिक, मोदी और शी ने अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में हुई अपनी पिछली मुलाकात के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में आई सकारात्मक प्रगति का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने दोहराया कि भारत और चीन विकास में साझेदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं।

**लोगों के बीच संबंधों पर भी जोर**

मुलाकात में सीधी उड़ानों और वीजा सुविधाओं को बढ़ावा देने पर सहमति जताई गई। साथ ही कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने को आपसी संबंधों में सुधार की दिशा में अहम कदम बताया गया।

# नित्यानंद राय का हमला : राहुल-तेजस्वी की यात्रा को बताया 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा पर करारा प्रहार किया है। रविवार को पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यह यात्रा बिहार की जनता को गुमराह करने की कोशिश है। राय ने आरोप लगाया कि यह वास्तव में वोटर अधिकार यात्रा नहीं, बल्कि घुसपैठिया बचाओ यात्रा है। उनके अनुसार इसमें रोहिंग्या और बांग्लादेशियों जैसे घुसपैठियों को संरक्षण देने और उनके अवैध मताधिकार को वैध ठहराने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के उस बयान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। नित्यानंद राय ने इसे



"देश को शर्मसार करने वाला" बताते हुए घोर आपत्तिजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि अमित शाह के नेतृत्व में देश की सीमाएं पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हुई हैं और अब घुसपैठियों के लिए भारत की जमीन पर कदम रखना "मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन" हो गया है। पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए राय ने आरोप लगाया कि वहां की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, जो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

# बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन के कार्यों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड की वार्षिक आम सभा रविवार को तारामंडल सभागार में आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी) ने की। उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार और भूमि विकास बैंक, बुद्ध मार्ग, पटना (बिहार-झारखंड) की अध्यक्ष ममता सिंह उपस्थित रहीं। राज्यसभा सदस्य खीरू महतो सम्मानित अतिथि के रूप में तथा अनिल कुमार (सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी) विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा में उपमुख्यमंत्री,



मुख्य अतिथि और अन्य आगंतुकों ने निदेशकगण और प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि विकास बैंक और हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन को शीघ्र ही आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। सभा में निदेशक दिनेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, विकास कुमार, सुदर्शन मिश्रा सहित अन्य निदेशक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में को-ऑपरेटिव संघ, पटना के अध्यक्ष विनय कुमार शाही ने सभी निदेशकों, प्रतिनिधियों और सभा में आए उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# एशिया कप हॉकी 2025 : चीन के बाद जापान भी धराशायी

## भारत ने जापान को पटखनी देकर एशिया कप के सेमीफाइनल में बनाई जगह, फिर चमके हरमनप्रीत सिंह

**राजीव वर्मा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के राजगीर में जारी एशिया कप हॉकी 2025 में मेजबान भारतीय टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। चीन को पहले मैच में 4-3 से हराने वाली टीम इंडिया ने रविवार को जापान को कड़े मुकाबले में 3-2 से शिकस्त दी। जापान ने अपने शुरुआती मैच में कजाखस्तान को 7-0 से हराया था, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के सामने उसकी एक नहीं चली।

**शानदार शुरुआत, मनदीप और हरमनप्रीत के गोल**

भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। चौथे मिनट में मनदीप सिंह ने फील्ड गोल कर भारत का खाता खोला। इसके तुरंत बाद पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल दागकर बढ़त को 2-0 कर दिया। जापान को पहले क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय डिफेंस और गोलकीपर ने मौका नहीं दिया।




**जापान की वापसी की कोशिश**

तीसरे क्वार्टर में जापान ने जोरदार वापसी की। 38वें मिनट में कोसी कावाबे ने गोल दागकर स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि, आखिरी सेकेंड्स में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और

### टीम इंडिया ने रोमांचक मुकाबले में 3-2 से दर्ज की जीत

हरमनप्रीत ने इसे गोल में बदलकर स्कोर 3-1 कर दिया।

**आखिरी पलों तक रोमांच**

चौथे क्वार्टर में जापान ने लगातार दबाव बनाया। 58वें मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर से गोल मिला और स्कोर 3-2 हो गया। अंतिम मिनटों में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, लेकिन भारतीय डिफेंस और गोलकीपर सूरज करकेरा ने कोई गलती नहीं की और टीम ने जीत अपने नाम की। इस जीत के साथ भारत सेमीफाइनल की दहलीज पर पहुंच चुका है। अब उसका अगला मुकाबला 1 सितंबर को कजाखस्तान से होगा।

# पिता के सामने बेटे की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मामला नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां अहले सुबह अपराधियों ने एक युवक को उसके पिता के सामने गोलियों से भून डाला। घटना सरमेरा थाना क्षेत्र के चुहरचक गांव मोड़ स्थित एसएच-78 मार्ग के पास की है। मृतक की पहचान बृज यादव के 18 वर्षीय पुत्र शिशुपाल कुमार उर्फ कारु के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि यह हत्या आपसी रंजिश और प्रतिशोध का परिणाम है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, 12 और 13 जुलाई की रात इसी गांव में किशोरी यादव नामक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उस वारदात में शिशुपाल का नाम सामने आया था, जिसके बाद से उसके खिलाफ प्रतिशोध की आशंका जताई जा रही। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

# बदमाशों ने सोती बहनों पर किया हमला, बड़ी बहन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अमनौर (सारण)।** जिले के पकड़ीडीह गांव में शनिवार की देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब अज्ञात बदमाश आम के पेड़ के सहारे घर में घुस गए और कमरे में सो रही दो बहनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में बड़ी बहन की मौत हो गई, जबकि छोटी बहन गंभीर रूप से घायल है। मृतका की पहचान 22 वर्षीया रूबी कुमारी, पत्नी धनंजय कुमार गुप्ता, निवासी पकड़ीडीह के रूप में हुई है। घायल युवती 19 वर्षीया निशा कुमारी है, जो छपरा शहर के ब्रह्मपुर मोहल्ला निवासी टुनटुन साह की पुत्री बताई जा रही है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार रूबी



अपने एक साल के बेटे दिव्यांशु के साथ ससुराल में रह रही थी। रक्षाबंधन पर मायके से लौटने के बाद वह अपनी छोटी बहन निशा को भी बच्चे की देखभाल के लिए साथ ले आई थी। घटना की रात दोनों बहनें कमरे में सो रही थीं जबकि सास-ससुर बरामदे में थे। आधी रात को हमलावर ने कमरे में घुसकर दोनों पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल निशा किसी तरह कमरे से बाहर निकली और खून से लथपथ हालत में सास-ससुर को घटना की जानकारी दी, इसके बाद वह बेहोश हो गई। परिवार के लोग दोनों को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर छपरा सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने रूबी को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक संजय कुमार ने कहा कि पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दिल दहला देने वाली वारदात से पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है।

# गया में बीएमपी के एएसआई की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार में एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र स्थित बीएमपी-3 ट्रेनिंग सेंटर में तैनात असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) राजेश कुमार सिंह का शव उनके कमरे से बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक राजेश कुमार सिंह का पैतृक घर छपरा जिले के गंगाजल गांव में है, जबकि उनका परिवार हाजीपुर में रहता है। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एएसआई के परिजनों ने इस घटना को आत्महत्या मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि शव पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं, जो हत्या की ओर इशारा करते हैं। मृतक की बहन ने आरोप लगाया कि उनके भाई की हत्या कर मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि शरीर पर चोट के निशान हैं। मेरा भाई आत्महत्या करने वाला इंसान नहीं था। हमें पूरा यकीन है कि उसकी हत्या की गई है और इसे आत्महत्या दिखाने की कोशिश हो रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हैंगिंग का प्रतीत होता है, लेकिन परिजनों की शिकायत को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# डीसीएलआर की रैंकिंग में चकिया पहले स्थान पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में पूर्वी चंपारण का चकिया डीसीएलआर कार्यालय पूरे बिहार में प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं भागलपुर जिले का नवगछिया डीसीएलआर कार्यालय सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया है। विभाग की इस रैंकिंग का सीधा असर आमजन को मिलने वाली राजस्व सेवाओं पर भी देखा जा रहा है।

**रैंकिंग का आधार**

विभाग ने रैंकिंग के लिए कई मानक तय किए हैं। इसमें परिमार्जन प्लस के सुपरविजन (15 अंक), म्यूटेशन के सुपरविजन (15 अंक), अंचल कार्यालयों का निरीक्षण (10 अंक), अभियान बसेरा-2 (15 अंक), म्यूटेशन अपील (15 अंक), आधार सीडिंग की स्थिति (5 अंक) और बीएलडीआरए (20 अंक) शामिल हैं। इन्हीं मानकों पर कार्यालयों का मूल्यांकन किया गया। रैंकिंग में कई डीसीएलआर कार्यालयों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पकड़ीदयाल 23वें से 11वें स्थान पर पहुंचा, तेघड़ा 17वें से 12वें पर, नालंदा का बिहारशरीफ 26वें से 13वें पर, जहानाबाद 16वें से 14वें पर और औरंगाबाद 88वें से छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गया।

**जनता को सेवा देना ही उद्देश्य : मंत्री**

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि मई महीने की समीक्षा का असर रैंकिंग पर साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य यही है कि जनता को राजस्व से जुड़ी किसी भी सेवा में परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी कारण जिलों में जाकर भी कार्यों की समीक्षा की जा रही है।

### टॉप-10 डीसीएलआर कार्यालय

| | |
|---|---|
| 1. | चकिया (पूर्वी चंपारण) – 81.97 अंक |
| 2. | शेखपुरा – 79.77 अंक |
| 3. | तारापुर – 78.72 अंक |
| 4. | निर्मली – 77.82 अंक |
| 5. | अरवल – 76.52 अंक |
| 6. | बिरौल – 76.16 अंक |
| 7. | हिलसा – 74.79 अंक |
| 8. | पालीगंज (पटना) – 74.71 अंक |
| 9. | बेलसंड (सीतामढ़ी) – 74.27 अंक |
| 10. | बेगूसराय – 72.87 अंक |

### सबसे पीछे रहने वाले 10 डीसीएलआर कार्यालय

आरा सदर – 55.27 अंक | फारबिसगंज (अररिया) – 55.22 अंक
मुजफ्फरपुर पूर्वी – 53.60 अंक | बेतिया – 53.43 अंक
दानापुर – 53.11 अंक | सिमरी बख्तियारपुर – 51.39 अंक
फुलपरास – 51.22 अंक | जयनगर – 50.82 अंक
भागलपुर सदर – 49.95 अंक | नवगछिया (भागलपुर) – 37.16 अंक

# पुरानी पेंशन योजना की मांग पर शिक्षक और कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर करेंगे काम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर आज बिहार के सभी विद्यालयों और शासकीय कार्यालयों में शिक्षक तथा कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। इस कार्यक्रम में वे केंद्रीय कर्मी भी शामिल होंगे जो बिहार में कार्यरत हैं। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट) के महासचिव नागेंद्र सिंह ने बताया कि यह कदम नई पेंशन योजना के विरोध और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भोजनावकाश के दौरान सभी शिक्षक और कर्मचारी काला दिवस मनाएंगे और पुरानी पेंशन योजना के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद करेंगे। संघ का कहना है कि जब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार थी, तब उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नई पेंशन योजना लागू की गई। इसके बाद से अब तक यही योजना लागू है। कुछ राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू कर दी है, किंतु नई पेंशन योजना के अंतर्गत जमा की गई राशि अभी तक केंद्र सरकार ने राज्यों को वापस नहीं की है। महासचिव ने बताया कि वर्तमान में भी केंद्र में भाजपा की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही है, लेकिन पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसी के विरोध में आज का यह कार्यक्रम आयोजित है। उन्होंने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे न केवल काला दिवस मनाएँ, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी पुरानी पेंशन योजना के समर्थन में मतदान के लिए जागरूक करें।

# गरीबों और हाशिये पर खड़े लोगों को निशाना बना रहा चुनाव आयोग : कांग्रेस

**▶ बिहार में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी का आरोप ▶ 7,613 बूथों पर 70% से अधिक महिलाओं के नाम हटाए गए**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बड़ा आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा राज्य के 25 जिलों से होकर पटना पहुंची है और इसी दिन आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि भी थी। इस दौरान कांग्रेस और इंडी गठबंधन के बूथ लेवल एजेंट्स ने लाखों नागरिकों की आपत्तियां दर्ज कराईं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया। खेड़ा ने खुलासा किया कि पार्टी की जांच में 243 विधानसभा क्षेत्रों के 90 हजार बूथों पर करीब 89 लाख विसंगतियां सामने आईं। इनमें से 65 लाख नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। आयोग ने इसके पीछे पलायन, मृतक, अनुपस्थित और दोहरे पंजीकरण जैसे कारण बताए, परंतु जांच में कई गंभीर तथ्य मिले। उदाहरणस्वरूप–20,368 बूथों पर 100 से अधिक नाम काटे गए, 7,613 बूथों पर 70% से अधिक महिलाओं के नाम हटाए गए और 7,931 बूथों पर मृतक श्रेणी में गड़बड़ी मिली। कई जगह जिंदा लोगों को मृतक दिखा दिया गया। अनुपस्थित श्रेणी में भी हजारों वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए। कांग्रेस का आरोप है कि यह पूरी प्रक्रिया महिलाओं, गरीबों और हाशिये पर खड़े समाज के लोगों को निशाना बनाकर उनके वोटिंग अधिकार छीनने की सोची-समझी साजिश है। खेड़ा ने मांग की कि चुनाव आयोग घर-घर जाकर सत्यापन करे और हर वैध मतदाता का नाम बहाल करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने आनन-फानन में यह प्रक्रिया पूरी की है और आपत्तियों को दरकिनार कर रही है। वहीं, राज्यसभा सांसद व कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने इसे भाजपा प्रायोजित कार्रवाई बताया और कहा कि अब खामियां पूरे देश के सामने हैं। इस मौके पर विधायक दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रेमचंद मिश्र, अजीत शर्मा, प्रो. अजय उपाध्याय समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कांग्रेस का कहना है कि यदि आयोग ही पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाएगा तो लोकतंत्र की नींव हिल जाएगी और यही सवाल आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा बनेगा।



## राज्य की हरियाली संवारने में अहम भूमिका निभा रही हैं जीविका दीदियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत बनीं जीविका दीदियां, जिन्होंने शराबबंदी, दहेज प्रथा और बाल-विवाह जैसी बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाकर गांव-गांव में नई सोच जगाई है, अब पर्यावरण बचाने की मुहिम में भी सक्रिय हो गई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वर्ष 2019 में आरंभ किया गया जल-जीवन-हरियाली अभियान पूरे राज्य में जनांदोलन के रूप में खड़ा है। इस अभियान को सफल बनाने में जीविका दीदियों ने हरित जीविका-हरित बिहार कार्यक्रम के अंतर्गत करोड़ों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की ऐतिहासिक पहल की है। राज्य के ग्यारह लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी एक करोड़ चालीस लाख से अधिक दीदियों ने अब तक चार करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए हैं। पौधों की लगातार बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दीदी की नर्सरी की शुरुआत की गई। आज जीविका दीदियों द्वारा संचालित नर्सरियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं की श्रम भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में भी नेतृत्व का कार्य कर रही हैं। जीविका, मनरेगा और वन एवं पर्यावरण विभाग के सहयोग से पूरे राज्य में अब तक 987 दीदी की नर्सरियां संचालित हो चुकी हैं। इनमें 677 नर्सरियां जीविका व मनरेगा की साझेदारी से और 310 नर्सरियां वन विभाग के सहयोग से चल रही है।

## अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी बने बिहार प्रदेश जद (यू) के प्रदेश राजनीतिक सलाहकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी को बिहार प्रदेश जद (यू) का प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बिहार प्रदेश जद (यू) का प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधान पार्षद सदस्य संजय सिंह उर्फ गांधीजी, बिहार प्रदेश संगठन मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं जद (यू) परिवार का आभारी हूं जिन्होंने संगठन में मुझे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि 2025 में फिर से नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। बिहार के विकास में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जो योगदान रहा है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा।

## प्रो.रणबीर नंदन ने किया राधा अष्टमी पूजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राधा अष्टमी के मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने राजधानी के विभिन्न जगहों पर जाकर जगदजननी मां राधा का पूजन, आरती एवं अभिषेक किया। सर्वप्रथम उन्होंने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में मां राधा की आरती के साथ, विधि विधान पूर्वक पूजन, आरती व अभिषेक किया। इसके बाद प्रो. रणबीर नंदन कुम्हरार विधानसभा स्थित श्री श्री श्याम मंदिर, रोड न.13बी, न्यू बहादुरपुर में आयोजित राधा अष्टमी पूजन, अभिषेक में शामिल हुए। उन्होंने मां राधा से प्रार्थना की कि राधा रानी सभी पर दया करें। पूजन के बाद प्रो नंदन ने कहा कि राधा अष्टमी श्री राधाजी का प्राकट्य दिवस है।

# सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दिया सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश

**सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक लखीसराय में आयोजित**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लखीसराय।** सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की समीक्षात्मक बैठक रविवार को लखीसराय सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने की। इसमें विभाग से संबंधित सभी राज्य और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विशेष रूप से सहकारी चौपाल के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक तथा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के लिए बनाए गए कार्य-प्रणाली (एसओपी) पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही धान उपार्जन के अंतर्गत उपभोक्ता मंडी रसीद (सीएमआर) जमा करने की अंतिम तिथि 14 सितंबर 2025 तय की गई और अधिकारियों को इस अवधि तक सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र योजना की प्रगति पर भी विचार हुआ। इस योजना के तहत एक ही परिसर में किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। साथ ही मृदा, बीज और उर्वरक परीक्षण की सुविधा भी किसानों को दी जाएगी। इसके अलावा किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), एनसीडी पोर्टल और बहु-राज्य सहकारी समितियों की सदस्यता से जुड़े विषयों की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त निबंधक प्रभाकर कुमार, संयुक्त निबंधक (लेखा-परीक्षण) मुकेश कुमार, लखीसराय की जिला सहकारिता पदाधिकारी सुमन कुमारी, शेखपुरा के जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिन्हा, मुंगेर-जमुई केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र शर्मा और लखीसराय के जिला लेखा-परीक्षण पदाधिकारी फरहान दानिश उपस्थित थे। इसके अलावा लखीसराय और शेखपुरा के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी तथा लेखा-परीक्षक भी शामिल हुए।बैठक के अंत में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# गुंजन सिंह की फिल्म 'मगध पुत्र' के सेट पर पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार और डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गुंजन सिंह इंटरटेनमेंट प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म 'मगध पुत्र' की शूटिंग इन दिनों जोरों पर है। राजधानी पटना और उसके आसपास चल रही इस फिल्म की शूटिंग देखने और कलाकारों को प्रोत्साहित करने बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री श्रवण कुमार और मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सेट पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कलाकारों और तकनीकी टीम से मुलाकात की और फिल्म निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि भोजपुरी सिनेमा हमारी संस्कृति और समाज का आईना है। 'मगध पुत्र' जैसी फिल्में न केवल मनोरंजन करती हैं बल्कि युवाओं को अपनी जड़ों और इतिहास से जोड़ने का काम करती है। हमें गर्व है कि बिहार में फिल्म निर्माण की ऐसी मजबूत परंपरा बन रही है। सरकार की तरफ से हर संभव सहयोग जारी रहेगा। वहीं डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि फिल्म एक समाज का प्रतिबिंब होती है और जब 'मगध पुत्र' जैसी फिल्में बनती है तो यह हमारे आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का कार्य करती हैं। हमें उम्मीद है कि यह फिल्म राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएगी। बिहारी कलाकार और तकनीशियन आज विश्व मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं और यह गर्व की बात है। फिल्म में भोजपुरी सुपरस्टार गुंजन सिंह और अभिनेत्री आस्था सिंह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मौके पर मौजूद गुंजन सिंह ने सेट के अनुभव साझा करते हुए कहा 'मगध पुत्र' मेरे दिल के बहुत करीब प्रोजेक्ट है। इसकी कहानी इतिहास और समाज के संघर्ष को दर्शाती है। सेट पर माहौल बेहद ऊर्जावान और पारिवारिक है। पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है और मुझे विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों को दिल से छू जाएगी। फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा हैं जिन्होंने बताया कि यह फिल्म न सिर्फ मनोरंजन बल्कि सामाजिक संदेश भी देगी। कलाकारों और नेताओं की मौजूदगी से फिल्म यूनिट का मनोबल और भी बढ़ गया है। अब दर्शकों को बेसब्री से 'मगध पुत्र' के रिलीज होने का इंतजार है।






## ऑल इंडिया नौसैनिक कैंप के लिए चयनित कैडेट्स को एडीजी ने किया रवाना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रुप मुख्यालय, पटना में बिहार और झारखंड निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल एएस बजाज ने ऑल इंडिया नौसैनिक कैंप के लिए चयनित कैडेट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो 01 से 12 सितंबर 2025 तक महाराष्ट्र के लोनावला में आयोजित ऑल इंडिया नौसैनिक कैंप-25 में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर कैडेट्स को रवाना करने के पूर्व अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जीवन में अनुशासन के महत्व को विकसित कर टीम भावना के साथ, नौ सैनिक कैंप के दौरान आयोजित सभी प्रकार के स्पर्धाओं में विजयी होकर अपने प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। यह आयोजन न केवल हमारे युवा कैडेट्स की अविश्वसनीय प्रतिभा को उजागर करता है बल्कि प्रतिभागियों के बीच दल भावना को भी मजबूत करता है। इस अवसर पर 1 बिहार नेवल यूनिट पटना के समादेशी पदाधिकारी, कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बिहार एवं झारखंड के सभी चयनित एसडी/एस डब्लू कैडेट्स का उत्साह इस अवसर पर देखने लायक था। कमांडर गुप्ता ने बताया कि ये कैडेट्स लोनावला में नौसैनिक कैंप के दौरान आयोजित बोट पुलिंग, बोट रिगिंग, हेल्थ एंड हाइजीन, शिप माडलिंग, ड्रिल, शूटिंग इत्यादि से संबंधित आयोजित सभी स्पर्धाओं में पूरे भारत से चयनित कैडेट्स के बीच अपना दम-खम दिखा कर बिहार एवं झारखंड डायरेक्ट्रेट का नाम रौशन करेंगे।

## डीआइजी आशीष-स्वप्ना ने गणपति पंडाल में की आरती

**प्रदेश की सुख-शांति और विघ्न दूर करने का मांगा आशीर्वाद**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महाराष्ट्र मंडल की ओर से स्थानीय दरोगा प्रसाद राय पथ में आयोजित सात दिवसीय गणपति उत्सव के पांचवें दिन रविवार की छुट्टी पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। यहां पहुंच कर भक्तों ने लाल बाग के राजा भगवान गणपति का दर्शन किया और उनकी पूजा अर्चना कर उनसे अपने लिए आशीर्वाद मांगा। रविवार के दिन पूजा पंडाल में बने कोणार्क मंदिर की थीम और ऑपरेशन सिन्दूर की तस्वीर के साथ भी लोग सेल्फी लेते दिखे। उत्सव के पांचवे दिन बेगूसराय के डी आई जी आशीष भारती एवं आई पी एस डी आई जी स्वप्ना मेश्राम ने लाल बाग के राजा भगवान गणपति की आरती की और प्रदेश की सुख शांति और विघ्न दूर करने का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान गणपति बुद्धि देनेवाले देवता हैं। इन्हें प्रथम पूज्य व विघ्नहर्ता कहा जाता है उनसे प्रार्थना है कि वे बिहार की सुख समृद्धि के लिए वरदान दें ताकि बिहार वासी सुखी रह सकें। इस मौके पर महाराष्ट्र मंडल के सचिव संजय भोसले ने बताया कि उत्सव के पांचवे दिन रविवार की सुबह सबसे पहले भगवान गणपति की मराठी विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और उसके पश्चात आरती हुई आरती के बाद भगवान को बूंदी का भोग लगाया गया और आरती के पश्चात यह भोग भक्तों के बीच वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि भगवान गणपति की पूजा अर्चना करने के लिए मराठी महाराष्ट्र में रह रहे बिहारवासियों के अलावा बड़ी संख्या में राजधानीवासी यहां पहुंच रहे हैं और यहां पहुंचकर भगवान गणपति से अपने लिए शुभ मंगल की कामना कर रहे हैं।



## प्रख्यात इएनटी विशेषज्ञ डॉ. बृज लाल का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रख्यात इएनटी विशेषज्ञ एवं पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के पूर्व प्रोफेसर डॉ. बृज लाल का 30 अगस्त 2025 को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आज उनका अंतिम संस्कार पटना श्मशान घाट में किया गया जहां अनेक वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. लाल अपनी चिकित्सकीय उत्कृष्टता, शिक्षण के प्रति समर्पण एवं करुणामयी रोगी सेवा के लिए जाने जाते थे। उन्होंने पीएमसीएच में अपने दीर्घ कार्यकाल के दौरान अनेक चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया और चिकित्सा जगत में गहरी छाप छोड़ी।



## हिमालया वेलनेस ने 'वर्ल्ड ऑफ नीम' किया लांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हर्बल स्किनकेयर में अग्रणी हिमालया वेलनेस ने मुंबई के ताज लैंड्स एंड में अपने पहले 'वर्ल्ड ऑफ नीम' कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन पिंपल एक्ने पॉजिटिविटी डे से पहले किया गया जिसका उद्देश्य था पिंपल्स को लेकर समाज में व्याप्त कलंक को तोड़ना, आत्मविश्वास को बढ़ावा देना और स्किनकेयर पर एक समग्र संवाद शुरू करना। पिछले 25 वर्षों से भारतीय युवाओं का भरोसेमंद साथी रहा हिमालया नीम फेसवॉश अब नई '5-पार्ट्स ऑफ नीम' फॉर्म्युलेशन के साथ पहले से अधिक प्रभावी और कोमल बन चुका है। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी नितांशि गोयल और प्रसिद्ध स्किन विशेषज्ञ डॉ. रश्मि शेट्टी ने युवाओं को अपने पिंपल्स को छुपाने की बजाय, उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपनाने का संदेश दिया। राजेश कृष्णमूर्ति, बिजनेस डायरेक्टर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, हिमालया वेलनेस ने कहा हम मानते हैं कि स्किनकेयर को कोमल, प्रभावी और कलंक-मुक्त होना चाहिए। '5-पार्ट्स ऑफ नीम' फॉर्म्युलेशन के साथ हम पिंपल-प्रोन स्किन के लिए समग्र समाधान प्रदान कर रहे हैं जो युवाओं को आत्मविश्वास से भरता है। रागिनी हरिहरन, मार्केटिंग डायरेक्टर ब्यूटी एंड पर्सनल केयर ने जोड़ा आज की पीढ़ी विज्ञान और प्रकृति के संगम को प्राथमिकता देती है। 'वर्ल्ड ऑफ नीम' इस सोच का सटीक उदाहरण है जो युवाओं को स्किन से जुड़ी हर स्थिति को खुले मन से स्वीकारने का मंच देता है।




## डॉ. दिलीप जायसवाल ने नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को तन्मयता से सुना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'मन की बात' सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई मंत्री, प्रदेश के पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक विचारों को सुना। 'मन की बात' सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि वास्तव में यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों का मार्गदर्शन का माध्यम है। नए भारत के संकल्पों को स्वर देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश की प्रतिभा की चर्चा की। गांव में रहकर भी अगर समर्पण हो तो प्रतिभा को साबित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पीएम ने बिहार की मुजफ्फरपुर की रतनपुरा गांव की रहने वाली महिला देवकी की भी चर्चा की जिसने सोलर पंप से अपने गांव की किस्मत बदल दी है। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में कहा मुजफ्फरपुर के रतनपुरा गांव की रहने वाली देवकी जी को लोग अब प्यार से 'सोलर दीदी' कहते हैं। देवकी जी का जीवन आसान नहीं था। कम उम्र में शादी हो गई, छोटा सा खेत, चार बच्चों की जिम्मेदारी और भविष्य की कोई साफ तस्वीर नहीं। लेकिन उनका हौंसला कभी टूटा नहीं। प्रधानमंत्री ने सोलर दीदी के जीवन को रेखांकित करते हुए कहा कि वे एक स्वयं सहायता समूह से जुड़ी और वहीं उन्हें सोलर पंप के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने सोलर पंप के लिए प्रयास शुरू किए और उसमें सफल भी रहीं। सोलर दीदी के सोलर पंप ने इसके बाद जैसे गांव की तस्वीर ही बदल दी। गांव में जहां पहले कुछ एकड़ में जमीन की सिंचाई हो पाती थी, अब सोलर दीदी के सोलर पंप से 40 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में पानी पहुंच रहा है। सोलर दीदी के इस अभियान में गांव के दूसरे किसान भी जुड़ गए हैं। उनकी फसलें हरी-भरी होने लगी हैं और आमदनी बढ़ने लगी। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में सोलर दीदी की जीवनी का जिक्र करते हुए कहा कि पहले सोलर दीदी की जिंदगी चहारदीवारी के भीतर सिमटी हुई थी, लेकिन आज वो पूरे आत्मविश्वास से अपना काम कर रही हैं, पैसे कमा रही हैं और सबसे दिलचस्प बात यह है कि वो क्षेत्र के किसानों से यूपीआई के जरिए पेमेंट लेती हैं। अब पूरे गांव में उन्हें बहुत सम्मान से देखा जाता है। उनकी मेहनत और दूरदर्शिता ने दिखा दिया है कि सौर-ऊर्जा सिर्फ बिजली का साधन नहीं है, बल्कि ये गांव-गांव में नई रोशनी लाने वाली एक नई शक्ति भी है। पीएम मोदी ने इस उदाहरण के माध्यम से सौर ऊर्जा के उपयोग और महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा कि यह तकनीक और हौंसला देश के छोटे किसानों और ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी बदल सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस बदलाव का हिस्सा बनें और सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी खेती और जीवन को समृद्ध करें। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने समाज में प्रेरणा देने वाले उन लोगों का भी उल्लेख किया जिन्होंने व्यक्तिगत प्रयासों से देशहित में मिसाल पेश की है।

## बढ़ते बिहार के विकास में भूमिका निभा रहे स्वर्ण व्यवसायी : राजेश वर्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि एक ओर बिहार सरकार बिहार में उद्योग के विकास के लिए बिजनेश समिट कर रही है। उनके साथ बिहार के स्वर्ण व्यापारियों के संगठन की ओर से प्रदेश में ज्वेलरी महोत्सव का आयोजन कर बिहार में देशभर के आभूषण निर्माता को बुलाकर बढ़ते बिहार के विकास में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। सांसद राजेश वर्मा रविवार को स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में राजधानी पटना के ज्ञान भवन में तीन दिवस राष्ट्रीय आभूषण प्रदर्शनी सह ज्वेलरी महोत्सव के स्टॉल का अवलोकन कर महोत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में तीन दिवसीय ज्वेलरी उत्सव का आयोजन हो रहा है इससे बिहार के स्वर्ण दुकानदारों को नई तकनीक की जानकारी मिलेगी और बिहार के ज्वेलरी मार्केट में आभूषणों की नयी रेंज उपलब्ध होगी। सांसद वर्मा ने कहा बिहार में इस तरह के आयोजन से जहां व्यवसाईयों को नई तकनीक की जानकारी मिल रही है वहीं यह आयोजन इसका गवाह बन रहा है कि बिहार में अब अमन चैन का माहौल कायम है और एनडीए की सरकार में यहां व्यवसाय में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार प्रदेश में युवाओं के व्यापार के लिए जमीन के साथ-सब्सिडी दे रही है इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को बेहतर तकनीक का ज्ञान होगा। श्री वर्मा ने बीती रात बांका के बौसी में स्वर्ण व्यावसायी नवीन कुमार की हत्या पर चिंता जाहिर की और सरकार से आभूषण कारोबारियों को संरक्षण व सुरक्षा देने की मांग की। सांसद राजेश वर्मा ज्वेलरी महोत्सव में लगे 250 स्टॉल का भ्रमण किया और स्टॉल पर व्यावसायियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर एसएसवीएएसएस के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि ज्वेलरी महोत्सव में राजकोट, जयपुर, केरल, पटना, कोलकाता, दिल्ली, मुबई, लखनऊ, सूरत, बनारस, मेरठ, आगरा सहित देश के लगभग सभी हिस्से से आभूषण निर्माता व थोक व्यापारी पटना पहुंचकर अपने नये डिजाइन का प्रदर्शन कर रहे हैं जिससे बिहार के आभूषण व्यापार को बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से स्वर्ण उद्यमियों को लाभ मिलेगा ।



CMYK

# शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र से 142 दारोगा व एक पुलिस निरीक्षक का स्थानांतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिलों में पांच वर्ष पूरे कर चुके 2014 और 2018 बैच के 142 पुलिस अवर निरीक्षक का स्थानांतरण किया गया है। डी आईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार आगामी विधानसभा चुनाव को देखते पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 31 अगस्त तक अपनी पांच साल की कार्यकाल अवधि पूरी कर चुके 2014 व 2018 बैच के 142 पुलिस अवर निरीक्षकों व एक पुलिस निरीक्षक का जिला से बाहर स्थानांतरण किया गया। उन्होंने बताया कि जिन अवर निरीक्षकों की पोस्टिंग प्रतिनियुक्ति पर जिला से बाहर रही है, उनकी पदस्थापन अवधि में वह अवधि भी जोड़ी गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को लेकर गत 27 अगस्त को रोहतास, कैमूर, बक्सर और भोजपुर के पुलिस कप्तानों से 31 अगस्त 2025 तक की अवधि पूरी कर चुके इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और एएसआई की सूची 24 घंटे के भीतर हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी दोनों रूप में भेजने का निर्देश दिया गया था। डीआईजी ने बताया कि रविवार को चारों जिलों के एसपी के साथ बैठक कर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई। स्थानांतरित 142 पुअनि में रोहतास के 42, कैमूर के 34, भोजपुर के 37 व बक्सर जिले के 30 शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी को एक सप्ताह के अंदर नए स्थान पर योगदान का निर्देश दिया गया है। बैठक में रोहतास के एसपी रौशन कुमार, कैमूर के एसपी ललित मोहन शुक्ला, भोजपुर एसपी राज, बक्सर एसपी शुभम कुमार शामिल थे।



# 127.84 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रविवार को सासाराम स्टेशन पर अवैध तरीके से लेकर आने वाले एक शराब तस्कर को 127.84 लीटर विदेशी शराब के साथ आरपीएफ और जीआरपी द्वारा बरामद किया गया। 31 अगस्त को सूचना प्राप्त हुआ कि दिल्ली-गया स्पेशल में आगे से तीसरा सामान्य कोच में किसी व्यक्ति के द्वारा अंदर से टॉयलेट का दरवाजा बंद कर रखा है जो खोल नहीं रहा। टॉयलेट में वह कुछ बैग लेके घुसा हुआ है। प्राप्त सूचना पर निरीक्षक प्रभारी सासाराम संजीव कुमार एवं जीआरपी निरीक्षक सुमन राणा के नेतृत्व में उप निरीक्षक डी एस राणावत साथ सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह तथा आरक्षी विमलेश कुमार भारती सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सासाराम तथा राजकीय रेल पुलिस सासाराम के उप निरीक्षक विश्वनाथ सिंह साथ जवान त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त गाड़ी के सासाराम रेलवे स्टेशन पीएफ नंबर 03 पर आने पर आगे से तीसरे सामान्य कोच को चेक किया गया जिसका टॉयलेट रूम बंद पाया गया जिसको खुलवाने पर अंदर से व्यक्ति ने नहीं खोला तब यांत्रिक विभाग की मदद से गेट को बाहर से खुलवा कर चेक करने पर उसमें एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम व पता रोनक कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र उमेश चौधरी निवासी ग्राम बड़की डेल्हा संगम चौक वार्ड नंबर 3 गया, थाना डेल्हा, जिला-गया (बिहार) बताया जो टॉयलेट में 7 अदद पिट्ठु बैग व 3 अदद झोले कुल 10 अदद बैग के साथ टॉयलेट में पाया गया जिससे पूछने पर सभी बैगों में अंग्रेजी शराब होना बताया जो सभी उत्तर प्रदेश राज्य से लेकर आना बताया। बरामद शराब कुल 127.845 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। उक्त व्यक्ति एवं सभी शराब को जब्त कर व राजकीय रेल थाना पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय गया अग्रसारित किया गया।



## पुलिस पदाधिकारियों का तबादला, सासाराम यातायात थाना को मिली नई जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिला पुलिस में फेरबदल करते हुए पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने कई पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया। साथ ही जारी आदेश के अनुसार सभी को तत्काल प्रभाव से नए पदस्थापन स्थल पर योगदान करने का निर्देश दिया। स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारी इस प्रकार हैं- पु.अ.नि. अरविन्द कुमार-पुलिस केन्द्र डिहरी से यातायात थाना सासाराम, पु.अ.नि. करण कुमार-इन्द्रपुरी थाना से यातायात थाना सासाराम, पु.अ.नि. कौशल कुमार कौशिक-दिनारा थाना से यातायात थाना सासाराम, पु.अ.नि. बिपीन प्रसाद सिंह-पुलिस केन्द्र डिहरी से यातायात थाना सासाराम, पु.अ.नि. हरेराम दूबे-पुलिस केन्द्र डिहरी से यातायात थाना सासाराम, पु.अ.नि. हरिशंकर राय-पुलिस केन्द्र डिहरी से यातायात थाना सासाराम, स.अ.नि. हरिनारायण पासवान-पुलिस केन्द्र डिहरी से यातायात थाना सासाराम, स.अ.नि. अरूण रविदास-पुलिस केन्द्र डिहरी से यातायात थाना सासाराम, स.अ.नि. संजय शर्मा-पुलिस केन्द्र डिहरी से यातायात थाना सासाराम, पुलिस अधीक्षक, रोहतास ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे शीघ्र अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें और इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी के माध्यम से जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराएं।



## 1.78 लाख की ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** संझली थाना क्षेत्र के नरवद चैता गांव निवासी रमाशंकर चौधरी ने एक लाख 78 हजार 598 रुपए के ठगी की प्राथमिकी अज्ञात साइबर पर कराया है। पुलिस के अनुसार अधिक धन कमाने के चक्कर में आवेदक ने अपने आधार कार्ड को ड्रीम 11से लिंक कर गूगल पर कस्टमर केयर नंबर खोजा। वहां से प्राप्त नंबर पर कॉल किया। बातचीत के दौरान वह व्हाट्सएप्प कॉल किया और फिर नए व्हाट्सएप से उससे संपर्क किया। तीन बार में उससे उक्त राशि अपने खाते में ट्रांसफर कराया।

## राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा बौखलाई : मोहन राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि व डॉ अम्बेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम ने कहा है कि देश में जननायक व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा बौखला गयी है क्योंकि एक तरफ पटना राजधानी के कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ लाठी डंडे के साथ हिंसक झड़पें हुई जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता घायल हुए वहीं दूसरे तरफ कैमूर जिला के कांग्रेस जिला मुख्यालय शहीद भवन भभुआ में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं नें भीतर घुस कर कुर्सियां तोड़ी एवं राहुल गांधी तथा पूज्य बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के फोटो को जमीन पर फेंका गया जिसे घोर निंदनीय कहा जायेगा। श्री राम ने कहा है कि जननायक राहुल गांधी, विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद डी राजा, भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्या एवं वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के कुशल नेतृत्व में 'वोटर अधिकार यात्रा' बिहार के सासाराम की पावन धरती से शुभारंभ हुआ। यह 16 दिवसीय यात्रा रहा जो 20 से अधिक जिलों से होकर 1300 किलो मीटर का यात्रा तय हुआ। श्री राम ने यह भी कहा कि 'वोटर अधिकार यात्रा' में उमड़े जन सैलाब से यह प्रतीत होता है कि देश की एक-एक जनता केंद्र एवं बिहार की एनडीए सरकार से ऊब चुकी है जो जननायक राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व में बदलाव चाहती है।

## अश्लील फोटो भेज ब्लैकमेलिंग की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के नटवार थाना क्षेत्र के सराव निवासी विवेक सिंह ने नेट आईडी हैक कर अश्लील फोटो वीडियो डालकर 50 हजार की मांग करने की प्राथमिकी साइबर थाना में कराया है। पुलिस के अनुसार उनके व्हाट्सएप पर मैसेज करते हुए वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार की मांग की जा रही है। नहीं देने पर वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी दिया जा रहा था जिससे वह भयभीत है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डाक जीवन बीमा मेगा ड्राइव में रोहतास प्रमंडल अव्वल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोचस (रोहतास)।** डाक प्रमंडल ने एक बार पुनः नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 29 अगस्त को आयोजित डाक जीवन बीमा मेगा ड्राइव में प्रमंडल ने लगभग 52 करोड़ रूपये का व्यवसाय किया। इस उपलब्धि में कुल लगभग 1200 लोग लाभान्वित हुए एवं इनका सफलतापूर्वक बीमा करवाया गया। डाक अधीक्षक मारुत नंदन ने यह जानकारी दी कि इस सफलता के पीछे सभी अधिकारियों, डाक कर्मियों एवं डायरेक्ट एजेंट की अहम भूमिका रही। इनके अथक प्रयास से रोहतास डाक प्रमंडल एक नया मुकाम हासिल किया है एवं रोहतास डाक प्रमंडल को राष्ट्रीय स्तर पर यह गौरव प्राप्त हुआ है। पूरे मण्डल में मिठाई बांटकर एवं एक दूसरे को बधाइयां देकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने बताया कि इस ड्राइव का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जोड़कर उनके परिवार को सुरक्षित करना है।

## राष्ट्रीय एकता शिविर में बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड को मिला तृतीय पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय एकता शिविर कोटा राजस्थान में बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के नेतृत्व में रोहतास जिला के 24 स्काउट और गाइड यूनिट लेटर जिला संगठन आयोग अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में भाग लेने के लिए 26 अगस्त 2025 से 30 अगस्त 2025 तक शामिल हुए थे। राष्ट्रीय स्तर पर सभी राज्यों में अपने राज्य के मुख्य व्यंजन प्रस्तुत किया जिसमें भारत स्काउट और गाइड रोहतास में बाटी चोखा बनाकर राष्ट्रीय एकता शिविर में पेश किया और जिला संगठन आयुक्त स्काउट रोहतास अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ-साथ लोक सॉन्ग फोक डांस, मैरिज फेस्टिवल, सांस्कृतिक और स्काउटिंग/गाइडिंग विषयों पर प्रदर्शन और फूड प्लाजा शामिल हैं जिसमें वर्दी, पारंपरिक वेशभूषा और प्रदर्शनियों के लिए सामग्री शामिल था। सभी कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद 24 स्काउट और गाइड यूनिट लीडर कोटा पटना एक्सप्रेस से बिहार सुरक्षित पहुंचे। इस कार्यक्रम की सूचना बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास मदन राय, मुख्य जिला आयुक्त सह पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी सूर्यदेव पासवान को दी गई और सभी ने सभी स्काउट और गाइड यूनिट लीडर को शुभकामना एवं धन्यवाद दिए। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक और स्काउटिंग/गाइडिंग विषयों पर प्रदर्शन और फूड प्लाजा शामिल हैं जिसमें वर्दी, पारंपरिक वेशभूषा और प्रदर्शनियों के लिए सामग्री शामिल है। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड बुद्धमार्ग पटना के तरफ से रोहतास जिला को कोटा मिला हुआ है जिसमें 24 स्काउट और गाइड यूनिट लीडर भाग लेंगे। इस शिविर में रामदुलारी गंगा उच्च विद्यालय चेनारी से आदर्श कुमार, आर्यन कुमार, आशुतोष तिवारी, श्री दुर्गा उच्च विद्यालय शिवसागर से पीयूष कुमार, गुलाम मोहम्मद, सुरभि कुमारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनहर, शिवसागर से, साहस कुमार, अनु कुमारी, शीतल कुमारी, रोशनी कुमारी, काजल कुमारी, श्री आत्म स्वामी विवेकानंद महाराज जी प्लस टू विद्यालय रेड़िया, चेनारी से दीपरानी राज नंदनी तिवारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खालसापुर दिनारा से अभिषेक कुमार अंजली कुमारी, स्वतंत्र दल से पिंशु तिवारी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलवैयां दिनारा से अमित कुमार सिंह और अफजल, डीएवी सेमरा बिक्रमगंज से अर्पित कुमार सिंह, अमन कुमार, कुमार श्रेयास, चंदन पटेल, विपुल कुमार सिंह, स्वतंत्र दल से पिंशु तिवारी भाग लेकर सुरक्षित अपने घर पहुंच गए।



## नलकूप, कुएं, तालाब, झील, झरना और पोखर का आकलन ऑनलाइन मोड में होगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले में सातवीं लघु सिंचाई गणना एवं जल निकाय गणना का जिलास्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के तत्वावधान में जिला सांख्यिकी कार्यालय में सातवीं लघु सिंचाई गणना का जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग की ओर से प्रत्येक पांच वर्ष पर लघु सिंचाई गणना करायी जाती है। इस गणना में लघु सिंचाई योजनाओं (सतही जल, भू जल एवं जल निकाय) जैसे नलकूप, कुएं, तालाब, झील, झरना एवं पोखर की गणना की जायेगी। गणना की प्रक्रिया इस बार विभाग द्वारा विकसित मोबाइल एप के माध्यम से पूरी तरह ऑनलाइन मोड में होगी। पिछली गणना छठी लघु सिंचाई गणना वर्ष 2017-18 में की गयी थी। गणना कार्य में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तथा शहरी क्षेत्रों के लिए संबंधित नगर कार्यपालक पदाधिकारी को चार्ज पदाधिकारी नामित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग रघुराई कुमार तथा सभी सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी एवं प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भी उपलब्ध रहे।

# कैमूर प्रशासन के विरोध में किसान एकजुट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिले में किसानों की खड़ी धान की फसल रौंदने के विरोध में किसान एकजुट हुए। किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के नेतृत्व में बैठक किया। रविवार को राधे कृष्णा पैलेस अखलाशपुर भभुआ में किसानों ने बैठक कर कई अहम फैसले लिए। बैठक की अध्यक्षता विमलेश पांडेय जिलाध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर एवं अभिमन्यु सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन कैमूर ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से किसानों की खड़ी धान की फसल रौंदने की निंदा की गई। बैठक में रामपुर, भगवानपुर, भभुआ चैनपुर एवं चांद प्रखंड के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक में किसानों ने उचित मुआवजा की मांग के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 25 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के घेराव को सफल माना गया। घेराव में गए कैमूर के सैकड़ों किसानों को धन्यवाद दिया गया। किसानों के घेराव एवं मुख्य सचिव से हुई सकारात्मक वार्ता जानकारी देते हुए पशुपति नाथ सिंह महासचिव किसान संघर्ष मोर्चा ने कहा भारत माला परियोजना बनारस रांची टू कोलकाता एक्सप्रेस-वे के लिए दुना दिया गए मुआवजा में गुणात्मक बढ़ोत्तरी नहीं किया है। उन्होंने कहा सर्किल रेट 2013 से बढ़ाये गए प्रति वर्ष 10 प्रतिशत में गुणांक बढ़ोत्तरी होता तो किसानों को दुगुना के बजाय ढाई से तीन गुणा मुआवजा में बढ़ोतरी हुई होती। पशुपति नाथ सिंह ने कहा मुख्यसचिव ने इसे माना और बढ़ाए जाने पर सहमत हुए। उन्होंने ने कहा भूमि की वर्गीकरण सही ढंग से किया जाने मांग किया। मांग पर मुख्य सचिव ने सहमति जताई। किसानों में हौसला बढ़ाते हुए विमलेश पांडेय जिलाध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने कैमूर प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा फसल रौंदने का प्रयास किया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कैमूर के किसान एकजुट हैं और लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा किसानों को मुआवजा की एक-एक पाई जोड़कर भुगतान करे। उन्होंने कहा तब कंपनी धान फसल कटने के बाद काम लगावे। जिलाध्यक्ष ने औद्योगिक गलियारे के लिए सैकड़ों एकड़ भूमि अधिग्रहण की निंदा की। अनिल सिंह सचिव किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने कहा किसानों के आंदोलन की वजह से किसानों का धान की फसल की बच पाई है। उन्होंने कहा कैमूर जिले के किसान एकजुट नहीं होंगे तो धीरे-धीरे सरकार सभी जमीन वापस ले लेगी। बैठक को रवि शंकर सिंह उपाध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर भुपेंद्र सिंह टुनटुन सिंह तिलेश्वर दुबे मंशा सिंह महेंद्र कुमार छोटेलाल खरवार चंद्रजीत यादव संजय जायसवाल आदि लोगों ने संबोधित किया।



## छात्रों का दल परिभ्रमण के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय गोवर्धनपुर के छात्रों का दल रविवार को परिभ्रमण के लिए रवाना हुआ जिसमें 40 छात्र-छात्रा व शिक्षक शामिल थे। प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं का दल परिभ्रमण के लिए बोधगया और गया जी के लिए रवाना हुआ जिसमें छात्रों को ऐतिहासिक व पौराणिक स्थलों को देखने का मौका मिलेगा जिससे बच्चों को उसके महत्ता के बारे में जानने और समझने में आसानी होगी। बच्चों के साथ परिभ्रमण में शिक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, सूर्यकान्त निराला, दीक्षा कुमार, सुनीता विश्वास, संतोष कुमार आदि शिक्षक छात्रों के साथ परिभ्रमण पर रवाना हुए।

## यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** कोचस चौक पर उत्तर प्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री अजय राय का भव्य स्वागत कांग्रेस व महागठबंधन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने रविवार को की। इस मौके पर कार्यकर्ता पुष्पमाला व गाजे बाजे के साथ महागठबंधन के कार्यकर्ता चौक पर मौजूद थे। जैसे ही अजय राय का काफिला कोचस पहुंचा कार्यकर्ता झंडा बैनरों के साथ महागठबंधन के समर्थन में नारेबाजी करते हुए गाजे-बाजे के साथ फूल मालाओं से लाद कर उन्हें वाहन से नीचे उतरने का आग्रह किया। श्री राय ने कार्यकर्ताओं को निराश नहीं करते हुए नीचे उतरे तथा चौक स्थित राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन की। श्री राय वाराणसी से राष्ट्रीय राज मार्ग से होते हुए पटना प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी व तेजस्वी के द्वारा मताधिकार अधिकार पदयात्रा में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में चौक पर महागठबंधन के उत्साहित कार्यकर्ताओं ने बिहार प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट अनिल कुमार राय के नेतृत्व में स्वागत की। प्रधानमंत्री के साथ चुनावी प्रतिद्वंदी से चर्चित श्री राय को देखने सुनने को लेकर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर मुख्य रूप से रवींद्र पाठक, प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट डॉ मुन्ना कुमार पासवान, रोहतास जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र दुबे, रोहतास जिला राजद जिला महासचिव राम प्रदेश सिंह कुशवाहा, खेदन सिंह, उमाशंकर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रभाकर, अरविंद यादव, विनोद साह, भुनेश्वर पहलवान, संजय दुबे, रामयश तिवारी, चंदन पाल, शंभू यादव, पिंटू खान, संजय राम, सुशील यादव, सुनील सिंह, लल्लू पासवान, आशिक अंसारी, राम आशीष राम आदि थे।



# 20 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 20 आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, विविध, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 23 लीटर देशी व 22 लीटर अंग्रेजी शराब, एक बाइक, एक स्कूटी, एक देशी कट्टा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 46 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## सोने की चेन की चोरी

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में टेंपो सवार बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर पार्वती देवी के गले से अज्ञात महिला अपराधियों ने उसके गले से सोने की चेन की चोरी कर ली।

## केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की आमसभा एवं चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन (जिला संगठन) सासराम रोहतास के सत्र-2025-28 का आम सभा सह चुनाव स्थानीय नाइट क्वीन बैजला में सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष रामाशंकर प्रसाद गुप्ता, मेसर्स महामाया मेडिकल एजेन्सी सासाराम, सचिव राजेश्वर सिंह मेसर्स कमल मेडिकल हॉल सासाराम, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर श्रीवास्तव मेसर्स कमल मेडिकल एजेन्सी सासाराम, उपाध्यक्ष विद्या गांधी मेसर्स एडवेट फार्मा कोचस, उपसचिव विकाश कुमार मेसर्स के0मी0 मेडिकल एजेन्सी नोखा, संगठन सचिव शशि शेखर सिंह मेसर्स रानी मेडिकल हॉल सासाराम निर्वाचित घोषित किये गये। साथ ही संजय कुमार गुप्ता मेसर्स न्यू शिवदेवी मेडिको सासाराम को संगठन का जिला संयोजक एवं कमलेश कुमार सिन्हा मेसर्स के0 के0 मेडिकल एजेन्सी सासाराम को संगठन के लिगल सेल का चेयरमैन मनोनत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवेदिता सिंह सदस्य बिहार विधान परिषद् एवं राजेश कुमार गुप्ता विधायक सासाराम विधान सभा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बी0सी0डी0ए0 के अध्यक्ष परसन कुमार सिंह, महासचिव प्रभाकर कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, संगठन सचिव सत्येन्द्र सिंह, बी0सी0डी0 ए0 सेन्ट्रल वेस्ट जोन के उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, संयुक्त सचिव कमलेश कुमार सिन्हा एवं संगठन सचिव लक्ष्मण प्रसाद केशरी मौजूद थे।

## चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के देवडिही गांव से पुलिस ने चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया जिसका नाम मिथुन कुमार बिंद बताया गया। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर उसके गांव से ही गिरफ्तार किया गया। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर में चालक घायल, रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के सकरी मोड़ के पास फोरलेन सड़क पर शनिवार की आधी रात को दो ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घटना में एक ट्रक का चालक बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कुदरा पुलिस व एनएचएआई की टीम ने घायल को ट्रक से बाहर निकालकर इलाज के लिए कुदरा सरकारी अस्पताल भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हाइयर सेंटर भेज दिया। घायल चालक राहुल कुमार बैशाली जिला के रानीपोखर का निवासी है। घटना के बाद कुछ देर के लिए फोरलेन सड़क के एक लेन में जाम लग गया। हालांकि एनएचएआई व कुदरा पुलिस ने ट्रक को सड़क से हटाकर जाम छुड़ाया जिसके बाद वाहनों का परिचालन शुरू हुआ।

# राहुल- तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा नहीं, सनातन अपमान यात्रा है : रामकृपाल यादव




**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा परिसदन में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव रहे। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने भी प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया । रामकृपाल यादव ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश और बिहार को 2047 तक विकसित बनाने के लिए संकल्पित हैं। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। वोटर अधिकार यात्रा में दरभंगा में प्रधानमंत्री की दिवंगत मां को गाली दी गई। यह देश के हर मां का अपमान है। बिहार शर्मसार हुआ है। इंडिया गठबंधन ने राजनीतिक नीचता की सारी हदें पर दी हैं। अभी तक राहुल तेजस्वी ने माफी तो दूर खेद तक नहीं जताया है। सीता मईया की धरती पर सनातन को गाली देने वालों को बुलाकर बिहार का अपमान कर रहे हैं राहुल और तेजस्वी। मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे ने सनातन को डेंगू ओर कोरोना बताया था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बिहारियों का अपमान किया था। राहुल और तेजस्वी ऐसे लोगों को बिहार में घुमाकर बिहारी अस्मिता को गाली दे रहे हैं। ये वोटर अधिकार यात्रा नहीं है, बल्कि सनातन अपमान यात्रा, बिहारी अपमान यात्रा है। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के आड़ में परिवार और घुसपैठियों को अधिकार दिलाने के लिए यात्रा चल रही है। राहुल तेजस्वी से जनता पूछ रही है क्या मृतकों के नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटने चाहिए? जिनका नाम कई जगहों पर है, क्या उनका नाम सिर्फ एक हीं जगह नहीं होना चाहिए? जो बिहार छोड़ कर दूसरे राज्यों के वोटर हो गए हैं क्या उनका नाम बिहार के वोटर लिस्ट में भी रहना चाहिए? क्या घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट में होनी चाहिए? लेकिन ये लोग जवाब नहीं दे रहे है बल्कि थेथर लॉजी कर रहे हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों के जिला अध्यक्षों को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट दे दिया है। चुनाव आयोग रोज बुलेटिन निकाल रहा है कि किन किन राजनीतिक पार्टियों के बीएलए ने ड्राफ्ट रोल में कितनी आपत्ति दर्ज कराई। सिर्फ माले ने केवल 103 शिकायत दर्ज करवाई है। बाकी किसी पार्टी ने कोई भी आपत्ति दर्ज नहीं कराया है। इसका मतलब है कि कोई गड़बड़ी नहीं है। वस्तुतः राहुल और तेजस्वी बिहार में अपने संभावित हार को देखते हुए चुनाव से पहले चुनाव आयोग को बलि का बकरा बनाना चाहते हैं। यही बिहार कभी बूथ कैप्चरिंग और रक्त रंजित चुनाव के लिए बदनाम था। आज तो पंचायत से लेकर विधान सभा और लोकसभा का चुनाव ईवीएम से हो रहा है। सोशल मीडिया के जमाने में कहीं कोई गड़बड़ी छिपती है क्या? चुनावी प्रक्रिया के हर कदम पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी होती है। हर प्रक्रिया उनके प्रतिनिधियों के सामने होता है। तो फिर राहुल तेजस्वी बतायें कि वोट चोरी कैसे हुआ। क्या वो ये कहना चाहते हैं किं उनके कार्यकर्ता चोर है और जनता चोर है। लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। कोई हारता है तो कोई जीतता है। ये कैसी राजनीति कर रहे हैं राहुल गांधी अगर जीत गए तो बब्बर शेर और हार गए तो ईवीएम हैक और वोट चोरी। राहुल गांधी अराजक राजनीति के प्रतीक बन गए हैं। नेता प्रतिपक्ष के संवैधानिक पद पर बैठकर संवैधानिक संस्थाओं और भारतीय लोकतंत्र पर लगातार प्रहार कर रहे हैं। जिसको अपने देश के मतदाता पर भरोसा ना हो, संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा ना हो जिसे देश के गौरवशाली लोकतंत्र पर भरोसा ना हो, ऐसे व्यक्ति को आप क्या कहेंगें। क्या राहुल गांधी विदेशी ताकतों के गोद में बैठे ? ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश के सभी पक्ष और विपक्ष के नेता ने विश्व में जाकर एक मत से भारत का पक्ष रखा। यही भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। लेकिन राहुल गांधी कभी भी देश के अंदर या देश के बाहर भारत के उपलब्धियों के साथ खड़ा नहीं होते हैं। ट्रंप ने भारत के इकोनॉमी डेड इकोनॉमी कहा तो राहुल गांधी ने भी डेड इकोनॉमी कह दिया। जबकि भारत विश्व की चौथी सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। लालू यादव के साथ रहा हूं। उन्होंने कभी भी कांग्रेस के चरणों में अपना पगड़ी नहीं रखी। परन्तु उनका बेटा तो राहुल गांधी का ड्राइवर बना घूम रहा है। लालू यादव के पिच पर राहुल बैटिंग कर रहे हैं और तेजस्वी ताली बजा रहे हैं। लालू यादव के समर्थकों से अनुरोध करना चाहता हूं जिस तरह से सोना के चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल गांधी ने कांग्रेस का बुरा हाल किया है वहीं हाल राजद का होगा। इसलिए जहाज डूबने वाला है जो समझदार और दूरदर्शी है वो एनडीए के तरफ आ जाएं। यहां विकास भी मिलेगा और सम्मान भी मिलेगा। इस अवसर पर मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक रणधीर यादव, जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, मुकेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अजित शंकर, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो, शिवरानी केशरी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रौशन आर्या,कार्यलय सह मंत्री राहुल चन्द्रवंशी उपस्थित थे ।

# नवादा में हलवाई समाज का प्रदेश स्तरीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर में रविवार को हलवाई महासभा बिहार प्रदेश द्वारा प्रदेश स्तरीय गणपति महोत्सव एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना से हुई। इसके पश्चात आगत अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित किया। हलवाई महासभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक, समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं महिला पदाधिकारियों का शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से 'समाज को आगे बढ़ाने के लिए क्या किया जा सकता है', पर राय ली गई। समाज में बढ़ती उम्र में लड़के-लड़कियों की शादी को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। इस विषय पर भी विचार किया गया कि किस तरह से समाज के बच्चे उच्च शिक्षा हासिल करें और उनकी शादी भी समय पर हो। समाज में वैवाहिक कार्यक्रम को सुलभ बनाने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में युवक-युवतियों ने अपना-अपना परिचय दिया एवं अपने विचार व्यक्त किए। वहीं विभिन्न क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश चायल के पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रेरणादायी कार्य के लिए हलवाई समाज बिहार के लोग बधाई के पात्र हैं। इस तरह के आयोजन से समाज में एक नई विचारधारा का प्रवाह होगा। वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज के समय की जरूरत है। ऐसे आयोजन के माध्यम से जहां मनपंसद रिश्ता मिलने में आसानी हो जाती है, वहीं दहेज प्रथा जैसी बीमारी को रोकने में भी मदद मिलती है। एमवीएमएस महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋचा योगमयी ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में विवाह एक पवित्र संस्कार और सात जन्मों का साथ होता है। ऐसे आयोजनों से दो परिवारों को शादी संबंध स्थापित करने में काफी सहूलियत होती है। हलवाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित होने से समाज को अपने बच्चों के रिश्ते तय करने में आसानी होती है। हलवाई महासभा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य योग्य युवक-युवतियों का परिचय करवाना, समाज में रिश्तों के संजाल को मजबूत करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को एक मजबूत वैवाहिक मंच उपलब्ध कराना है। नगर पंचायत वारिसलीगंज की अध्यक्ष रेखा देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। ऐसे आयोजन से समाज को गति मिलती है। इसके अलावा समाज की सबसे बड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता शिक्षा है, जो कि अवश्य होना चाहिए। झारखंड मुक्ति मोर्चा सेंट्रल कमेटी के पूर्व सदस्य सह पलामू जिला हलवाई समाज जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने समाज को संगठित एवं सशक्त कर राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने पर ही हलवाई समाज को सत्ता में जगह मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यदेव प्रसाद गुप्ता एवं मंच संचालन मुकुल मोहन गुप्ता ने किया। मौके पर कोषाध्यक्ष रीतेश कुमार, गया जी कान्यकुब्ज हलवाई महासभा के अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, सचिव मनोज गुप्ता, बगहा के अध्यक्ष रविकिरण गुप्ता, रफीगंज संगीता गुप्ता, अंजनी कुमार गुप्ता, उत्तम गुप्ता, सुनील चंद्रा, पप्पू गुप्ता, सीता देवी, सतीश कुमार मगहिया, रणविजय कुमार, दिलीप राज गुप्ता तिलौथू समेत दर्जनों लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा चुनाव को लेकर मंडल स्तरीय कार्यकर्ता की बैठक

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवादा विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर मंडल स्तरीय कार्यकताओं की बैठक शुरू हो गई है रविवार को हुई इस बैठक की अध्यक्षता राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बैठक नवादा विधानसभा प्रभारी विनोद कुमार भोली जी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अफसाना खातून , निवर्तमान अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अबू सलाम वारसी, नगर महामंत्री रजनीश रंजन पांडेय, ईश्वरी सिंह चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह , विनीता पंडित , मंत्री संजीव कुमार पप्पू , सदस्य विजय पंडित , अकील मलिक, सुमैया अहमद , नदीम अंसारी , अल्ताफ, जेशन , नवाज आलम आदि उपस्थित थे।



### पौधा रोपण कर रोटरी सदस्यों ने लोगों को दी पर्यावरण जागरूकता की नसीहत

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ नवादा की ओर से रविवार को शहर के जीवनदीप पब्लिक स्कूल के मैदान में 50 से अधिक फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। जिसकी देखरेख की जिम्मेवारी रोटेरियन एकलव्य भगत के द्वारा लिया गया। रोटरी क्लब ऑफ नवादा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की देखरेख में सदस्यों की ओर से कई फलदार और छायादार वृक्ष लगाए गए। इनमें आम , शरीफा, जामुन, अमरूद, गुलमोहर सहित कई पौधे शामिल हैं । पौधे की देखरेख करने के लिए जीवनदीप पब्लिक स्कूल के डॉ एकलव्य भगत ने जिम्मेवारी ली । पौधा रोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सदस्य डॉ उर्मिला भगत एवं रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रो नवीन कुमार सिन्हा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान में पूर्व असिस्टेंट गवर्नर डॉ आरपी साहू ने कहा कि पौधे फलदार के साथ-साथ छायादार भी होना चाहिए ताकि गर्मी के दिनों में लोगों को इसके नीचे राहत मिल सके। इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर नवीन कुमार सिन्हा ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से ही समाज सेवा एवं सामाजिक कार्यों में आगे बढ़-चढ़कर भाग लेती है । कार्यक्रम के दौरान कई सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की जिसमें मुख्य रूप से रो डॉ पंकज कुमार सिन्हा, रोटरी क्लब के सचिव आदित्य कुमार, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनिल भगत, रोटेरियन ऋषि कुमार सिन्हा, रोटेरियन शैलेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे ।




### स्थान्तरित एमओ का विदाई सह सम्मान कार्यक्रम

**नारदीगंज/नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मैरिज हाल में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुई। इस अवसर पर नारदीगंज प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित एमओ रवि रंजन कुमार को स्थानांतरित के उपरांत सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष प्रो . उपेन्द्र नारायण सिंह व संचालन संजीव कुमार ने की। इस अवसर पर उपस्थित जन वितरण प्रणाली बिक्रेताओं ने स्थान्तरित एमओ रवि रंजन को पुष्पमाला, अंग वस्त्र समेत अन्य सामग्री को देकर सम्मानित करते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। लोगों ने स्थान्तरित एमओ के कार्यो को काफी सराहना की। इस दौरान स्थान्तरित एमओ ने कहा आपसभी का काफी स्नेह, प्यार व सहयोग मिला है। जो जीवन में सदा अविस्मरणीय रहेगा। मौके पर डीलर संजीत कुमार उर्फ भोली,पंकज कुमार, शंकर प्रसाद, रामाधीन चौहान,आदित्य कुमार,कुनकुनी, पवन कुमार, मनोज कुमार यादव,वीरेन्द्र कुमार,श्रवण मांझी,रामजतन सिंह बाल्मीकि यादव समेत अन्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।



### खेल दिवस के अवसर पर रस्साकशी व अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार खेल दिवस के अवसर पर इंटर विद्यालय नारदीगंज के खेल मैदान, में शनिवार को रस्साकशी व अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इसमें विभिन्न स्कूलों की छात्र-छात्राओं की टीमों के साथ स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। लड़कों और लड़कियों की अलग-अलग टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को प्रभावित किया। विजेता टीम को टाफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लेखापाल संजीव रंजन, प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्णकांत ईचा गुड्ड, शारीरिक शिक्षिका सिमरन सिंहा समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को हरनौत थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान किचनी गांव निवासी पिंटू पासवान, पिता राजेश्वर पासवान के रूप में की गई है. बताया जाता है कि शनिवार को रेल कोच फैक्ट्री के पास दो बाइक आपस में टकरा गई थी. इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को कल्याणबिगहा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. इनमें से एक युवक का इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है, जबकि पिंटू पासवान की मौत इलाज के दौरान हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक सवार तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर आ रहे थे, जिसके कारण जोरदार टक्कर हुई. हादसा इतना भयंकर था कि दोनों बाइकों के परखचे उड़ गए. किसी का पहिया टूट गया तो किसी का एक्सल. सड़क पर ही घायलों का खून बुरी तरह फैल गया था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर थाने ले गई. थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है.

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य, 2025 के अंतर्गत नवादा में आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक




**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2025 के अंतर्गत समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में बैठक आयोजित की गई। बैठक आयुक्त सह निर्वाचक सूची प्रेक्षक, मगध प्रमंडल, गया के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला निवार्ची पदाधिकारी द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2025 की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नवादा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 01 जुलाई 2025 की पात्रता तिथि के आधार पर किया गया है। इसके अंतर्गत सभी योग्य मतदाताओं का नाम दर्ज करने, दावे-आपत्ति प्राप्त करने तथा नामावली में शुद्धता लाने हेतु कार्यक्रम संचालित है। इस अवसर पर निवार्ची पदाधिकारी ने जिले के पाँचों विधानसभा क्षेत्रों झ्र 235-रजौली (अ.जा.), 236-हिसुआ, 237-नवादा, 238-गोविंदपुर एवं 239-वारिसलीगंज के अंतर्गत बनाए गए मतदान केंद्रों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, बी.एल.ओ. की संख्या तथा प्राप्त प्रपत्रों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 1798 मतदान केंद्र थे, जिनका युक्तिकरण करते हुए 371 नए केंद्र बनाए गए हैं और वर्तमान में कुल 2169 मतदान केंद्र कार्यरत हैं। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी गई, जिसमें निर्वाचन प्रपत्रों का वितरण, संकलन, प्रशिक्षण, दावे-आपत्ति की प्रक्रिया, नामावली का प्रारूप प्रकाशन, दावा-आपत्ति निष्पादन तथा 30 सितम्बर 2025 को अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही सम्मिलित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नवादा जिले में अब तक निर्वाचक पंजीकरण प्रपत्रों के संकलन, दस्तावेज अपलोड में 99.7 प्रतिशत दस्तावेजों का संकलन पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही जिले में 01 अगस्त 2025 से 27 अगस्त 2025 तक 10,706 फॉर्म-6 जमा हुए हैं, जिनमें 2,898 फॉर्म निष्पादित किए गए। 2,243 फॉर्म-7 जमा हुए, जिनमें 251 फॉर्म निष्पादित किए गए एवं 7,557 फॉर्म-8 जमा हुए, जिनमें 1,950 फॉर्म निष्पादित किए गए। कुल 20,506 फॉर्म जमा हुए, जिनमें से 5,099 फॉर्म निष्पादित किए गए। शेष बचे आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु त्रझ्१-9, 10, 11 आदि की प्रतियाँ सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई हैं। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मगध प्रमंडल, गया राजीव कुमार, अपर समाहर्ता सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी हिसुआ अनिल कुमार तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नवादा अमित अनुराग, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रजौली, भूमि उप सुधार उपसमाहर्ता सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वारिसलीगंज गौरव शंकर, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान एवं सभी राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधिगण सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार विधान सभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी : भाजपा

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परिसदन में भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता आयोजित किया गया जिसमें वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव एवं वन , पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार रहे। प्रेस वार्ता करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश और बिहार को 2047 तक विकसित बनाने के लिए संकल्पित हैं। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। वोट अधिकार यात्रा में दरभंगा में प्रधानमंत्री की दिवंगत मां को गाली दी गई। यह देश के हर मां का अपमान है। बिहार शर्मसार हुआ है। इंडिया गठबंधन ने राजनीतिक नीचता की सारी हदें पर दी हैं। अभी तक राहुल तेजस्वी ने माफी तो दूर खेद तक नहीं जताया है। सीता मईया की धरती पर सनातन को गाली देने वालों को बुलाकर बिहार का अपमान कर रहे हैं राहुल और तेजस्वी। मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे ने कहा था कि सनातन को डेंगू ओर कोरोना बताया था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बिहारियों का अपमान किया था। राहुल और तेजस्वी ऐसे लोगों को बिहार में घुमाकर बिहारी अस्मिता को गाली दे रहे हैं। ये वोट अधिकार अधिकार यात्रा नहीं है बल्कि सनातन अपमान यात्रा, बिहारी अपमान यात्रा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश के सभी पक्ष और विपक्ष के नेता ने विश्व में जाकर एक मत से भारत का पक्ष रखा। यही भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। लेकिन राहुल गांधी कभी भी देश के अंदर या देश के बाहर भारत के उपलब्धियों के साथ खड़ा नहीं होते हैं। इस अवसर पर मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक रणधीर यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, अरविंद पटेल, डा अशुतोष कुमार,जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, राजू महरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, रीना कुमारी ,धीरेन्द्र रंजन, सोनू कुमार हिंदू, अमित शान ,धीरज पाठक, ललन कुमार, रजनीश कुमार, आजाद कुमार ,रौशन कुमार यादव, मुरली मनोहर,राजीव कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जैन धर्मावलंबियों ने लिया तृष्णारहित संतोष को आत्मसात करने का संकल्प

## पर्वराज पर्युषण के चौथे दिन जैनियों ने की उत्तम शौच धर्म की आराधना

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आत्मशुद्धि का दस दिवसीय महापर्व पर्युषण के चौथे दिन जैन धर्मावलंबियों ने दशलक्षण धर्म के चतुर्थ स्वरूप उत्तम शौच धर्म की विशेष पूजा-अर्चना करते हुये अपने जीवन में तृष्णाराहित संतोष को अंगीकार करने का संकल्प लिया। रविवार को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर के मुख्य शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण स्थली नवादा स्थित श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर चौथे दिन के धार्मिक अनुष्ठान का विशेष आयोजन हुआ। जैनियों ने सर्वप्रथम वीतराग प्रभु का अभिषेक एवं शांति धारा कर विश्वशांति के साथ ही प्राणिमात्र के कल्याण की मंगलकामना की। दीपक जैन ने बताया कि देव शास्त्र गुरू एवं तीर्थंकरों की दैनिक पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं ने दशलक्षण धर्म पूजन के साथ ही धर्म के चतुर्थ स्वरूप उत्तम शौच धर्म की श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विशेष आराधना की एवं अपने जीवन में तृष्णाराहित संतोष को अंगीकार करने का संकल्प लिया। इस धार्मिक आयोजन में जैन समाज की लक्ष्मी जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन, खुशबू जैन, अभिषेक जैन, सोनू जैन, आकाश जैन आदि सामाजिक प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उत्तम शौच धर्म पर प्रकाश डालते हुये दीपक जैन ने बताया कि यह धर्म वाह्य सफाई से परे आंतरिक विचारों, आचरण एवं भावनाओं में निर्मलता लाने पर बल देता है। उन्होंने कहा कि समस्त पाप का बाप लोभ है। लोभ-लालच व आवश्यकता से अधिक की आकांक्षा के कारण ही व्यक्ति में आसक्ति, तृष्णा एवं अतृप्ति की भावना पनपती है, जो कि व्यक्ति की मानसिकता को कुपित कर उसे गर्त में धकेलने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं व आकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाने में समर्थ हो जाता है, वही संतोष पद को प्राप्त कर आत्मिक सुख को ग्रहण करता है। क्योंकि कहा भी गया है कि संतोषी सदा सुखी होता है। दीपक जैन ने बताया कि लोभ-लालच को तिलांजलि दे संतोष पथ पर अग्रसर होना ही उत्तम शौच धर्म है।



# राजगीर में उत्कृष्ट शिक्षक सेवा सम्मान की तैयारी को लेकर बैठक

### पहली बार 400 शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्कृष्ट शिक्षक सेवा सम्मान 2025 के अयोजक मण्डल की बैठक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विहारशरीफ में आयोजित गई। जिसमें आयोजक मण्डल के सभी सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें कार्यक्रम से संबंधित सभी पहलुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के सह संयोजक भारतेन्द्र कुमार ने कहा कि सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिले भर में यह कार्यक्रम एक मिशाल होगा क्योंकि ज्ञान एवं ध्यान की धरती पर पहला ऐसा शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन होगा। जिसमें नालंदा एवं नवादा जिले के चार सौ से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विहार विद्यान परिषद के सदस्य सह अध्यक्ष प्रो० डॉ० नवल किशोर भादव होगें।



# 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के तहत डॉजबॉल मैच का शुभारंभ

## सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया शुभारंभ




**बिहारशरीफ / पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा नालंदा के बिहारशरीफ स्थित श्रम कल्याण के मैदान में 'विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल' विषय पर 5 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान के तहत दूसरे दिन के मुख्य अतिथि माननीय सांसद कोशलेंद्र कुमार और सम्मानित अतिथी रग्बी अंतराष्ट्रीय खिलाडी श्वेता शाही उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान सांसद कौशलेंद्र कुमार ने वहां लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है विशेषकर उन योजनाओं की, जिनका लाभ समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंच रहा है। डॉजबॉल प्रतियोगिता में जिले के कई युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में स्वेता शाही स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता टीम को सांसद द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि हर तबका विकास की मुख्यधारा में शामिल हो। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार मिलकर राज्य के विकास को गति देने के लिए सतत कार्य कर रही हैं। मौके पर उपस्थित रहुई पैक्स अध्यक्ष भवानी सिंह ने भी लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारें में लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय रग्बी खिलाड़ी श्वेता शाही ने खेलों इंडिया के तहत चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारें में युवाओं को अवगत कराया साथ ही मेडल लाओ और नौकरी पाओ के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार के नेतृत्व में 'एक पेड़ पर मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

# मुकेश चन्द्र माथुर के गाए गीतों पर तालियां बटोरते रहे नामचीन कलाकार

## -मुकेश चन्द्र माथुर की 49वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम




**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय टाउन हाल में शनिवार की शाम मुकेश चन्द्र माथुर की 49वीं पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम एस्ट्रोलाजर रंजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला व्यवहार न्यायालय के न्यायधीश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत इलाहाबाद की मनीषा निरखी ने गणेश वंदना से की। इसके बाद दिल्ली, इलाहाबाद, सूरत, कोलकाता, पटना से आए नामचीन कलाकारों ने मुकेश की गाई हुई गीतों को अपनी स्वर लहरी से प्रेक्षागृह में खचाखच बैठे स्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजक रंजीत कुमार सिन्हा ने के हम तुम चोरी से बंधे एक डोरी से मनीषा निरखी के साथ ड्यूट सांग गाकर लोगों की खूब तालियां बटोरी। इसके बाद डा रामेश्वर और रीनाश्री से युगल गीत फूल तुम्हें भेजा है खत में, संजय सिन्हा व मनीषा निरखी ने मुझे तेरी मोहब्बत का सहारा मिल गया होता की जैसे तान छेड़ी लोग अपने कुर्सी से उठ कर कलाकारों का पूरजोर अभिवादन किया। जैसे-जैसे समय बीतता गया बाहर से आए व स्थानीय कलाकारों ने मुकेश साहब की दिल छू जाने वाली गीतों को गाकर उनकी यादें ताजा कर दिए। कार्यक्रम में आए लोगों ने कलाकारों के गाए गीतों पर देर रात तक डटे रहे। संजय सिन्हा ने युवा कलाकार अमृतांश के साथ अजुबे इस दुनिया में आठवीं अपनी जोड़ी की युगल गीतों पर लोगों से खूब तालियां बटोरी। इसके बाद सूरत से विपिन चन्दर, दिल्ली से डा रामेश्वर, दिल्ली के पवन त्यागी-अनील अकेला व अशोक कुमार ने मुकेश की कई गीतों की प्रस्तुति दे लोगों को भाव विभोर कर दिया।

# मगध विश्वविद्यालय में बिहार आर्थिक परिषद की शोध पत्रिका का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग में आज बिहार आर्थिक परिषद के 22वें वार्षिक अधिवेशन की शोध पत्रिका और प्रमाणपत्रों का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. आर. एस. जमुआर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रो. जमुआर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में शोध पत्रिका को शोधार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने कहा पत्रिका के आलेख शोधार्थियों की कर्मठता और सुदृढ़ सोच को प्रदर्शित करते हैं जो न केवल उनके लिए बल्कि समाज के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में 22वें अधिवेशन के अध्यक्ष प्रो. विक्रमा सिंह ने बताया कि पिछले 21 वर्षों में कभी भी शोध पत्रिका का वितरण रुका नहीं, लेकिन कुछ अनिश्चितताओं के कारण पिछले वर्ष यह संभव नहीं हो सका था। उन्होंने कहा एक वर्ष बाद भी आप सभी का एकजुट होना प्रशंसनीय है। बिहार आर्थिक परिषद के स्थापित महासचिव प्रो. अनिल कुमार ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताते हुए कहा कि यह समारोह अकादमिक जगत के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने परिषद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंच देश-विदेश के प्रख्यात व्यक्तित्वों को जोड़ता है और प्रत्येक वर्ष समसामयिक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करता है। प्रो. ठाकुर ने यह भी उल्लेख किया कि इंडियन इकोनॉमिक जर्नल यूजीसी केयर लिस्ट की कैटेगरी वन और स्कोपस जर्नल इंडेक्स में शामिल है। कार्यक्रम में परिषद के संस्थापक सदस्यों में से एक और अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. भारत भूषण ने अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए विभाग के सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया। परिषद के सचिव डॉ. राजेश कुमार (श्रम एवं समाज कल्याण विभाग) ने अधिवेशन की तैयारियों में आई चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह कार्य चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद वे अपनी लगन से दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की सहायक अध्यापिका डॉ. कुमारी दीपा रानी, सहायक अध्यापक डॉ. सौरभ कुमार, एस. एन. सिन्हा कॉलेज, वारसलीगंज के डॉ. विनोद कुमार और ओरिएंटल कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तनवीर नाजमी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शोध पत्रिका के विमोचन के बाद शोधार्थियों के बीच पत्रिका और प्रमाणपत्र वितरित किए गए। समारोह में परिषद के समन्वयक डॉ. अविनाश कुमार, समाज कल्याण विभाग के डॉ. पंकज कुमार, डॉ. ऋषि कुंजन, शोधार्थी विकास कुमार शांडिल्य, रणजीत कुमार, शुभम राज, संजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विधानसभा क्षेत्र की जनता की आवाज को बुलंद करेगी मागधी सेना : चित्तरंजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** मागधी सेना के फाउंडर सह वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी चित्तरंजन कुमार उर्फ चिंटू भईया के द्वारा वजीरगंज महाविद्यालय परिसर में रविवार को मागधी सेना के कार्यकर्ताओं का शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायत के मागधी सेना अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह की शुरुआत संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण से हुई जिसके बाद वजीरगंज विधानसभा के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस चर्चा में संगठन विस्तार की रणनीति तय की गई तथा यह स्पष्ट किया गया कि जनता की प्राथमिकताओं और समस्याओं को सर्वोच्च महत्व दिया जाएगा। समारोह के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मागधी सेना के अध्यक्ष सह भावी विधायक प्रत्याशी चितरंजन कुमार ऊर्फ चिन्टू भईया ने कहा कि मागधी सेना का हर कार्यकर्ता वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता की आवाज को बुलंद करेगा। यह संगठन जनता के हक और विकास के मुद्दों पर मजबूती से खड़ा रहेगा। चिन्टू भईया ने आगे कहा कि संगठन की जड़ें गांव-गांव तक मजबूत की जा रही है और जनता की भागीदारी से ही हर समस्या का समाधान किया जाएगा।

# हाईटेक व्यवस्था से पौराणिक परंपरा खंडित न हो : भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में लगने वाला पितृपक्ष मेला सनातन धर्म का अनुपम प्रतीक है और श्रद्धा, विश्वास तथा भक्ति का केंद्र है। इस अवसर पर प्रत्येक पिंडदाता अपने पूर्वजों की परंपरा के अनुसार तीर्थ पुरोहितों से मिलकर आज्ञा लेकर ही विधिपूर्वक पिंडदान और अन्य अनुष्ठान संपन्न करता है। भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की ऐसी मान्यता है। पितृसंतोष का वास्तविक फल केवल तब प्राप्त होता है जब अनुष्ठान पवित्र तीर्थस्थली पर जाकर, योग्य पुरोहित के मार्गदर्शन में और पूर्ण श्रद्धा के साथ संपन्न हो। धर्मशास्त्र स्पष्ट करते हैं कि पिंडदान का महत्व केवल रूपकर्म में नहीं, अपितु विधि, भक्ति और पुरोहित के मार्गदर्शन में संपूर्ण कर्म में निहित है। ऑनलाइन पिंडदान केवल सूचनात्मक रूप है और इसमें पितृसंतोष या आध्यात्मिक फल की प्राप्ति असम्भव है। तकनीकी माध्यम से अनुष्ठान करना धर्म, कर्मकाण्ड और परंपरा के मूल सिद्धांतों के सर्वथा विरुद्ध है। विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विवेकानंद मिश्र के अनुसार धर्म का सार श्रद्धा, भक्ति और कर्म में है। ऑनलाइन पिंडदान केवल बाह्य रूप दिखाता है और इसमें पूर्वजों की सेवा और संतोष का भाव नहीं होता। आचार्य सच्चिदानंद मिश्र (नैकी) मानते हैं कि पितृसंतोष का वास्तविक फल विधिपूर्वक पवित्र तीर्थस्थली पर जाकर ही प्राप्त होता है और तकनीकी माध्यम इसे कभी पूर्ण नहीं कर सकता। राधामोहन मिश्र माधव कहते हैं कि कर्मकाण्ड की पूर्णता बिना भक्ति, बिना विधि और बिना पुरोहित के असम्भव है। ऑनलाइन पिंडदान केवल रूपांतरण है और वास्तविकता नहीं। भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा इस दृष्टि से दृढ़ता से प्रतिपादित करती है कि ऑनलाइन पिंडदान शास्त्रविरोधी और धर्मविरोधी है। गया जी नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन से अनुरोध है कि वे पौराणिक परंपराओं का सम्मान करते हुए श्रद्धालुओं के लिए केवल पारंपरिक पद्धति के अनुसार पिंडदान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही हम राज्य सरकार और केंद्र सरकार से प्रार्थना करते हैं कि चाहे वे पितृपक्ष के समय सत्ता पक्ष हों या विपक्ष, वे सभी संबंधित विभागों को निर्देश दें कि हिन्दू धार्मिक परंपराओं और श्रद्धालुओं की भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाए। प्रशासन को आदेश दें कि ऑनलाइन पिंडदान जैसी पद्धतियां समाप्त की जाएं और पारंपरिक विधिपूर्वक पिंडदान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वामी सुमन गिरी ने कहा सनातन धर्म के अनुसार पितृसंतोष और पूर्वजों की परंपरा का पालन प्रत्येक धर्मनिष्ठ ब्राह्मण का परम कर्तव्य है। इसे त्यागना या तकनीकी माध्यम से पूर्ण करना सनातन धर्म की आत्मा के विरुद्ध है। इसका जिन्होंने विरोध किया उनमें आचार्य अरुण मिश्रा मधुप, रंजीत पाठक, संदीप मिश्रा, सुमन भारती, पंडित अजय मिश्रा, डॉक्टर कैप्टन अशोक कुमार झा, डॉक्टर बी एन पांडे, शिवचरण बाबू डालमिया, डॉक्टर नंदकिशोर गुप्ता, डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज, डॉक्टर दिनेश सिंह, पवन मिश्रा, बृजेश राय, नंद दीपक पाठक, चंद्रभूषण मिश्रा, कौशल उपाध्याय, विक्रम मिश्रा, रूबी यादव, महेश मिश्रा, आचार्य सुनील मिश्रा, अमरनाथ पांडे, राजीव नयन पांडे, रामानंद मिश्रा, हरिनारायण त्रिपाठी, सत्येंद्र दुबे, मानती देवी, सुनीता देवी, विश्वजीत शंकरी चक्रवर्ती, सुमो देवी, मनीष कुमार,प्रोफ़ेसर गीता पासवान, प्रोफ़ेसर संगीता लक्ष्मी, सोनी मिश्रा, हिमांशु शेखर मिश्रा, ऋषिकेश शंभू गुर्दा, सुनील कुमार, उषा ज्योति मिश्रा, शैलेश सिंह, शंभू गिरी, राजेश त्रिपाठी, नीरज वर्मा आदि उल्लेखनीय हैं।

# गया में लहेरी समाज के वनभोज सह मिलन समारोह में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** गया जिले के माड़नपुर, कपिलधारा स्थित महात्मा गणिनाथ मंदिर प्रांगण में रविवार को लहेरी संघ द्वारा 6वां वनभोज व मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि समाज को संगठित एवं जागरूक बनाना ही ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य होता है। उन्होंने कहा कि चैना माता और कुशला माता जैसे महापुरुषों के विचार समाज को दिशा प्रदान करते हैं। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर शिक्षा, भाईचारे, सहयोग और एकता की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज तभी मजबूत बनता है जब पारस्परिक संवाद और मेल-जोल की परंपरा कायम रहती है। इस प्रकार के मिलन समारोह आपसी एकजुटता और सामाजिक मजबूती के प्रतीक हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक उत्थान से जुड़ी योजनाएं संचालित की जा रही है जिसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को लेना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लहेरी समाज के लोग मौजूद रहे और आपसी सौहार्द व एकता का संदेश दिया। मौके पर संरक्षक नवीन कुमार लहेरी, अध्यक्ष धीरज कुमार लहेरी, महासचिव विनोद प्रसाद लाहकार, कोषाध्यक्ष शंकर लहेरी, संतोष लहेरी, निरंजन लहेरी, राहुल कुमार, मुन्ना कुमार, प्रेमसागरजी, मुन्ना शर्मा, वेद प्रकाश और विनोद पासवान सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# एबीवीपी महानगर इकाई का पुनर्गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गया महानगर इकाई का रविवार को पुनर्गठन किया गया। इस पुनर्गठन में डॉ. सुनील कुमार को गया महानगर अध्यक्ष तथा आदित्य मिश्रा को महानगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही गया के चार नगरों से विशाल दास, अमन शर्मा, दिपांशु पाठक, सुमित शर्मा और ऋषव कुमार को नगर मंत्री बनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका तिवारी, विभाग प्रमुख अविनाश कुमार, विभाग संगठन मंत्री मोहित कुमार एवं विनायक कुमार ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एबीवीपी की कार्यपद्धति, उद्देश्य एवं छात्रहित में संगठन की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी।

# साहित्यकारों ने मगही गीतों से बच्चों को पढ़ाने का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** हिन्दी साहित्यिक मंच की मासिक बैठक में रविवार को रचनाकारों ने बच्चों को निर्भय वातावरण में बच्चों को पढ़ाने का संदेश दिया। वरिष्ठ मंच सदस्य रामचंद्र दास ने बच्चों को विद्यालय में घर का वातावरण देना चाहिये। माता-पिता का दुलार भाई-बहन के प्यार के साथ शिक्षा देने पर बच्चे उसे सुगमता से ग्रहण करते हैं। उन्होंने मगही कविता के माध्यम से कहा कि मास्टर जी के हाथ में छड़ी देखके बच्चा सिहर जा हे, ओकर मन के भाव अंदर ही रह जा हे, खुलके न हस है और न बोल पाव हे, चुप चाप रहके टुकुर-टुकुर ताक हे, सोच है हम कहां चल अइलिय इ त जेलखाना हे--। मंच अध्यक्ष पंकज कुमार ने वर्षा के गीत, कृष्णा सिंह ने गुरू के एवं पमपम कुमार ने अपने पिताजी स्व. जयराम बाबू के मगही गीत गाकर मंच सदस्यों को प्रभावित किया।

# रात के अंधेरे में लगा उद्घाटन बोर्ड, काम शुरू न होने से ग्रामीणों में आक्रोश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती-रफीगंज पथ से कस्तूरीखाप पथ निर्माण कार्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। शनिवार की रात अचानक सड़क किनारे कार्यारंभ का शिलापट्ट लगा दिया गया जबकि मौके पर किसी तरह का कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है। रविवार की सुबह जब ग्रामीणों की नजर इस बोर्ड पर पड़ी तो लोग आक्रोशित हो उठे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह महज दिखावा और कागजी खानापूर्ति है। लंबे समय से सड़क की हालत बदहाल है और विभाग को बार-बार अवगत कराने के बावजूद काम शुरू नहीं किया गया। ग्रामीण राजेश यादव ने कहा कि बरसात के दिनों में इस सड़क से चलना मुश्किल हो जाता है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि केवल कागज पर काम दिखा रहे हैं। वहीं, राजेश कुमार ने आक्रोश जताते हुए कहा कि रातों-रात शिलापट्ट लगाना यह बताता है कि जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। ग्रामवासी अंकित ने कहा कि जब तक वास्तविक काम शुरू नहीं होगा, हम शांत बैठने वाले नहीं हैं।

# मुखिया प्रतिनिधि ने कैंसर पीड़िता को किया रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड अंतर्गत तिनेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह टिकारी राजद जिला संगठन के उपाध्यक्ष (अल्प संख्यक प्रकोष्ठ) मोहम्मद इंतेशाब ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए भाम गांव की 45 वर्षीय कैंसर पीड़ित महिला सबीहा खातून पत्नी अतिकूर रहमान को एक यूनिट रक्तदान रविवार के दोपहर 1 बजे किया। पीड़िता का इलाज पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान में चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि ऑपरेशन के लिए ब्लड की तत्काल जरूरत थी, ऐसे समय में ब्लड मिलने से मरीज की सर्जरी अब संभव हो पाएगी। ब्लड मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली। जदयू जिला महासचिव मोहम्मद आकिब आलम, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद जिसान, सरपंच मो. शाहिद उर्फ साहु सहित पंचायत के कई लोगों ने मुखिया प्रतिनिधि के इस नेक कार्य की प्रशंसा की। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे कार्य से समाज में मानवीय संवेदनाएं और मजबूत होती हैं। बताया गया है कि पीड़ित महिला का ब्लड ग्रुप एबी (पॉजिटिव) है जो काफी कम लोगों में होता है। मो.इंतेशाब को मालूम चलने पर मिलने गए और अपना ब्लड जांच करवाया जिसमें इनका ब्लड ग्रुप महिला से मैच किया उसके बाद रक्तदान कर दी।

# डोभी अंचल कार्यालय के आरटीपीएस काउंटर पर फर्जी आवेदन कांड का पर्दाफाश

## सीओ परीक्षित कुमार ने दर्ज कराई एफआईआर, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** गया जिला के डोभी प्रखंड के अंचल कार्यालय में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। अंचल कार्यालय स्थित आरटीपीएस काउंटर पर दो फर्जी आवेदन जमा करने का मामला उजागर हुआ है। अंचल अधिकारी (सीओ) परीक्षित कुमार ने इस मामले को बेहद गंभीर मानते हुए डोभी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जानकारी देते हुए सीओ परीक्षित कुमार ने बताया कि 15 से 19 अगस्त 2025 के बीच ऑनलाइन माध्यम से दो आवेदन प्राप्त हुए थे। इन आवेदनों की गहन जांच कराई गई। जांच की जिम्मेदारी राजस्व कर्मचारी को सौंपी गई थी। जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। दोनों आवेदन में गलत नाम और फर्जी फोटो का उपयोग किया गया था। सीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि इन आवेदनों का उद्देश्य सरकार और सरकारी कर्मचारियों की छवि धूमिल करना था। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकत बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सरकारी व्यवस्था को बदनाम करने की कोशिश न कर सके। सीओ ने यह भी कहा कि मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार की घटनाएं सरकारी सेवा में पारदर्शिता और आम जनता के विश्वास को कमजोर करती है। अंचल अधिकारी ने कहा कि आरटीपीएस काउंटर का कामकाज पारदर्शिता के साथ चल रहा है और किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी के बहकावे में आकर गलत दस्तावेज न बनवाएं और न ही सरकारी कर्मियों को बदनाम करने का प्रयास करें। डोभी थाना प्रभारी ने भी पुष्टि की है कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

# दुष्कर्म व हत्याकांड में आरोपित संजय चौधरी उर्फ टेनी गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गया जिले के अंतर्गत आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव में हुई महिला के साथ दुष्कर्म व हत्या मामले में पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। रविवार को पुलिस ने नामजद आरोपी संजय चौधरी उर्फ टेनी को काबर गढ़ के समीप राजमल चक के पास से गिरफ्तार कर लिया और अग्रिम कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि इस मामले में पहले भी एक आरोपी लखन देव चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं अन्य आरोपी मनोज चौधरी अब भी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# कवि रणविजय श्रीवास्तव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की पश्चिम बंगाल प्रदेश समिति के प्रदेश संगठन मंत्री वरिष्ठ कवि रणविजय श्रीवास्तव के निधन पर कलकत्ता गर्ल्स कॉलेज के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शब्दवीणा के पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ बेख़बर तथा कोलकाता गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. सत्या उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में शब्दवीणा, सलकिया हिन्दी साहित्य गोष्ठी, हावड़ा, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, काचरापारा, शब्द साधना, कोननगर, सदीनामा, कोलकाता, मंजरी सामयिक, कोलकाता, सृजन मंच, हुगली, बंगीय हिन्दी परिषद, कोलकाता के रचनाकार संयुक्त रूप से शामिल हुए। सभी ने दिवगंत कवि रणविजय श्रीवास्तव की कृतियों और स्मृतियों पर अपने भाव तथा विचार सुमन अर्पित किये। सदीनामा के संपादक वरिष्ठ कवि जीतेन्द्र जीतांशु ने कार्यक्रम का संचालन किया। मंच पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सत्या उपाध्याय, शब्दवीणा के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ बेख़बर, प्रदेश साहित्य मंत्री ज्ञान प्रकाश पांडेय, राजकुमार सिन्हा एवं हरेंद्र पांडेय की उपस्थित थे।

# गयाजी में पितृपक्ष मेले को लेकर शटडाउन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में रविवार पितृपक्ष मेले को लेकर बिजली विभाग की ओर से मेंटेनेंस का काम काम किया जाएगा। 33 केवी टी-3 आइसीबी फीडर और दिग्घी फीडर से सप्लाई ठप रहेगी। इस दौरान जर्जर तार और पोल की मरम्मत की जाएगी। 33 केवी टी-3 आईसीबी फीडर से सुबह 9 बजे से 9:45 बजे तक बिजली कटेगी। एपी कॉलोनी, पंचायती अखाड़ा, जीएम-2 फीडर और डेल्हा पीएसएस क्षेत्र में सप्लाई बाधित रहेगी। इसके अलावा दिग्घी फीडर से सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक बिजली की आपूर्ति नहीं की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में कलेक्ट्रेट, दिग्घी तालाब, रामना रोड, मुन्नी मस्जिद से लेकर पीर मंसूर से पितामहेश्वर तक शामिल है। बिजली विभाग के इंजीनियर प्रेम कुमार मणि ने बताया कि मेले के दौरान निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह काम जरूरी है। मरम्मत और रख-रखाव पूरा होते ही बिजली बहाल कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। कुल मिलाकर शहर के कई हिस्सों में आधा घंटे से लेकर चार घंटे तक बिजली गुल रहेगी। लोगों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। पानी स्टोर करके रख लें क्योंकि शहर में छह घंटे तक बिजली नहीं रहेगी।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अलीपुर थाना की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को शिकायत मिलने के एक घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता पाई। घटना विगत शुक्रवार की रात्रि को अंजाम दिया गया। अलीपुर एसएचओ सत्यनारायण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के एक ग्राम की रहने वाली महिला द्वारा अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित महिला द्वारा शिकायत में कहा गया कि छत के सहारे पड़ोस में रहने वाला एक युवक घर में घुस गया व महिला को अकेला पाकर दुष्कर्म की घिनौनी घटना को अंजाम दिया। महिला की शिकायत मिलते ही हरकत में आई अलीपुर थाना की पुलिस ने आरोपी दुष्कर्मी को अलीपुर थाना क्षेत्र के ही कुसेता ग्राम के समीप से गिरफ्तार करने में सफलता पाई। आरोपी की पहचान अलीपुर थाना क्षेत्र के मीरा बिगहा ग्राम के रहने वाले कृपाल यादव के पुत्र रणजीत यादव के रूप में हुई। एसएचओ श्री शर्मा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं न्यायालय के आदेश पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मन की बात बड़े उत्साह और गौरव के साथ सुनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय, बूथ संख्या 200 पर रविवार को हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का 125वां मन की बात बड़े उत्साह और गौरव के साथ सुना गया। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में राष्ट्र के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए, जो हर भारतवासी के हृदय को छू लेने वाले रहे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में खेलो इंडिया के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले युवाओं तथा उड़ीसा की बेटी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत हासिल करने पर मोबाइल फोन से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही पुलवामा में हुए डे-नाइट क्रिकेट मैच की चर्चा करते हुए उन्होंने वहां के युवाओं की ऊर्जा और खेल भावना पर खुशी व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के देश-विदेश में होने वाले कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारतीय संस्कृति की समृद्ध धरोहर का परिचायक है। उन्होंने देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को भी याद किया और बताया कि आजादी के बाद निजाम को भारत में विलय कराने का कार्य पटेल जी के साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम था।

# डायरिया का कहर, कई गांव प्रभावित

## सिंघ पोखर और घटेरिया बाजार पंचायत में फैला संक्रमण, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**डोभी/गयाजी।** गया जिले के डोभी प्रखंड में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्रखंड के सिंघ पोखर और घटेरिया बजौरा पंचायत में कई लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. सिखा सुंदरम ने बताई कि पिछले कुछ दिनों से डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर इलाज न हो तो डायरिया जानलेवा साबित हो सकता है। डॉक्टर ने लोगों से अपील की है कि वे उबला हुआ और स्वच्छ पानी ही पिएं तथा भोजन को ढककर रखें। डॉ. सिखा सुंदरम ने बताई कि डायरिया फैलने का मुख्य कारण दूषित पानी और साफ-सफाई की कमी है। बरसात के मौसम में नालियों का पानी अक्सर पीने के पानी में मिल जाता है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि लोग अपने आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दें और बच्चों को खुले में खेलने से रोकें।

पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया है कि गांवों में क्लोरीन टैबलेट का वितरण करें और जलापूर्ति टैंकों की सफाई कराएं। जहां लोग डायरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत जानकारी दे सकते हैं। एम्बुलेंस सेवा को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। ताकि मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में बारिश जारी रही तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए सभी को एहतियात बरतने की जरूरत है।

# तैलिक साहू सभा ने किया राधाष्टमी का भव्य आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** राधा अष्टमी पर्व पर तैलिक भवन टेकारी रोड गया जी में लड्डू गोपाल छट्ठी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिलाध्यक्ष संजू साव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं, बच्चे-बच्चियों एवं काफी संख्या में पुरुष शामिल हुए। साथ ही गया शहर के कोने- कोने से लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने आए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला अध्यक्ष सत्यवती गुप्ता, वार्ड पार्षद रुपा देवी, पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद गया लक्ष्मी देवी, अनिता देवी, सरीता देवी, कुमकुम देवी, अन्नु देवी, मनोरमा देवी, गुड़िया देवी, सरोज देवी, अर्जुन प्रसाद, सुनिल कुमार, मोहन साव, गनोरी साव, सुरेश प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, लक्ष्मण गुप्ता, रामनाथ साह, दीपक कुमार, संतोष साव मुखिया काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

संपादकीय

# मोदी–भागवत बने रहेंगे!

राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिनी व्याख्यान माला में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने जो कुछ कहा, उसका लुब्बो-लुआब यही है कि इसी महीने 75 पार होने के बाद भी न तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हटने वाले हैं और न ही स्वयं मोहन भागवत। उन्होंने साफ कहा कि जिसको जितना काम करना है, वो करे। बावजूद इसके कि कुछ दिनों पहले उन्होंने संघ के पूर्व स्वयंसेवक मोरोपंत पिंगले के हवाले से सुझाया था कि 75 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए। संघ प्रमुख ने एक बात और साफ की कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति भाजपा को ही करनी है। इसमें संघ की भूमिका नहीं है। अगर हमे ही तय करना होता तो कब का हो जाता। हालांकि संघ सलाहकार के रूप में सभी जगह मौजूद रहता है। गौरतलब है कि डॉ. मोहन भागवत 'आरएसएस की 100 वर्ष की यात्राः नए क्षितिज' विषय पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर लोगों के सवालों के जवाब दे रहे थे। हालांकि उनके ज्यादातर जवाब 'नरो वा, कुंजरो वा' शैली के थे। फिर भी कुछ संवेदनशील मामलों में उन्होंने संघ की भूमिका का गंभीरता से खुलासा किया। राजनीति से 75 पार के बाद रिटायरमेंट के संदर्भ में स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने कहा कि मैंने केवल पिंगले जी के कथन को उद्धृत किया था। मैं भी तब तक काम करूंगा, जब तक संघ चाहेगा। यहां पर कम से कम 10 ऐसे लोग बैठे हैं, जो सरसंघचालक बन सकते हैं, लेकिन वो दूसरे अहम कार्यों में व्यस्त हैं, उन्हें फ्री करके इसमें नहीं लगाया जा सकता। अभी मैं ही हूं, जिसे फ्री किया जा सकता है। यह बात अलग है कि 2014 और 2019 में पार्टी के जिन वरिष्ठ नेताओं को इसी फार्मूले के तहत घर बिठा दिया गया, अब उन्हें आत्म ग्लानि हो रही होगी। इस्लाम को लेकर पूछे गए सवाल पर भागवत ने कहा कि हिंदू विचारधारा कभी नहीं कहती कि यहां इस्लाम को नहीं होना चाहिए। संघ धार्मिक आधार समेत किसी भी रूप में किसी पर हमला करने में भरोसा नहीं करता। धर्म व्यक्तिगत पसंद का मामला है और इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जबरदस्ती शामिल नहीं होनी चाहिए। संघ प्रमुख बोले, हिंदू आत्मविश्वास की कमी के कारण असुरक्षित हैं। हम पहले एक राष्ट्र हैं...। आरएसएस किसी पर भी, चाहे वह धार्मिक आधार पर ही क्यों न हो, हमला करने में विश्वास नहीं रखता। भागवत ने यह भी कहा कि सड़कों और जगहों के नाम आक्रांताओं के नाम पर नहीं रखे जाने चाहिए। जाति व्यवस्था के सवाल पर भागवत का कहना था कि आरएसएस संविधान की ओर से तय अनिवार्य आरक्षण नीतियों का पूर्ण समर्थन करता है और जब तक आवश्यकता होगी, तब तक उनका समर्थन करता रहेगा। जाति व्यवस्था कभी थी, लेकिन आज उसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है। उन्होंने कहा, शोषण-मुक्त और समतावादी व्यवस्था के मूल्यांकन की आवश्यकता है। पुरानी व्यवस्था के समाप्त होते समय, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसका समाज पर विनाशकारी प्रभाव न पड़े। काशी मथुरा आंदोलन के संदर्भ में उनका कहना था कि संघ इस आंदोलन का समर्थन नहीं करेगा, लेकिन स्वयंसेवक इसमें भाग ले सकते हैं। देश के विभाजन सम्बन्धी सवाल पर उनका कहना था कि संघ ने हमेशा बंटवारे का विरोध किया। भाजपा और संघ के रिश्तों से जुड़े सवाल पर संघ प्रमुख का कहना था कि हमारे बीच मतभेद हैं, मनभेद नहीं है। जिसकी जिसमें विशेषज्ञता है, वह वो काम करे। संघ प्रमुख ने कई अच्छी बातें कहीं, लेकिन उनका आरएसएस व भाजपा पर व्यावहारिक असर कितना होगा, यह देखने की बात है।

# भारत में सहकारिता से स्त्री सशक्तीकरण

**आधी आबादी के प्रश्न पर बात करने व उनके सभी अधिकारों की रक्षा करने की समय-समय पर उठती आवाजें यदि सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें तो उनको सशक्त होने से कोई रोक नहीं सकता। प्रायः देश में स्त्रियों के लिए जो स्त्रीवादी चिन्तक चिंता करते रहे हैं कि उन्हें पुरुषों के बराबर भागीदारी से वंचित किया जाता है और पितृसत्तात्मक समाज स्त्रियों के विकास में बाधा हैं।**

**यह सहकारिता से जुड़ी महिलाओं ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि पितृसत्तात्मक समाज जैसा विमर्श हमारे स्वावलंबी जीवन में न बढ़ा है और न ही इससे हम घबराते हैं। ये भारतीय महिलाएं सहकारिता से आत्मनिर्भर बनने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और हर तरह से सशक्त बनकर ऐसी मिसाल बनाने के लिए तत्पर हैं जो महिलाओं के स्वत्व को प्रतिबिंबित करते हैं।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

सहकार से समृद्धि भारत में सहकारिता श्लोगन अब नहीं है। यह एक संगठित पहल बन गया है। विविध चुनौतियों के बीच आर्थिक सशक्तीकरण से ही कोई राष्ट्र अपने नागरिकों के सर्वाधिक कल्याण की बात सोच सकता है। देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा अब संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर निःशक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तरासना शुरू कर दिया है। खासकर, यह आर्थिक समृद्धि पा रही हैं भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं।

आधी आबादी के प्रश्न पर बात करने व उनके सभी अधिकारों की रक्षा करने की समय-समय पर उठती आवाजें यदि सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें तो उनको सशक्त होने से कोई रोक नहीं सकता। प्रायः देश में स्त्रियों के लिए जो स्त्रीवादी चिन्तक चिंता करते रहे हैं कि उन्हें पुरुषों के बराबर भागीदारी से वंचित किया जाता है और पितृसत्तात्मक समाज स्त्रियों के विकास में बाधा हैं। यह सहकारिता से जुड़ी महिलाओं ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि पितृसत्तात्मक समाज जैसा विमर्श हमारे स्वावलंबी जीवन में न बढ़ा है और न ही इससे हम घबराते हैं। ये भारतीय महिलाएं सहकारिता से आत्मनिर्भर बनने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और हर तरह से सशक्त बनकर ऐसी मिसाल बनाने के लिए तत्पर हैं जो महिलाओं के स्वत्व को प्रतिबिंबित करते हैं। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहाकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को लेकर अब इतना निश्चिन्त व आशान्वित हैं कि हमारे देश को चाहे कोई भी विकसित राष्ट्र बनने से रोके लेकिन सहकारिता से जुडी महिलाओं का उत्साह इस देश को सशक्त भारत बना देगा। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सच में इस मंत्रालय के माध्यम से पुरजोर प्रयास किया है और एक सक्षम समाज निर्माण करने की अपनी निष्ठा को मजबूती प्रदान किया है। सहकारिता क्षेत्र में यह उनका अपना पुरुषार्थ अब बोल रहा है। सफलताओं की अनेक कहानियाँ कह रहा है। सशक्त एवं सक्षम महिलाएं जो कि सहकारिता के माध्यम से अपने जीवन में गुणात्मक सुधार लायी हैं,



वह उनके सहकारिता संवाद में भी दिखा है। यह सनावद कार्यक्रम अब भारत में सराहना बटोर रहा है।

सहकारिता क्षेत्र में बुनियादी बातें जो महिला केन्द्रित हैं उसे भी जानना ज़रूरी है। इसके तहत यदि हम सर्वप्रथम बात करें बहु-राज्य सहकारी समितियों की तो इसके बोर्ड में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था अब दिखने लगी है। पहले जो बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम-2002 था उसमें संशोधन करके बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की अनिवार्यता की गई। इसका फायदा यह होने वाला है कि संपूर्ण भारत की 1,550 से ज़्यादा बहु-राज्य सहकारी समितियान हैं उनके बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हो जाएगा। दूसरा, आदर्श उपनियमों को अपनाकर प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों में भी महिला सदस्यों के लिए आरक्षण किया गया है। सहकारिता मंत्रालय अब पैक्स के लिए आदर्श उपनियम तैयार कर लिया है। एक लाख से अधिक पैक्स में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सीधे बनने जा रहा है। मंत्रालय ने तो अब अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की दो महिलाएं की भागीदारी सनिश्चित करके एमएससीएस में नए प्रावधान कर दिए। इससे अब वह शिकायतें नहीं शेष रहेंगी जो मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटी को लेकर हुआ करती थीं। सीईए की स्थापना के बाद तो देश की एमएससीएस के निदेशक मंडल आकस्मिक रिक्ति सहित के 146 चुनावों में 293 महिला निदेशक चुनी भी गईं। पीएसीएस राज्यों द्वारा अपने-अपने सहकारी अधिनियमों के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियाँ भी होती हैं। वे भी किस प्रकार महिलाओं के लिए सहकारिता मामले में सहयोगी हों, उस पर भी व्यापक चिंतन सरकार करती रही है और आने वाले समय में उनके लिए भी उसकी शिफरिशें आएँगी तो वहां भी सशक्तीकरण होगा। सबसे अहम् बात जो उभरकर सामने आई है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम जिसे एनसीडीसी कहते हैं, वह भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के तहत एक वैधानिक संगठन है। एनसीडीसी द्वारा स्वयं शक्ति सहकार योजना को लागू कर रहा है। इसमें नंदिनी सहकार योजनाएं पूरी तरह से वित्त पोषित और समर्थित हैं जिसका लाभ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा। जब एनसीडीसी के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों और 9 उप-कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के कार्यान्वयन होगा तो महिला सहकारी समितियों को समय पर ऋण लेनदेन प्रवाह सुनिश्चित होगा। वित्तीय सहयोग प्राप्त कर चुकी महिलाएं अपने लिए अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकेंगी क्योंकि वित्तीय प्रवाह की कमी ही तो महिलाओं के जीवन प्रवाह को बाधित कर देते हैं। सहकारिता से उद्यमिता और उद्यमिता से आत्मनिर्भरता की आत्मगाथा अब महिलाएं बनने जा रही हैं। एक विकास की यात्रा पर अग्रणी देश सर्वदा यही चाहता है कि उसके नागरिकों के बीच महिला नागरिक ज्यादा सशक्त हों और वे समग्रता से आगे बढ़ें। सबसे अच्छी बात यह है कि ये सहकारिता से जुड़ी महिलाएं डिजिटलीकरण को बढ़ावा दे रही हैं। ये बहादुरी से अपने जीवन को आगे बढ़ा रही हैं। अपने परिवार व बच्चों के लिए पढाई-लिखाई व जीवन-निर्वाह का माध्यम बन रही हैं। यह आगे बढ़ते हुए भारत की तस्वीर है। यह उस भारत की तस्वीर है जो अपने आज़ादी के बाद 75 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर अपने अमृतकाल में गतिमान है। सच में, महिलाओं को अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए सशक्त बनाने से उनके परिवारों के जीवन और समुदायों पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है और स्थायी आजीविका के साधन बनाने में मदद मिलती है, ऐसे कई अध्ययन हमें मिलते हैं। सहकारिता ने स्त्री सशक्तीकरण के साथ समाज व देश सशक्तीकरण के लिए इतना उपयोगी माध्यम बन जाएगा, ऐसा अब से पहले इतना विश्वास के साथ लोग सोचते भी नहीं थे। अब महिलाओं की सहकारिता क्षेत्र में स्वयं की ओर से व्यक्त की गयी अभिरुचि और सरकार द्वारा किए जा रहे नए प्रयास व पॉलिसीज ने यह विश्वास जागृत कर दिया है कि हमारे देश के विकसित भारत बनने में यह भी एक उत्कृष्ट माध्यम है। बहुत से नए प्रयास गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व उनकी टीम ने शुरू किया है उसे और सुदृढ़ता से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। भारत का एनडीडीबी, आनंद में सहकारिता के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण हो रहा है। एनडीडीबी सहकारी प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि के लिए महिला डेरी सहकारिताओं को बढ़ावा देती है। दूध संघों को संपूर्ण महिला डेरी सहकारिताओं का गठन करने के लिए प्रोत?साहित किया जाता है। एनडीडीबी के चेयरपर्सन मीनेश शाह ने महिलाओं की प्रतिभागिता को अपने कार्यकाल में खूब प्रोत्साहित किया है। देश में ऐसे प्रयास सहकारिता के लिए मिसाल बनते हैं। सरकार की तरफ से किया जा रहा प्रोत्साहन ऐसी भारतीय महिलाओं में आत्मविश्वास भर रहा है। यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। महिलाओं, युवाओं, किसानों और ग्रामीण भारत को आर्थिक उन्नति की मुख्यधारा से जोड़ती राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 समावेशी विकास, सशक्त सहकारिता व आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए है। यह नीति सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को साकार करने की ऐतिहासिक पहल है। लेकिन एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा इसलिए यह ज़रूरी है कि यदि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों। हमारे देश की स्त्रियाँ सशक्त हो रही हैं। अधिकतम स्त्रियाँ जब सशक्त होंगी तो भारत की तस्वीर कुछ और होगी।

अध्यात्म

## कर्म-योग क्या है?

एक बार एक सात वर्ष का बालक रमन महर्षि के पास आया! उन्हे प्रणाम कर उसने अपनी जिज्ञासा उनके समक्ष रखी! वह बोला- क्या आप मुझे बता सकते है कि कर्म-योग क्या है? क्योंकि जब कभी भी मै यह प्रश्न अपने माता-पिता से पूछता हूँ, तो वे कहते है कि अभी तुम्हे इस विषय मे सोचने की आवश्यकता नही है! जब तुम बडे हो जाओगे, तो तुम्हे अपना आप समझ आ जाएगी! बालक की बात सुनकर ऋषि बोले- मै तुम्हे इस प्रश्न का उतर दूँगा! पर अभी तुम यहाँ मेरे पास शांतिपूर्वक बैठ जाओ!% बालक उनकी आज्ञा का पालन कर उनके पास जाकर बैठ गया! कुछ समय बाद, वहाँ एक व्यक्ति डोसे लेकर आया! उसने सभी डोसे रमन महर्षि के समक्ष रख दिए! किंतु महर्षि किसी भी वस्तु को अकेले ग्रहण नही करते थे! इसलिए महात्मा रमन ने डोसे का एक छोटा सा टुकडा अपने आगे रखा! फिर साथ बैठे उस बालक के पतल मे एक पूरा डोसा परोस दिया! उसके बाद वहाँ उपस्थित अन्य अनुयायियो मे शेष डोसे बाँटने का आदेश दिया! फिर उन्होने पास बैठे बालक से कहा- अब जब तक मै अँगुली उठाकर इशारा नही करता, तब तक तुम यह डोसा खाते रहोगे! हाँ..ध्यान रहे कि, मेरे इस संकेत से पहले तुम्हारा डोसा खत्म नही होना चाहिए! पर जैसे ही मै अँगुली उठाकर संकेत दूँ, तो पतल पर डोसे का एक भाग भी शेष नही रहना चाहिए! उसी क्षण डोसा खत्म हो जाना चाहिए!% महर्षि के इन वचनो को सुनते ही बालक ने पूरी एकाग्रता से रमन महऋषि पर दृष्टि टिका दी! उसका मुख बेशक ही डोसे के निवाले चबा रहा था, किंतु उसकी नजरे एकटक महात्मा रमन पर केन्द्रित थी! बालक ने शुरूआत मे बडे-बडे निवाले खाए! पर बाद मे, अधिक डोसा न बचने पर, उसने छोटे-छोटे निवाले खाने शुरू कर दिए! तभी अचानक उसे अपेक्षित संकेत मिला! इशारा मिलते ही बालक ने बचा हुआ डोसा एक ही निवाले मे मुख मे डाल दिया और निर्देशानुसार पत्तल पर कुछ शेष न रहा! बच्चे की इस प्रतिक्रिया को देखकर महर्षि बोले- अभी-अभी जो तुमने किया, वही वास्तविक मे कर्म-योग है! महर्षि ने आगे समझाते हुए कहा- देखो! जब तुम डोसा खा रहे थे, तब तुम्हारा ध्यान केवल मुझ पर था! डोसे के निवाले मुख मे डालते हुए भी तुम हर क्षण मुझे ही देख रहे थे! ठीक इसी प्रकार संसार के सभी कार्य-व्यवहार करते हुए भी अपने मन-मस्तिष्क को ईश्वर पर केन्द्रित रखना! मतलब कि ईश्वर मे स्थित होकर अपने सभी कर्तव्यो को पूर्ण करना! यही वास्तविक कर्म-योग है ।

# दहेज प्रथा: आधुनिक भारत के लिए सबसे बड़ी विडंबना

**भारतीय समाज आज भी अनेक सामाजिक बुराइयों से जूझ रहा है। उनमें से एक सबसे भयावह और अमानवीय कुरीति है- दहेज प्रथा। यह केवल एक आर्थिक लेन-देन का मामला नहीं बल्कि सामाजिक विकृति का ऐसा रूप है जिसने बेटियों के जीवन को असुरक्षा, हिंसा और अपमान की जंजीरों में जकड़ रखा है। आधुनिक और शिक्षित समाज कहे जाने के बावजूद, आए दिन दहेज से जुड़ी हत्या, आत्महत्या और शोषण की खबरें सामने आती रहती हैं। यह स्थिति इस बात का प्रमाण है कि विकास के तमाम दावों के बीच हमारी मानसिकता अभी भी पुरानी जड़ों से मुक्त नहीं हो पाई है।**

**ममता कुशवाहा**

दहेज की परंपरा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल में इसे कन्या को विवाह के समय विदाई उपहार के रूप में दिया जाता था। माता-पिता अपनी सामर्थ्य के अनुसार बेटी को गहने, कपड़े और आवश्यक सामग्री देते थे। उस समय यह बेटी के लिए सुरक्षा और सम्मान का प्रतीक माना जाता था। परंतु समय के साथ यह परंपरा लालच का रूप धारण कर गई और अब यह विवाह का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। आज दहेज की मांग अक्सर नकद राशि, गाड़ी, मकान, व्यवसायिक निवेश और आलीशान जीवनशैली तक पहुँच गई है। ग्रेटर नोएडा की निक्की भाटी हत्या जैसी घटनाएं दर्शाती हैं कि दहेज की मांग जब पूरी नहीं होती, तो उसका परिणाम प्रताड़ना, हिंसा और अंततः हत्या के रूप में सामने आता है। यह कोई अकेली घटना नहीं बल्कि देशभर में रोज़ घटने वाली हजारों कहानियों का प्रतिबिंब है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ह्ष्टक्रक्च) के आँकड़े बताते हैं कि 2022 में दहेज हत्या के 6,450 मामले दर्ज हुए। यह आँकड़ा केवल दर्ज मामलों का है, जबकि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक होने की आशंका रहती है क्योंकि ग्रामीण और छोटे कस्बों में ऐसे कई मामले पुलिस तक पहुँच ही नहीं पाते। 2020 में यह संख्या 6,996 थी और 2021 में लगभग 6,700। यह स्पष्ट करता है कि दहेज हत्या के मामले लगातार घट-बढ़ रहे हैं, परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। इन आँकड़ों का मतलब है कि हर दिन औसतन 17 से अधिक महिलाएँ दहेज की भेंट चढ़ रही हैं। यह स्थिति केवल परिवारों की त्रासदी नहीं बल्कि देश की सामूहिक विफलता है, जहाँ बेटी के जीवन का मूल्य अभी भी उसके मायके की हैसियत से आँका जाता है।

दहेज प्रथा केवल पति या उसके परिवार के लालच का परिणाम नहीं है, बल्कि समाज की मानसिकता से भी जुड़ी हुई है। विवाह को आज भी लेन-देन की प्रक्रिया मान लिया गया है। कई बार मायके वाले इस डर से बेटियों को चुप रहने को मजबूर कर देते हैं कि कहीं घर टूट न जाए, रिश्तेदार बदनाम न हो जाएँ या समाज उँगली न उठाए। निक्की भाटी और उसकी बहन का मामला इसका ज्वलंत उदाहरण है। 2016 में शादी के बाद से ही दोनों को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था, लेकिन मायके का दबाव यह था कि बेटियाँ एक बार ससुराल चली गईं तो वहीं की होकर रह जाएँ। यही मानसिकता बेटियों को चुप्पी और सहनशीलता की ओर धकेलती है, जिसका अंत कई बार मौत में होता है। यह बात सोचने पर मजबूर करती है कि जिस समाज में तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और शिक्षा की उपलब्धियां गर्व का विषय बनी हुई हैं, वहीं उसी समाज में दहेज के नाम पर क्रूरताएँ भी समानांतर रूप से बढ़ रही हैं। यह विरोधाभास बताता है कि केवल शिक्षा या आर्थिक प्रगति पर्याप्त नहीं है, जब तक मानसिकता में बदलाव न हो। शहरों से लेकर गाँवों तक, सम्पन्न परिवारों से लेकर गरीब घरों तक,हर जगह दहेज की मांग किसी न किसी रूप में देखी जाती है। फर्क केवल इतना है कि संपन्न वर्ग में यह मांग अधिक भव्य और बड़े पैमाने पर होती है जबकि गरीब वर्ग में यह उनकी सामर्थ्य से परे जाकर उन्हें कर्ज और बर्बादी की ओर धकेल देती है।

भारत में दहेज प्रथा को रोकने के लिए 1961 में दहेज निषेध अधिनियम बनाया गया और उसके बाद भारतीय दंड संहिता (अब भारतीय न्याय संहिता - क्चहृस्) की धारा 80 के अंतर्गत दहेज हत्या के लिए न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान किया गया। बावजूद इसके, दहेज हत्या और प्रताड़ना के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। इसके कई कारण हैं- न्याय मिलने की धीमी गति, मामलों में लंबित मुकदमे, पुलिस जांच में लापरवाही, चार्जशीट दाखिल करने में देरी और सामाजिक दबाव। पीड़ित परिवारों को कई बार अदालत के बाहर समझौते के लिए मजबूर किया जाता है। यही वजह है कि 2022 में जितने मामले दर्ज हुए, उनमें से मात्र 2 प्रतिशत मामलों में ही दोषियों को सज़ा मिल सकी। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है, जो अपराधियों के हौसले को और बढ़ा देती है। दहेज की समस्या का मूल कारण मानसिकता है। जब तक बेटियों को परिवार की जिम्मेदारी न मानकर समान अधिकार वाली संतान के रूप में नहीं देखा जाएगा, तब तक दहेज जैसी कुरीतियाँ बनी रहेंगी। बेटों और बेटियों के बीच भेदभाव भी इसका बड़ा कारण है। जिस समाज में बेटियों को 'पराया धन' कहा जाता है, वहां विवाह को एक लेन-देन मान लेना स्वाभाविक हो जाता है। जरूरत इस बात की है कि समाज इस सोच से बाहर निकले और बेटियों को आत्मनिर्भर और अधिकारयुक्त नागरिक के रूप में स्वीकार करे। जब परिवार और समाज बेटियों की शिक्षा, करियर और स्वतंत्र पहचान को प्राथमिकता देंगे, तब ही दहेज की मांग स्वतः समाप्त हो पाएगी।

दहेज प्रथा केवल सामाजिक मानसिकता का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे आर्थिक विषमता और सांस्कृतिक परंपराओं की गहरी जड़ें भी मौजूद हैं। जिन परिवारों के पास अधिक धन-संपत्ति होती है, वे ऊँचे और प्रतिष्ठित रिश्तों को पाने के लिए दहेज को साधन बना लेते हैं। उनके लिए दहेज प्रतिष्ठा का प्रतीक और सामाजिक दर्जा बढ़ाने का माध्यम बन जाता है। इसके विपरीत, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार दहेज की मांग पूरी करने के लिए अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च करते हैं, कर्ज़ में डूब जाते हैं और कभी-कभी जीवनभर उस बोझ से उबर नहीं पाते। इस तरह यह प्रथा अमीरी और गरीबी के बीच की खाई को और गहरी करती है।

दहेज की मानसिकता ने विवाह को पवित्र बंधन के बजाय व्यापार का रूप दे दिया है। वर पक्ष अक्सर बेटे की शिक्षा, नौकरी, पद और प्रतिष्ठा को 'मूल्य टैग' की तरह इस्तेमाल करता है और उसी हिसाब से दहेज की मांग तय की जाती है। यह सोच न केवल नारी की गरिमा को ठेस पहुँचाती है बल्कि पूरे समाज की नैतिकता और मानवीय संवेदना को भी कमजोर करती है। धीरे-धीरे यह कुरीति सामाजिक ताने-बाने को खोखला करती जा रही है, जहाँ रिश्ते प्रेम, विश्वास और समानता के आधार पर नहीं, बल्कि आर्थिक सौदे पर टिके दिखाई देते हैं। यही वह स्थिति है जो दहेज प्रथा को और भी घातक बना देती है।

दहेज प्रथा और इससे जुड़ी हत्याओं को रोकने के लिए केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके लिए व्यापक सामाजिक आंदोलन की आवश्यकता है। जब तक समाज स्वयं इस बुराई को समाप्त करने के लिए संगठित नहीं होगा, तब तक कोई भी कानूनी प्रावधान कारगर नहीं हो सकता। सबसे पहले शिक्षा और जागरूकता को मजबूत बनाना जरूरी है। स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में दहेज-विरोधी शिक्षा को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी बचपन से ही इस प्रथा की अमानवीयता को समझे। इसके साथ ही बेटियों के अधिकारों और उनकी आत्मनिर्भरता पर विशेष बल देना आवश्यक है, ताकि वे स्वयं को किसी पर आश्रित न मानें और आत्मविश्वास के साथ जीवन जी सकें। इसके समानांतर, आर्थिक आत्मनिर्भरता भी एक मजबूत आधार बन सकती है। बेटियों को रोजगार, कौशल और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक है। जब वे स्वयं आर्थिक रूप से सक्षम होंगी, तो समाज उन्हें बोझ की दृष्टि से नहीं देखेगा और न ही वे ससुराल वालों की अनुचित मांगों के आगे विवश होंगी। इसके साथ ही दहेज के मामलों में त्वरित न्याय की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है। यदि ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतें स्थापित हों और दोषियों को शीघ्र सज़ा मिले, तो समाज में भय पैदा होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में बिजनेस को लेकर यदि कुछ आइडिया आये, तो आप उससे तुरंत आगे न बढ़ाएं।

**वृषभ**
दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। धन कहीं फंसा हुआ था, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपको अपने किसी मित्र की याद सता सकती है।

**मिथुन**
आज आपके निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। नौकरी में आपको थोड़ा सजग रहकर कामों को करना होगा। आप अपने कामों को लेकर लापरवाही ना दिखाएं।

**कर्क**
आज आप किसी से उधार का लेन-देन ना करें, नहीं तो आपको उसे उतारने में समस्या आएगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**सिंह**
जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। काम को लेकर योजना बनाकर चले, अच्छा रहेगा।

**कन्या**
आपकी मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी। सेहत को लेकर आपको थोड़ी एतियात बरतनी होगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सगे संबंधियों से मिलने का आपको मौका मिलेगा। सामाजिक कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आप कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं। कोई मूल्यवान वस्तु यदि खो गई थी, तो उसको मिलने की आपको पूरी संभावना है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से संबंधों में यदि कटुता चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चो पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और आप अपने बिजनेस को आगे ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आज आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, लेकिन आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा ध्यान देना होगा।

# मतदाता सूची में अयोग्य को हटाकर भारतीय नागरिक का नाम जोड़ना ही एसएआर का उद्देश्य

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की गई बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक भरत खेड़ा द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला सहित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक भरत खेड़ा को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा विशेष प्रेक्षक को जिले में हो रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में अब तक किये गये कार्यो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्री खेड़ा द्वारा सभी राजनीतिक दलों को संबोधित करते हुए बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य है कि जो भी मतदता भारत के नागरिक हैं उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो पाए तथा अयोग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाया जाये। उन्होने कहा कि 1 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति दाखिल करने की अंतिम तिथि 1 सितम्बर है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों से उन्होंने छूटे हुए मतदाताओं का प्रपत्र 6 के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर प्रखंडों में लगे कैंप में जमा करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किया एवं उन्हें आवश्यक जानकारी साझा की गई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रत्येक गतिविधि के संबंध में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा लगातार सूचनाएं साझा की जा रही हैं। जिससे सभी पक्षों को अद्यतन जानकारी मिल रही है। अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक का समापन किया गया।

## ओवरब्रिज पर खतरा : असामाजिक तत्वों ने बैरिकेडिंग उखाड़ी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहिया/भोजपुर।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे-102 पर स्थित बिहिया नगर का रेलवे ओवरब्रिज इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। ओवरब्रिज के सुपर स्ट्रक्चर में दरारें आने के बाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन ने पिछले शुक्रवार को इसके दोनों छोर पर 11.5 फुट उंची लोहे के बैरियर लगा दिए थे। इसके बाद भारी और बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया था, जबकि छोटे वाहन अब भी आरओबी से गुजर रहे थे। भारी वाहनों पर रोक लगने से खासतौर पर बालू लदे ट्रकों का परिचालन ठप हो गया था। इससे जहां सड़क पर लगने वाले जाम और संभावित दुर्घटनाओं से लोगों को राहत मिली थी, वहीं परिवहन व्यवसायियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन अब प्रशासन के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। इस मामले पर सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुशवाहा ने प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि ऐसे कृत्यों पर तुरंत रोक नहीं लगी तो लोगों की जान को खतरा हो सकता है। दरारों को लेकर रेलवे इंजीनियरिंग विभाग ने निरीक्षण किया था और जिला प्रशासन को पत्र लिखकर भारी वाहनों का परिचालन रोकने का अनुरोध किया था। इसी आदेश के बाद बैरिकेडिंग लगाई गई थी।

## एक नजर

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी जंक्शन पर बीते देर रात रेलवे सुरक्षा बल बरौनी के द्वारा राहुल कुमार पिता विनोद साह नगर परिषद बरौनी वार्ड 4 थाना फुलवाड़िया जिला बेगूसराय को सात लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में रेल थाना बरौनी में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वही रविवार बरौनी जंक्शन पर लावारिस हालत में 45.7 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। इस संदर्भ में रेल थाना बरौनी कांड बिहार मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### ई रिक्शा की चोरी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के छतौना से ई रिक्शा की चोरी हुई है। पीड़ित ई रिक्शा चालक सह मालिक नीमा चांदपुरा थाने के चितरंजन चौक चांदपुरा के विजय सहनी का पुत्र बादल कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर ई रिक्शा पर सवार महिला द्वारा चोरी कराने की आशंका जाहिर की है। दर्ज प्राथमिकी में उसने बताया कि लोहिया नगर गुमटी से छतौना के लिए एक महिला ने उसका ई रिक्शा रिजर्व किया। वह उसे लेकर छतौना के लिए प्रस्थान किया। छतौना पुल के निकट ई रिक्शा लगाकर सब्जी खरीदने चला गया। सब्जी खरीद कर लौटने के बाद लगाये गए स्थान पर से ई रिक्शा गायब पाया। काफी खोजबीन के बाद सवारी तथा ई रिक्शा नहीं मिला। पुलिस पदाधिकारी द्वारा थाने में कांड अंकित कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### खेल दिवस पर साइकिल रेस का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपग्रेडेड मिडिल स्कूल सैदपुर विष्णुपुर सहित अन्य स्कूल में खेल दिवस पर साइकिल रेस का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रधानाध्यापक संजीत कुमार महतो ने किया। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक मनाने का निर्देश जारी किया गया था। इस कड़ी में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन के साथ साथ साइकिल रेस का आयोजन कर समापन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेल के साथ साथ फिटनेस रखना है। साइकिल रेस स्कूल परिसर में किया गया। इसमें बालक एवं बालिका वर्ग के कई छात्र, छात्राओं ने हिस्सा लिया। सप्तम कक्षा की पायल कुमारी तथा कक्षा षष्ठम के सौरव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त करने में कामयाब रहे। सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्त किया गया। प्रतियोगिता में शिरकत कर रहे प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मौके पर सहायक शिक्षक अंकित यादव राम उदय कुमार, जमील अहमद, शाहिद अंसारी, शांति देवी, संगीता कुमारी, मिथिलेश कुमारी, मुसर्रत खातुन आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 से 31 अगस्त तक चले 'फिट इंडिया एक घंटा खेल के मैदान में' अभियान का समापन रविवार को हुआ। इस दौरान प्रखंड के मिडिल स्कूल मेहदौली, पालीडीह, लखनपुर, चंदौर, अतरूआ सहित अन्य विद्यालयों में रविवार को इसी अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का यह अंतिम दिन था। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, विश्वनाथ साह, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, संजीत पंडित, शिक्षक अजनीश, सलीम, मीरा रानी, इजहार, अजीत आदि मौजूद थे।

### शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय अतरूआ मिडिल स्कूल मेहदौली सहित अन्य विद्यालय में विभागीय निर्देश के आलोक में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित किया गया। संगोष्ठी में खेल सामग्री का प्रदर्शन, खेलों और सीखों, बच्चों की शैक्षिक प्रगति, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोषण, बच्चों के पोशाक में उपस्थित आदि विंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह, अशोक कुमार सिंह, सहायक शिक्षक सुमित कुमार भारती, शंकर कुमार, रानी कुमारी, नुतन कुमारी, अमर शंकर, सुमन, संगीता, शानू, श्वेता, नितेश, पूनम सहित अन्य शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

### गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर बैठक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के चमथा, बछवाड़ा, दलसिंहसराय, विद्यापति नगर क्षेत्र में गंगा के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न स्थिति के आलोक में बेहतर समन्वय तथा एनएच-122बी (हाजीपुर-बछवाड़ा) पर चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति के मद्देनजर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला एवं जिला पदाधिकारी समस्तीपुर रौशन कुशवाहा द्वारा संयुक्त बैठक की गई। मौके पर दोनों जिलाधिकारियों ने बाढ़ से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाने एवं आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही एनएच-122बी के कार्यो को तीव्र गति से करने का निर्देश दिया। वही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चेकिंग अभियान तेज करने एवं गश्ती बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, अनुमंडल पदाधिकारी दलसिंहसराय सहित दोनों जिलों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लाभुक को मिला दो लाख का चेक

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा ओबरा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत स्वर्गीय विकास कुमार की बीमा की राशि दो लाख रुपए का चेक उनके नामित शोभा देवी को प्रदान किया गया। यह चेक औरंगाबाद क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार, अधिकारी राहुल कुमार राकेश एवं ओबरा एसबीआई के प्रबंधक संजीव कुमार की उपस्थिति में लाभुक को सौंपी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार एवं शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने उपस्थित ग्राहकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन बीमा के बारे में जानकारी दी।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नियमित संचालित की जा रही है कक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार प्रतिदिन जिले के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा फ़ेसबुक लाइव कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता को अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय, औरंगाबाद से फ़ेसबुक लाइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार ने विद्यालय में संचालित कक्षाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ सह-पाठयक्रम गतिविधियों जैसे खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। प्रधानाध्यापक ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय योजना के अंतर्गत विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न निजी संस्थाओं एवं निजी व्यक्तियों द्वारा विद्यालय को सहयोग प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर, पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ वाटर कूलर एवं रेफ्रिजरेटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## फंदे से लटका मिला मासूम के साथ मां का शव

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के फफौत पंचायत स्थित वार्ड नंबर-13 चकवा गांव में रविवार को मां और उसके 11 महीने के बेटे का शव फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान चंद्रबली महतो की 25 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी के रूप में हुई है। उर्मिला देवी अपने पति की मौत के बाद से आर्थिक तंगी और डिप्रेशन से गुजर रही थी। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग पहुंचे और हत्या की आशंका जताई। जबकि मृतका के भाई विकास और संतोष ने फंदा लटकाने का कोई निशान नहीं मिलने की बात कही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी मनीष ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। वही घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चकवा गांव की रहने वाले चंद्रबली महतो की 6 महीना पहले सड़क हादसे में मौत हो गई। तब से उसकी पत्नी उर्मिला देवी घर में 11 माह के इकलौते बेटे चिराग के साथ रह रही थी। आर्थिक तंगी एवं पति की मौत से काफी डिप्रेशन में चल रही थी। रात में वह खाना खाकर सोई। सुबह जब काफी देर तक नहीं जगी तो लोगों ने घर के अंदर झांका। जहां साड़ी के फंदे से मां-बेटे की लाश लटकी हुई थी। आशंका जताई है जा रही है कि बेटे की हत्या करने के बाद फांसी लगाकर हत्या करने के बाद खुद भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही मायके से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मृतका के पिता बैजनाथ सिंह ने बताया कि रात 10 बजे बेटी से बात हुई थी। उस समय तक सब कुछ ठीक-ठाक था। सुबह में करीब 6:30 घटना की सूचना मिली। 2 साल पहले बेटी की शादी की थी। दामाद ड्राइविंग करते थे। 6 महीने पहले सड़क हादसे उनकी मौत हो गई। वहीं मृतका के भाई विकास और संतोष का कहना है, 'फोन पर सूचना मिलते ही हम लोग पहुंचे तो सास ने बताया कि मां-बेटा दोनों फांसी से लटके हुए थे। हम लोगों ने जब छानबीन की तो फंदा लटकाने का कोई निशान नहीं था। मेरे भांजे और बहन को गला दबाकर मारा गया है। रात में जिस तरीके से बात हुई। उससे नहीं लगता है कि फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी। वही घटना के संबंध में एसपी मनीष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। आसपास के लोगों ने बताया की उर्मिला देवी ने अपने 11 माह के बच्चे चिराग मौर्य को गला दबाकर मार दिया। उसके बाद बच्चे के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना का करण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मंझौल डीएसपी के नेतृत्व में सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है। फिलहाल पुलिस दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है।

## चार पंचायतों में जमा बाढ़ का पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत के लोग बाढ़ की विभिषिका को झेल रहे हैं। इन पंचायतों में विगत दिनों आई बाढ़ के कारण विद्यालयों में पठन-पाठन बाधित हो गया है। जिसको लेकर विभाग द्वारा विद्यालयों को बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी तुषार सिंघला के निर्देश पर गंगा नदी में आई बाढ़ से प्रभावित विद्यालयों के शिक्षकों को शनिवार को बलिया बीईओ सुरेंद्र कुमार पांडे के द्वारा नजदीक के विभिन्न विद्यालयों में टैग किया गया है। इस संबंध में बीईओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 27 विद्यालय बाढ़ प्रभावित हुये हैं। जिसमें प्राथमिक, उच्च एवं मध्य विद्यालय शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी बाढ़ प्रभावित विद्यालयों के शिक्षकों को प्रखंड क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में टैग किया गया है। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित विद्यालयों के शिक्षक पत्र निर्गत के बाद टैग किये गये विद्यालयों में अपना योगदान तब तक देंगे जब तक अगला आदेश जारी नहीं किया जाता है। बताया जाता है कि प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय गोखले नगर विष्णुपुर, मध्य विद्यालय ताजपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय परमानंदपुर, श्री शंकर प्लस टू विद्यालय गोखले नगर विष्णुपुर, प्राथमिक विद्यालय असर्फा, अनुसूचित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिरअलीपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय मसुदनपुर, मध्य विद्यालय हसनपुर, राजत मुखलाल उच्च विद्यालय शादीपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौरंगा, मध्य विद्यालय शिवनगर, मध्य विद्यालय भवानंदपुर, प्राथमिक विद्यालय बेरा शाहपुर, अनुसूचित प्राथमिक विद्यालय मसुदनपुर सहित सभी 27 विद्यालयों के शिक्षकों को टैग किया गया है।

## अंचल परिषद का 11वां सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम तेतरी में शनिवार को डंडारी अंचल परिषद का 11 वें अंचल सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ प्रो उपेंद्र साह ने झंडोतोलन से किया। इस दौरान सम्मेलन की अध्यक्षता अंचल सचिव जयप्रकाश मंडल एवं कार्यकारी अंचल सचिव भिखारी ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। जबकि प्रतिनिधि मंडल आम सभा का उद्घाटन बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने किया। सम्मेलन का पर्यवेक्षण भाकपा जिला सचिव मंडल सदस्य प्रताप नारायण सिंह एवं डंडारी के प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन में कार्यकारी अंचल सचिव भिखारी ठाकुर के द्वारा राजनीतिक व सांगठनिक प्रतिवेदन बहस के लिए प्रस्तुत किया गया। जिसे बहस के बाद स्वीत किया गया। सम्मेलन में सर्व सहमति से प्रो. उपेंद्र साह के द्वारा अंचल परिषद कार्यालय के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण अपनी दो कट्टा जमीन का निबंधन दस्तावेज दान स्वस्थ संगठन को समर्पित किया गया। जिसे सर्व सहमति से स्वीकार किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ किसान नेता प्रताप नारायण सिंह, बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान, डंडारी प्रभारी संजीव कुमार सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य सह प्रखंड प्रमुख तनवीर अहमद, प्रो. उपेंद्र साह आदि ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य के नाम पर गरीब वोटरों को वोट से वंचित करने की साजिश रची जा रही है।

## दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व की तैयारियों पर चर्चा

### बंद पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटों की होगी मरम्मत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर नगर पंचायत कार्यालय सभागार में शनिवार को बोर्ड की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद संतोष कुमार यादव ने की। बैठक में पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा करने के साथ-साथ आगामी त्योहारों – हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस (मिलादुन्नबी), दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व – की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य पार्षद संतोष कुमार यादव ने सभी सफाई निरीक्षकों और सफाई जमादारों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में किसी भी पूजा पंडाल और सार्वजनिक स्थलों के आसपास विशेष सफाई-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, डस्टबिन लगाकर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई कर्मचारी लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर क्षेत्र की बंद पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराई जाए और आवश्यकता अनुसार नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित तीसरे और चौथे किस्त का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने, लाभुकों की फसल संधारण और जियो-टैगिंग फोटो व लंबित कार्यों को पूरा करने का भी आदेश दिया गया। छठ पर्व की तैयारियों को लेकर शिवाजी पोखरा और बोली पोखरा छठ घाटों पर सभी बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। घाटों पर विशेष सफाई, रंग-रोगन, सड़क-नाली मरम्मत, संपूर्ण लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग, नियंत्रण कक्ष, वॉच टावर और चेंजिंग रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अनिल कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी अभिषेक आनंद, उपमुख्य पार्षद धनुराज देवी, उपाध्यक्ष रौशन पांडेय, सफाई निरीक्षक राजीव रंजन चौधरी, धर्मेंद्र गुप्ता सहित सभी वार्ड पार्षद और कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिवाजीनगर में वन प्रमंडल का पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड के राधा कृष्ण मंडल गोविंद गोस्वामी महाविद्यालय परिसर में रविवार को वन प्रमंडल रोसड़ा के सौजन्य से पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, स्थानीय बुद्धिजीवी एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य प्रो. कुंडेश्वर प्रसाद सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज कैंपस को हरियाली से आच्छादित करने के उद्देश्य से 200 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित जीवन देने का सबसे बड़ा उपहार हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रभारी प्राचार्य रामनाथ सिंह, वरिष्ठ सेवा निवृत्त प्रो. नंद कुमार सिंह, प्रो. नरेंद्र सर उर्फ बाबा, प्रो. बैजनाथ प्रसाद सिंह, प्रो. राजकुमार सिंह, समाजसेवी संजय पटेल, शिक्षाविद् रामकुमार, वरिष्ठ नागरिक रामबालक सिंह, युवा समाजसेवी अभिषेक कुमार एवं नीरज कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।सभी वक्ताओं ने वृक्षारोपण को जीवन से जोड़ते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। तभी यह अभियान सार्थक होगा।महाविद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों में नीम, पीपल, अशोक, आम, अमरूद, सागवान, कचनार सहित औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे और उन्होंने पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल का संकल्प लिया।स्थानीय लोगों ने वन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल महाविद्यालय परिसर हरियाली से भर जाएगा बल्कि पूरे इलाके में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी जाएगा।

## आइपका का चौथा प्रतिभा सम्मान सह शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फारबिसगंज (अररिया)।** ऑल इंडिया प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन (आइपका) का चौथा प्रतिभा सम्मान सह शिक्षक सम्मान समारोह अध्यक्ष राशिद जुनैद की अध्यक्षता में रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारबिसगंज के सभा भवन में संपन्न हुई। जिसमें 15 जिलों के लगभग 150 शिक्षक और 400 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी रहे उन्होंने अपने हाथों से सभी शिक्षकों को मोमेंटो प्रदान कर बेहतर शिक्षण के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के संदर्भ में सचिव सविता ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष मैट्रिक, इंटरमीडिएट, कला, खेल, संगीत, आदि के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्साहवर्धन व उनके शिक्षक को बेहतर मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता रहा है। इस इस वर्ष समारोह में बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों में अररिया के अलावा गोड्डा, दरभंगा, समस्तीपुर, पूर्णिया, किशनगंज, सुपौल, मधेपुरा, कटिहार, बांका, भागलपुर सहित अन्य जिलों के छात्र और शिक्षक को एक मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी ने कहा कि यह हम सबों के लिए यह काफी गौरव का पल है कि फारबिसगंज की धरती पर इतना विशाल शैक्षणिक समारोह हो रहा है जिसके हम सभी साक्षी हैं। मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व डीएसपी व पटना साइंस कॉलेज के प्राध्यापक अखिलेश कुमार ने छात्रों का काउंसलिंग कर बच्चों को करियर से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का जवाब बड़ी ही संजीदगी साथ देते दिखे। विशिष्ट अतिथि प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफ़ेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कुमार अनूप ने कहा कि जिस संगठन की बुनियाद 2020 में सामान्य उद्देश्य के लिए रखा गया था आज वह बिहार के सभी जिलों के अलावे अन्य राज्यों में भी शिक्षकों को संगठित व सुसज्जित करने का कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि रुंगटा इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के निदेशक संजय प्रधान ने कहा कि हमारे प्रांगण में पूरे राज्य भर से इतने मेधावी बच्चों का आवागमन हुआ यह सुखद अनुभूति है। समारोह को विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्य पार्षद गुंजन सिंह, प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफ़ेयर एसोसिएशन के जिला महासचिव खुर्शीद खान, कार्यकारी अध्यक्ष अजीत सिंह, कोषाध्यक्ष सोनू अंसारी, उद्योगपति विजय प्रकाश, आदर्श गोयल, समाजसेवी वाहिद अंसारी, रमेश सिंह ,शाहजहां शाद, इजहार अंसारी, आरआईटीएम के निदेशक अभिजीत कुमार ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मंच का सफल संचालन सदस्य नवनीत सिंह, ज्योति सिंह व शाहिद अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईपका के अध्यक्ष राशिद जुनैद, सचिव सविता ठाकुर, अररिया जिला अध्यक्ष एलके बॉस, सचिव अभिषेक आनंद आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते मंगलवार को रक्सौल के गमहरिया नहर चौक के पास स्कॉर्पियो और ट्रक की भीषड भिडंत में घायल दूसरे व्यक्ति की भी मौत आज पटना में ईलाज के क्रम में हो गई।मृतक कंगली थाना के पोखरिया गाँव के रहने वाले मनोज राय का पुत्र आदित्य राय बताया जा रहा है। गौरतलब है कि इसके पहले गंभीर रूप से घायल कंगली थाना के ही रहने वाले रौशन यादव के पुत्र अमित यादव की भी ईलाज के क्रम में पटना में मौत हो गई थी।

### सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन आज

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो।** शहर के गांधी मैदान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन सोमवार को होगा। खेल महोत्सव का उद्घाटन महाभारत में श्री कृष्ण की भूमिका निभाने वाले लोकप्रिय अभिनेता, पूर्व सांसद नीतीश भारद्वाज करेंगे। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री बिहार सरकार सम्राट चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद व पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार राधा मोहन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी विधायक भी उपस्थित रहेंगे। सांसद श्री सिंह ने खेल महोत्सव को लेकर क्षेत्र के युवाओं को बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया है।उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।



### मारपीट में दोनो पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के लौकरिया गांव में मारपीट की घटना घटी है। मामले में दोनों पक्ष ने शिकारपूर थाने पहुचकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में एक पक्ष की लौकरिया गांव निवासी सबिता देवी ने गांव के ही सुरेश मुखिया, रिता देवी समेत पांच लोगों को नामजद किया है। आरोप लगाया है कि दुकान के बकाए रुपए मांगने पर आरोपित गाली गलौज व मारपीट करने लगे। बीच बचाव में उसके पति व पुत्री से भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के सुरेश मुखिया ने एफआईआर में उमेश मुखिया, सबिता देवी समेत सात लोगों को नामजद किया है। आरोप है कि पूर्व से चल रहे भूमि विवाद को लेकर आरोपितों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। बचाने में उसकी पत्नी और बेटी को भी मारा पीटा गया।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दोनो पक्षो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग छात्रा का अपहरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के एक मुहल्ले से एक नाबालिग छात्रा का का अपहरण कर लिया गया है।मामले में नाबालिग के पिता ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में नाबालिग के पिता ने भैरोगंज निवासी धनु कुमार नामक एक व्यक्ति को नामजद किया है। आरोप है कि आरोपित उसके मुहल्ले में किराए के मकान में रहता है। उसकी पुत्री हाई स्कूल में पढ़ने गई थी और वापस नहीं लौटी। खोजबीन में आरोपित द्वारा अपहरण कर लिए जाने की जानकारी मिली। पुछताछ करने गए तो युवक के घरवालो ने गाली गलौज दे कर घर से भगा दिया। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्व विधायक राजेश सिंह ने किया क्षेत्र का भ्रमण

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में विधानसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। तारीखों का ऐलान अभी बाकी है। ऐसे में सभी दल के प्रत्याशी अपने पक्ष में वोट करने के लिए कमर कस मैदान में कूद पड़े हैं। वही लौरिया योगापट्टी विधानसभा 05 से भाजपा के विधायक विनय बिहारी कर रहे हैं तो दूसरी तरफ धनहा और वाल्मीकिनगर विधानसभा से विधायक रहे राजेश सिंह भी भाजपा से प्रबल दावेदार के रुप मे लौरिया योगापट्टी क्षेत्र में भ्रमण कर लोगो से अपने पक्ष में वोट करने के अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार के दिन लौरिया प्रखंड के सिसवनिया पंचायत, सुगर छाप, पिपरा, और मठिया पंचायत में घूम घूम कर लोगो से मिलकर अपने पक्ष में वोट करने कि अपील कर रहे हैं। वही स्थानीय लोगो का खूब समर्थन मिल रहा है। बतादे की धनहा के पूर्व विधायक राजेश सिंह ने बताया कि मुझे लौरिया योगापट्टी से चुनाव लड़ने के लिए शीर्ष नेतृत्व से का आशीर्वाद प्राप्त हो चुका है। ऐसे परिस्थिति ने मैं लौरिया योगापट्टी क्षेत्र के लोगो से आशीर्वाद लेने के लिए आए हैं। आप लोगो का प्यार और आशीर्वाद मिला तो निश्चित ही बेहतर कर दिखाएंगे। मौके पर विजय ठाकुर, रविरंजन पांडेय, रामु ठाकु, अमन ठाकुर, विजय श्रीवास्तव, संदीप ठाकुर, पंचायत अध्यक्ष प्रियतम कुमार सहित सौकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चाकूबाजी में फरार चल रहा युवक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में विते जुलाई माह में टेंपो चालक से चाकू बाजी मामले में एक आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राजपुर गांव निवासी अखिलेश राम के रूप में की गई है। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था । पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना पर अखिलेश राम को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक घटना के बाद से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है। बता दे कि कि राजपूर गांव निवासी मुरारी मिश्र टेंपो चलाकर घर जा रहा था। रास्ते मे अखिलेश राम समेत चार-पांच युवको ने उसे घेर लिया और उसके पुत्र के साथ मारपीट की पॉकेट से आठ हजार रुपए छीनकर चाकू से गोद कर जख्मी कर दिया था। मामले में मुरारी मिश्र के पिता मृत्युंजय मिश्र ने शिकारपूर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमे अखिलेश समेत पाँच लोगो का नाम शामिल है।

### 42 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरैया पुलिस ने गुप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाई करते हुए हुए हरैया थाना क्षेत्र के ही भालुआहा गाँव से एक गांजा तस्कर को करीब 42 किलो गांजा के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गांजा तस्कर का नाम पप्पू कुमार पिता सोना लाल यादव है और उम्र 27 वर्ष के करीब है। उक्त तस्कर को पुलिस ने हरैया थाना कांड संख्या 108/25 दिनांक 31/08/25 धारा 8(C)/ 20(b) (ii)(C)/ 22(C)/ 23(C)/ 29 दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए मोतिहारी भेज दिया। यह जानकारी हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान ने प्रेस को दी।



### मुखिया संघ की बैठक में नही पहुचे अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुखिया संघ की एक गुट की बैठक रविवार को शिकारपुर मुखिया राहुल जायसवाल के आवास पर की गई। जिसकी अध्यक्षता केहुनिया रोआरी मुखिया प्रतिनिधि राजू वर्मा ने की। इस बैठक में प्रखंड के 27 में से 18 पंचायतों के मुखिया के उपस्थित होने का दावा किया गया। इस बैठक से संघ की गुटबंदी और खेमेबाजी स्पष्ट नजर आ रही है। बैठक के दौरान प्रखंड मुखिया संघ को भंग करके नए सिरे से संघ का गठन करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। जिससे साफ स्पष्ट हो रहा है कि प्रखंड मुखिया संघ में दरार पड़ चुकी है। हालांकि इस बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष अजित कुमार दुबे उर्फ बला दुबे एवं उपाध्यक्ष अभिजीत कुमार दुबे उर्फ सन्नी दुबे शामिल नहीं हुए। अध्यक्ष श्री दुबे ने इस बैठक को गलत एवं गैरवाजिब करार दिया है। उन्होंने बताया कि कुछ मुखिया का पंचायत कार्यालय को नियम विरुद्ध संचालित करना चाहते है जिसका प्रस्ताव आया था। नियम विरुद्ध होने के चलते उसपर सहमति नही दी गयी जिसको लेकर यह बैठक की गई है। उन्होंने प्रस्ताव पर कई मुखिया का हस्ताक्षर सही नहीं होने की भी बात कही ।

### मारपीट के आरोप में मुखिया का बेटा गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर थाना के परसा गांव में बात-बात को लेकर हुई विवाद में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में सगरौवा पंचायत के मुखिया का बेटा आशीष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि हरेश कमार के आवेदन पर चार लोगों पर केस दर्ज की गई है।

# पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह की रिहाई की मांग को लेकर एकमा बाजार में निकला विशाल पैदल मार्च

## सरकार से मानवीय आधार पर रिहाई की अपील: समरेंद्र बहादुर सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**एकमा (सारण)।** हजारीबाग जेल में बंद पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह की रिहाई की मांग को लेकर रविवार को एकमा बाजार में में विशाल पैदल मार्च निकाला गया। समर्थकों ने बैनर, पोस्टर व तख्तियां लेकर "जेल का ताला टूटेगा, वीर प्रभुनाथ छूटेगा" जैसे नारों के साथ रिहाई की मांग तेज की। पैदल मार्च का शुभारंभ हंसराजपुर स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से शुरू हुआ, जो नगर पंचायत एकमा बाजार की विभिन्न सड़कों से होकर गुजरता हुआ पुनः मंदिर परिसर में पहुंच कर समापन हुआ।न पैदल मार्च में मुख्य रूप से पूर्व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राकेश सिंह उर्फ सिटी सिंह, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, वीरेश सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, धनंजय सिंह, मनीष कुमार सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजू सिंह, पूर्व जिला पार्षद नागेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह पन्नू, मनु सिंह, अमित सिंह, अमरनाथ सिंह, चंदन सिंह, पंकज सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता चुन्नू सिंह, मुन्ना सिंह, भाजपा युवा नेता गौरव सिंह किशन, भीम कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, हरेंद्र पटेल, शौकत अली अंसारी, नोनिया संघ के नेता रवि कुमार महतो, टीका बाबा, विजय सिंह, पुलिस बाबा सहित हजारों की संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता व आमजन शामिल हुए। सभी ने प्रभुनाथ सिंह के प्रति अपनी निष्ठा व समर्थन व्यक्त किया। इस दौरान आयोजित पैदल मार्च में भाग ले रहे शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रभुनाथ सिंह मुखर समाजवादी नेता रहे हैं, जिनकी कमी न केवल सारण प्रमंडल बल्कि पूरे उत्तर बिहार में महसूस की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभुनाथ बाबू तीन बार विधायक व चार बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने हमेशा क्षेत्र की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से पहुंचाया। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जब प्रभुनाथ सिंह की सेहत प्रभावित है, तब उन्हें मानवीय आधार पर रिहा किया जाना चाहिए।

# महागठबंधन ने किया प्रधानमंत्री पीएम मोदी का पुतला दहन

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम में बीजेपी के कार्यकताओं द्वारा घुस कर मार पिटाई किये जाने के मामले को लेकर आज महागठबंधन के नेताओं ने प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी के नेतृत्व में शहर के चौधरी चरण सिंह गोलम्बर कौड़ीहार चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव सह कांग्रेस नेता प्रोफेसर अखिलेश दयाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हीं दंगाईयों की पार्टी है। जिस प्रकार प्रदेश के कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम पर मंत्री नीतिन नवीन के नेतृत्व में पत्थरबाजी की गई है इससे यह स्पष्ट होता है कि बिहार में चुनाव का वक्त नजदीक आ चुका है। जिस प्रकार वोटर अधिकार यात्रा को बिहार के सभी जिलों में अपार जनसमर्थन मिल रहा है इससे भाजपा के लोगों की बौखलाहट बढ़ गई है जबसे भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई है तब से देश का माहौल खराब ही हुआ है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष छोटेलाल चौरसिया ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा से न्याय योद्धा जननायक श्री राहुल गांधी जी का कद कई गुना बढ़ गया है जिससे बिहार की एनडीए सरकार पुरी तरह घबड़ा गई है इनकी हड़बड़ाहट और बौखलाहट इस कांड के बाद खुलकर सामने आ गई है। इस बार के चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बिहार में बननी तय है। इस कार्यक्रम में राजेश्वर पांडे, जिशान अंसारी, युगल किशोर तिवारी,उमर अंसारी, प्रदीप कुमार,रंजन राज, प्रमोद कुमार, ईश्वर चन्द्र प्रसाद, रामनारायण कुमार, महेंद्र कुमार, विश्वास कुमार, मोहन कुमार, देवेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, महम्द कैश, विक्की कुमार, सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# चाकूबाजी में युवक घायल

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के बरवा सेमरा घाट पंचायत वार्ड संख्या 10 बघमबरपुर में रविवार को हुई चाकूबाजी की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। इस घटना में स्थानीय निवासी देवानंद सिंह (32 वर्ष), पिता डॉ. रामभरोस सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया।घायल देवानंद सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर स्थानीय मठ पर डोल व भोज का आयोजन हुआ था, उसी दौरान सुनील दास, दिनेश दास, नागेंद्र दास, सनोज दास और सिकंदर कुमार से विवाद हुआ। इसी विवाद के बाद रविवार सुबह करीब 9 बजे उक्त सभी लोग उनके घर पहुँच गए और मारपीट करने लगे। इसी क्रम में सुनील दास ने चाकू से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया।वहीं, दूसरी ओर इलाजरत सुनील दास ने प्रतिपक्ष पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि गढ़वा से रुपये वसूलकर लौटने के दौरान रास्ते में देवानंद सिंह समेत पाँच लोगों ने घेरकर मारपीट की। इस दौरान देवानंद ने लाठी से वार कर उनके सिर पर गंभीर चोट पहुँचाई और उनकी जेब से 30,000 भी छीन लिया। सुनील दास के सिर में गहरी चोट आई है और नौ टांके लगाए गए हैं।घटना के बाद दोनों पक्षों द्वारा थाने में लिखित शिकायत दी गई है। देवानंद सिंह के पिता डॉ. रामभरोस सिंह ने पाँचों आरोपितों पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

## आधा दर्जन वारंटियों को पुलिस ने दबोचा, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की।थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडों में लंबे समय से फरार चल रहे आधा दर्जन आरोपितों को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में की गई है। गिरफ्तार आरोपितों में भटवलिया के महबूब मियां, रामनगर बनकट के दिलमहम्मद मियां और सादिक मियां, पुरशोतीमपुर के हवलदार मियां, लालसरैया के अवध सहनी तथा बरवां के मुन्ना तिवारी शामिल हैं।

# वन विभाग की जमीन को अंचलाधिकारी ने कर दिया बंदोबस्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड अंचल ने वाल्मीकि ब्याघ्र आरक्ष्य की 4.94 एकड़ भूमि को छह रैयतों के नाम से जमाबंदी व बंदोबस्ती कायम कर दिया है। इसको लेकर वन प्रमंडल-वन के वन प्रमंडल पदाधिकारी सह उपनिदेशक विकास अहलावत ने अपर सहमर्ता को पत्र लिखकर जमाबंदी व बंदोबस्ती को रद्द करने की बात कही है। साथ ही वन भूमि की बंदोबस्ती कायम करने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा गया है। पत्र में डीएफओ ने कहा है कि वीटीआर प्रमंडल -एक के अधिसूचित वनभूमि को अंचलीय अभिलेख खतियान पार्ट-टू में वनभूमि दर्ज कराने को लेकर अनेकों पत्र लिखा गया, ताकि अधिसूचित वनभूमि सुरक्षित रहे।साथ ही माननीय उच्च न्यायालय के पारित आदेश के उलंघन से बचा जा सके है। उन्होंने बताया कि बीपीएलई वाद संख्या-2/2025 राज्य सरकार बनाम मुखलाल उरॉव साकिन पुरैनिया,थाना मानपुर ने 21 अगस्त 2025 को समर्पित अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि अधिसूचित वनभूमि को मैनाटांड अंचल कर्मियों द्वारा बंदोबस्ती वाद संख्या-19/1996-97 द्वारा गलत बंदोबस्ती कर जमाबंदियां कायम कर दी गई है तथा लगान रसीद निर्गत किया जा रहा है। जबकि यह भूमि वाल्मीकि ब्याघ्र आरक्ष्य अधिसूचित भू-भाग में सम्मिलित है। वन प्रखंडल-वन के डीएफओ ने एडीएम को लिखे गए पत्र में स्पष्ट कहा है कि वाल्मीकि ब्याघ्र के अधिसूचित भू-भाग में किसी रैयत के नाम से बंदोबस्ती या जमाबंदी कायम करना माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों की अवहेलना है। ऐसे में अधिसूचित वनभूमि पर कायम गलत बंदोबस्ती व जमाबंदी को एडीएम से रद्द करने को कहा गया है। साथ ही वनभूमि को बंदोबस्ती व जमाबंदी कायम करने में संलिप्त अंचल कर्मियों पर विधि-सम्मत कार्रवाई करने की बात कही गई है।

# छेना से तौले गये पूर्व मंत्री सम्मान समारोह आयोजित



**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा देवीगंज खेल के मैदान में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि के नेतृत्व में छेना तौल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इनरवा निवासी मनोज गिरि ने की। जबकि संचालन राजेंद्र प्रसाद ने की। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए पुर्व मंत्री खुर्शीद आलम उर्फ फीरोज अहमद ने कहा आपलोग के बीच में रहा हूं आपलोगों ने मुझे आत्म सम्मान दिया है। सिकटा विधानसभा आपका है। वक्त को समझो। ये मेरा आखिरी लडाई है। आपलोग की नजर में अगर मैनें सिकटा मैनाटांड के विकास किया है तो एक बार मौका जरूर दें। आगे उन्होंने कहा जंगल से सटे अहिर सिसवा से मानपूर तक जो जंगली जानवरों से किसानों का फसल बरबाद होता है मैं उसको सरकार से घेराबंदी कराने की कोशीश करूगां। अगर सरकार उसे घेराबंदी नहीं कराती है तो मैं उसे निजि कोष से कराउंगा। पुर्व मंत्री ने कहा प्रखंड के गांव गांव में छठीया घाट पूल पूलीया और पक्की सडक बनवाया हूं। जिसे आज गरीब वर्ग के लोग टेम्पू चलाकर अपना परिवार का जिवन यापन करते है। वहीं सभा को संबोधित करते हुए मनोज गिरि ने कहा पुर्व मंती के नेतृत्व में सिकटा मैनाटांड का चैतरफा विकास हुआ है और आगे भी होगा। वही सभा के बाद पुर्व मंती को 98 किलो छेना से तौला गया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि गणेश साह उर्फ भोट साह सनोज गिरि मुज्जफर आलम आदि मौजूद रहें।

## करंट की चपेट में आई मां-बेटी, बाल-बाल बची दोनों की जान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को गंडक कॉलोनी वार्ड संख्या 07 में करंट लगने से मां-बेटी बुरी तरह झुलस गईं। हादसा उस समय हुआ जब छह वर्षीय करीना कुमारी घर के लोहे के दरवाजे को खोलने गई। बारिश के कारण घर में नमी थी और खुले तार के संपर्क में आने से दरवाजे में करंट दौड़ रहा था। जैसे ही बच्ची ने दरवाजा धक्का दिया, वह जोर से चिल्लाते हुए दरवाजे से चिपक गई।करीना की चीख सुनकर उसकी मां माला देवी (27 वर्ष) दौड़ीं और बेटी को छुड़ाने के लिए हाथ पकड़ लिया। लेकिन करंट के तेज झटके से मां भी उसकी चपेट में आ गई और जोर से दूर जा गिरीं। घटना देख घर के अन्य सदस्य घबरा उठे। हिम्मत जुटाकर घर के लड़कों ने बांस की लकड़ी से बिजली का तार तोड़ा और करंट का प्रवाह रोक दिया। जैसे ही बिजली का संपर्क टूटा, मां-बेटी की जान बच सकी।

# वाहन जांच के लिए रात को सड़क पर उतरे डीआईजी और एसपी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार की रात पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। चंपारण क्षेत्र के डीआईजी हरकिशोर राय और एसएसपी डा. शौर्य सुमन खुद वाहन जांच अभियान की कमान संभाले हुए थे। जिले के सभी थानों में जांच अभियान चला। शाम छह बजे से रात नौ बजे तक सड़क से गुजरने वाले वाहनों की पुलिस तलाशी ली। डीआईजी और एसपी के साथ सदर एसडीपीओ वन विवेक दीप समेत अन्य कई पुलिस पदाधिकारी जांच में शामिल रहे। इस दौरान पुलिस वाहनों की तलाशी ली, उनके कागजात की जांच की गई है। वाहन जांच के दौरान डीआईजी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान नियमित जारी रहेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और अपराध नियंत्रण को सुनिश्चित करना है। इससे अपराध नियंत्रण के साथ असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने में भी मदद मिलेगी। वही आम लोगों ने वाहन जांच अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की इस पहल से अपराधियों और और असामाजिक लोगों के हरकतों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी ही सुरक्षित यातायात के प्रति भी लोगों में जागरुकता आएगी। सड़क पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों में डर बना रहेगा। वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना भी वसूला गया।

# विभिन्न मामलों के 61 आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस शनिवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 61 आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चैधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में 31 वारंटी समेत 61 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से 11 की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय 37 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 49 लीटर 240 मिलीलीटर शराब व तीन जब्त किया गया है। पुलिस तस्करों के चंगुल से तीन मवेशियों को मुक्त कराई है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से पांच लाख 24 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है।

# नेपाली मतदाताओं से मांगा भारतीय नागरिकता का साक्ष्य

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नरकटियागंज प्रखंड में 43 नेपाली नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सामने आया है। जिसमे कई नागरिकों ने यहां के आधार कार्ड के साथ आवेदन किया है। जिसमे से कई ने नेपाली सर्टिफिकेट व वहां के साक्ष्य दे दिया है। इसको लेकर प्रशासन ने उन्हें नोटिस भेजकर भारतीय नागरिकता का साक्ष्य मांगा है। एईआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान 43 नेपाली नागरिकों ने यहां आधार कार्ड के साथ आवेदन किया है। हालांकि इनमें से कई ने नेपाली सर्टिफिकेट व वहां का साक्ष्य दे दिया है। नई नियमावली के अनुसार मतदाता सूची में उनका नाम रखने को लेकर भारतीय नागरिकता का प्रमाण मांगा गया है। इसको लेकर उन्हें नोटिस भेजा गया है।एईआरओ ने बताया कि चार सितंबर तक सभी को आवश्यक साक्ष्य के साथ उपस्थित होना है।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे अत्यंत ही गर्व एवं हर्ष की अनुभूति हो रही है। उक्त बातें केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहीं। साथ ही।कहा की यह अवसर मेरे लिए सम्मान का विषय है कि मैं भविष्य के उन नवप्रभातों के बीच उपस्थित हूँ। जो आने वाले कल के भारत को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँगे। प्रिय विद्यार्थियों, 'दीक्षारंभ' केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह आपकी नई यात्रा का उद्घोष है। आज से आप विश्वविद्यालय जीवन में प्रवेश कर रहे हैं। यहाँ आपको केवल शिक्षा ही नहीं मिलेगी, बल्कि संस्कार, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध भी मिलेगा। मैं स्वयं किसान परिवार से जुड़ा हूँ और मैंने देखा है कि मेहनत और शिक्षा का संगम ही जीवन को सफल बनाता है। आप सभी का यह जीवन-काल सबसे मूल्यवान है। यही समय है जब आप अपना व्यक्तित्व गढ़ सकते हैं और अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। वही विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री डॉ राज भूषण चौधरी ने कहा कि महात्मा गाँधी ने कहा था "शिक्षा का अर्थ है, चरित्र निर्माण, सत्य और अहिंसा की साधना।" इन्हीं आदर्शों के साथ आपको आगे बढ़ना है।आज भारत एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। विज्ञान, तकनीक, कृषि, पर्यावरण, हर क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं। इन संभावनाओं का लाभ आप तभी उठा पाएँगे जब आप अनुशासित, परिश्रमी और दूरदर्शी होंगे। वही मुख्य अतिथि कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि प्रिय विद्यार्थियों आप यह न भूलें कि आपकी शिक्षा केवल आपकी व्यक्तिगत प्रगति के लिए नहीं, बल्कि इस समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए भी है। आप जहाँ भी जाएँ, अपने गाँव, अपने शहर और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। आपके भीतर की ऊर्जा ही भारत की शक्ति है। आपके सपने ही भारत का भविष्य हैं। इसलिए "बड़े सपने देखिए, उन्हें पूरा करने का साहस रखिए, और समाज व देश के लिए उपयोगी बनिए।आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' आई है। जिसकी आत्मा है 'भारतीय ज्ञान परंपरा'। आपको यह जानना होगा कि ज्ञान केवल किताबों में नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी, हमारे लोकगीतों, हमारी परम्पराओं और संस्कृति में भी है। अपने चहुँओर फैले ज्ञान को आत्मसात कीजिए।अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कीजिए, शिक्षा और संस्कार से परिपूर्ण होइए और भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में अपना योगदान दीजिए।चम्पारण की धरती केवल बिहार की नहीं, बल्कि पूरे भारत की आजादी की प्रयोगशाला रही है। यह वही भूमि है जहाँ सत्याग्रह की नींव रखी गई और जहाँ से महात्मा गाँधी के नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने एक नई दिशा प्राप्त की। इसी संघर्ष की स्मृति और इसी धरती की ऐतिहासिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी की स्थापना की। यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं है, बल्कि चम्पारण सत्याग्रह की जीवंत स्मृति है। यहाँ शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण भी है। यह ज़िम्मेदारी आप सभी युवा साथियों पर है कि आप इस विश्वविद्यालय की स्थापना को सार्थक करें।मुझे यह कहते हुए अत्यंत ही प्रसन्नता एवं गर्व की अनुभूति हो रही है कि महज 9 वर्षो के इस विश्वविद्यालय ने आशातीत प्रगति की है। मैं इस विश्वविद्यालय के स्थापना काल से ही इससे जुड़ा रहा हूँ और इस विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा देखकर मेरा हृदय गदगद हो उठता है। पिछले दो दीक्षांत समारोहों में भारत के राष्ट्रपति महोदय एवं उपराष्ट्रपति महोदया के आगमन ने इस संस्थान की गरिमा बढाई है। एक नव-प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के लिए इससे ज्यादा गौरव की बात और क्या हो सकती है ?विश्वविद्यालय के भवन-निर्माण प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण होगी और मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि वह दिन दूर नहीं जब विश्वविद्यालय अपने भव्य भौतिक स्वरुप को प्राप्त करेगा। सरकार और प्रशासन दिन रात इस दिशा में कार्यरत है। लेकिन एक शैक्षणिक संस्थान की असली पूँजी उसके शिक्षक एवं छात्र हैं। महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अपने शिक्षकों और छात्रों की अद्वितीय मेधा से प्रकाशमान है और यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।वही विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानु शासक प्रो प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि आप महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की गरिमा को अपने कर्म, अपने चरित्र और अपनी सफलता से ऊँचा उठाएँगे।" आप भाग्यशाली हैं कि आप उस विश्वविद्यालय का हिस्सा हैं ।यही दीक्षारंभ का संदेश है और यही चम्पारण की विरासत है।इन्हीं शब्दों के साथ आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मैं अपनी वाणी को विराम देता हूँ। मौके पर शिक्षक गण, अभिभावक, विद्यार्थी उपस्थित थे।

CMYK

# मांगों को लेकर पटना में प्रदर्शन करेंगी सेविका-सहायिका

## तैयारी को लेकर की गई बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के डाकबंगला स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के परिसर में बिहार राज आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से 8 सितंबर 2025 के एकदिवसीय पटना मे प्रदर्शन करने का निश्चित हुआ है। जिसके लिए सभी सेविकाओं को पटना चलने के लिए तैयारी करने हेतु बोला गया। इसके साथ ही सरकार से मांग किया गया कि सेविका सहायिकाओं का मानदेय अवश्य बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही सेविकाओं द्वारा कोर्ट में दायर की



गई, परिवाद के संबंध में सेविकाओं से चर्चा की गई। साथ ही साथ सरकार द्वारा एफआरएस लागू किया गया। जिसको सेविकाओं ने स्वागत किया, परंतु इससे होने वाली लाभ को समस्या सेविकाओं की मोबाइल की समस्या तथा कार्यालय द्वारा डाली जा रही। बढ़ाओ के बारे में विशेष रूप से चर्चा की गई। आशा एवं उम्मीद के साथ सहमति जाते की 8 सितंबर को हम सभी लोग पटना जाएंगे। तथा एफआरएस करने में हो रही समस्या को बाल विकास परियोजना कार्यालय दूर करें। दूर करने में सहयोग करें और यह एफआरएस से वितरण के बाद सेविकाओं को परेशानी नहीं हो इसका विश्वास सेविकाओं के बीच में जगाएं। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सविता कुमारी यादव, सुधा कुमारी, किरण कुमारी, रेखा कुमारी ,हेमलता कुमारी, सुनीता कुमारी, सरिता कुमारी ,सूरज यादव, राजीव कुमार रजक, मनोज यादव, रंजीत कुमार सिंह, विनोद कुमार शामिल हुए।

# अवैध पिस्तौल और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अवैध पिस्तौल और कारतूस के साथ एक युवक को टंडवा और एसटीएफ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के दुआरी गांव निवासी 23 वर्षीय मिथुन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि दुआरी गांव स्थित डिहयारा पर कुछ व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं जिसके आलोक में पहुंची पुलिस को देख तीन व्यक्ति अचानक भागने लगे जिन्हें पुलिस ने खदेड़ कर एक युवक को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के दौरान अपना अपराध स्वीकार किया और अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मैं अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर हथियार एवं गोली का खरीद बिक्री का काम करते हैं और मै अपना पिस्तौल बेचने के लिए जा रहा था इसी क्रम में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि अवैध पिस्तौल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया है कि उक्त पिस्तौल बिक्री के लिए किसी अन्य व्यक्ति से लिया है। वह ग्राहक की तलाश में था। इसी क्रम एसटीएफ की टीम ग्राहक बनकर उसके पास गई। आरोपी से 80 हजार रूपये में डील तय किया। निर्धारित स्थल पर डिलीवरी के दौरान युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि धंधे में दो अन्य लोग शामिल है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया। इसका आपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध टंडवा थाना में एक कांड दर्ज है।

# फसल को रौंदना बंद करे प्रशासन

## आर-पार के मूड में किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारत माला परियोजना के तहत अधिग्रहित जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर किसान लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उनकी मांग पदाधिकारियों के कानों तक नहीं पहुंच रही है। किसानों का आरोप है कि बिहार सरकार के मुख्य सचिव के आश्वासन के बाद भी लगातार उनकी फसलों को रौंदकर निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। विगत शनिवार को मनोरथा और जगरनाथ बिगहा में प्रशासन ने खड़ी फसलों को रौंदवा दिया। इसके विरुद्ध रविवार की सुबह सैंकड़ों किसान आर-पार की लड़ाई का मन बना कर चिंतावन बिगहा सिवाना के समीप इकट्ठा हो गए लेकिन प्रशासन निर्माण कार्य कराने नहीं पहुंची। मौके पर मौजूद पोकलेन, जेसीबी, ट्रैक्टर के ड्राइवर गाड़ी लेकर वहां से भाग निकले। किसानों का कहना है कि प्रशासन उनके साथ सहयोगात्मक व्यवहार नहीं कर रही है। वे लोग बर्बरता पूर्वक बंदूक की नोक पर जमीन को हड़प लेना चाहते हैं। जबरन किसानों के जमीन पर लहलहाती फसल को अधिकारियों की उपस्थिति में सैंकड़ों पुलिस बल तैनात कर रौंद दिया जा रहा है। इससे दुखदाई बात किसानों के लिए नहीं हो सकती है। किसानों ने कहा कि प्रशासन निर्माणकार्य कर रही पीएनसी कंपनी के इशारे पर काम कर रही है। किसानों ने ठान लिया है कि मुआवजा लिए बगैर वे अपनी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं देंगे।

# गायत्री परिवार ने पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 222वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन काको प्रखंड के मध्य विद्यालय अलीनगर पाली में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम गायत्री परिवार एवं यूको क्लब फॉर मिशन लाईफ के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम के तहत रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शशि शेखर वत्स ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता दोनों परस्पर जुड़े हैं। उन्होंने आगे बताया कि पर्यावरण के लिए वृक्ष सबसे महत्वपूर्ण घटक है जो हमारे जीवन को दिर्घायु और गुणवत्तापूर्ण बनाता है। बच्चों को उन्होंने बताया कि हमारे आसपास के पेड़- पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जो हमारे लिए प्राण वायु कहलाता है। अधिक से अधिक वृक्ष वायु प्रदूषण को कम करने और ग्लोबल वार्मिंग को कम करते हैं। इस अवसर पर गायत्री परिवार के रंगेश कुमार, श्यामनारायण कुमार, अखिलेश कुमार, शिशुपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, भारती जी, श्रीराम शर्मा एवं विद्यालय के शिक्षक जूली कुमारी, चंद्रावती कुमारी, सर्वेश कुमार, राम जी शर्मा, अरुण कुमार, सुनील कुमार, मीना कुमारी, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद सरवर एवं विद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

# नहर में मिली युवती की लाश, इलाके में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकियावां एवं नरमा गांव के बीच भारथू शाखा नहर में एक युवती की लाश मिलने से इलाके में दहशत कायम हो गया है। मौके पर हुलासगंज पुलिस पंहुच आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है तथा एस.एफ. एल की टीम भी पंहुच कर छानबीन में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह जब आसपास के लोग सुबह नहर किनारे टहलने निकले तो नहर में शव दिखाई पड़ी। कुछ लोगों द्वारा शव को नहर में पानी से निकाल कर सड़क किनारे छोड़ हुलासगंज थाना को जानकारी दी गई। शव को प्रथमदृष्टया देखने से स्पष्ट प्रतीत हो रहा था कि युवती की हत्या कर शव को नहर में डाल दिया गया है। मृतक युवती का उम्र लगभग 17- 19 वर्ष के बीच रहा होगा। शव को देखने के बाद पुलिस भी कयास लगा रही है कि युवती का हाथ- पैर बांध कर गला दबा कर पहले हत्या कर दी गई होगी तथा नहर के पानी में डाल दिया गया होगा जो बहकर नरमा गांव के पास पंहुच गई। शरीर पर विभिन्न जगहों पर जख्म तथा कपड़े का फटा होना यह साबित कर रहा है कि मरने के पूर्व युवती द्वारा मारने वालों के साथ संघर्ष किया गया होगा।

# पूर्व मंत्री की पत्नी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान की पत्नी स्वर्गीय धनकली देवी की पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। शहर के सम्राट अशोक सभागार में पुण्यतिथि समारोह सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर पहुंचे आगतुक अतिथियों ने पुष्प अर्पित किया। परिवार जनों ने उन्हें याद करते हुए बताए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि



स्व. धनकली देवी सहृदय एवं मृदुभाषी महिला थीं। धर्म के प्रति सजग रहने वाली महिला के रूप में उनकी क्षेत्र में अलग पहचान थी। उन्होंने सामाजिक सरोकार से लोगो को जोड़े रखने तथा महिलाओं को धर्म के प्रति चेतना और जागरूकता फैलाने में तत्पर रहीं। वक्ताओं ने कहा कि धनकली देवी एक धार्मिक महिला थीं और सामाजिक कार्यों के प्रति भी समर्पित रही थीं। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने सामाजिक सरोकार से लोगो को जोड़े रखने तथा महिलाओं को धर्म के प्रति चेतना और जागरूकता फैलाने में तत्पर रहीं। वह साहसी एवं दृढ़ इच्छाशक्ति की धनी महिला थी। कार्यक्रम के दौरान सैंकड़ों गरीबों तथा बच्चों के बीच साड़ी, धोती, अनाज तथा फल का वितरण किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, जिप सदस्य प्रतिनिधि सुबोध कुमार सिंह, रमेश यादव, विरासत बचाओ संघर्ष परिषद के अध्यक्ष सतेंद्र यादव, राजद वरीय नेता चंदन यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# खेल पखवाड़े में साइकिल रैली एवं मतदाता जागरूकता के संदेश के साथ युवाओं की रही सक्रिय भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली तथा खेल विभाग, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में 29 अगस्त से मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर प्रारम्भ हुए राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतिम चरण में आज 'संडे ऑन व्हील' कार्यक्रम का आयोजन जहानाबाद में जिला प्रशासन द्वारा किया गया। यह आयोजन फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय खेल पखवाड़े की विशेष कड़ी रहा। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी आवास से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में साइकिल रैली निकाली गई जो कारगिल चौक तक पहुँची। रैली को अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) सह वरीय पदाधिकारी, खेल, जहानाबाद विनय कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, युवा खिलाड़ियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। प्रतिभागियों ने खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली,



अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया। रैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिकाओं को अपर समाहर्ता विभागीय जांच विनय कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, जहानाबाद, शिल्पी आनंद ने प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं युवाओं को खेलों के साथ-साथ लोकतंत्र के महापर्व, आगामी विधानसभा निर्वाचन में भी सक्रिय एवं स्वच्छ भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जैसे खेलों में अनुशासन, प्रतिबद्धता और सहभागिता आवश्यक है, उसी प्रकार लोकतंत्र में भी प्रत्येक मतदाता की सजग एवं स्वस्थ भागीदारी नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला खेल कार्यालय, जहानाबाद की भूमिका सराहनीय रही। साथ ही ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा मार्ग सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग दिया गया।यह आयोजन जहानाबाद जिले में फिटनेस, खेल एवं मतदाता जागरूकता का संगम बनकर सामने आया और युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ-साथ लोकतंत्र के प्रति भी जागरूक एवं उत्तरदायी बनने का संदेश दिया।

# जीविका समूह से जुड़कर बदली दीदी की तस्वीर

## दो वक्त की रोटी की थी महोताज अब 156 महिलाओं को बना रहीं आत्मनिर्भर

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हौसलों से ही उड़ान होती है... यह बात 38 साल की महिला लालती देवी पर एकदम सटीक बैठती है। कभी दो वक्त की रोटी को मोहताज जहानाबाद के घोसी प्रखंड के गोडसर गांव की बहु आज 156 महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। वह आज खुद भी अच्छी खासी कमाई कर रही है और दूसरों को भी इससे जोड़कर नया रास्ता दिखा रही है। यही कारण है कि ललिता का उनके गांव गोड़सर में इलाके के लोग दीदी के नाम से बुलाते हैं। बताया जाता है कि सबसे पहले वह 2007 में स्वयं सहायता महिला समूह से जुड़ी थीं। इसके बाद ही उनके जीवन का नया सफर शुरू हुआ। समूह से जुड़ने के 2 साल बाद इंटर की पढ़ाई की। उसके बाद फिर स्नातक की पढ़ाई भी पूरी की। उनका कहना है कि जिस वक्त मैं स्नातक की



पढ़ाई की थी, उस वक्त हम अपने 150 घरों की बस्ती में अकेली महिला थी, जिसके पास स्नातक की डिग्री थी। लालती देवी गोड़सर गांव के महादलित टोला में रहती हैं। वह महादलित टोला की पहली महिला थीं, जिसने मेहनत और लगन से बी.ए. की पढ़ाई पूरी की। एक तरफ पढ़ाई और दूसरी ओर समूह से जुड़कर काम करना एक घरेलू महिला के लिए कम चुनौती भरा नहीं था। लालती देवी समूह से जुड़ने के बाद अन्य लोगों को प्रेरित करती रहीं और आत्म निर्भरता की ओर बढ़ाती रहीं। आज वह अपने गांव के 14 समूह का निर्माण कराकर लोगों को आत्मनिर्भरता की बढ़ रही हैं। आज यही कारण है कि 156 महिलाएं को जोड़ कर विकास की नई राह गढ़ने वाली लालती देवी की प्रशंसा लोग करते नहीं थक रहे हैं। इनकी कहानी इनके कर्मों पर टिका हुआ है और रुटीन के अनुसार वह रोजाना मेहनत करती हैं। इस कमाई से एक ओर जहां घर का खर्च चल रहा है तो वहीं दूसरी ओर वह अपनी कुशलता से लोगों को भी जोड़ कर आत्मनिर्भर बनाने में लगी हुई हैं।

**मेहनत ने दिलाई मुकाम**

लालती देवी का ऐसा कहना है कि कभी हम खाने को मोहताज हुआ करते थे, लेकिन मेहनत और लग्न साथ ही पति के सहयोग से घर परिवार को बुरे दिनों से बाहर निकालकर अब वह अन्य लोगों की प्रेरणा बन चुकी हैं। लालती देवी का सफर यहीं नहीं है, वह अपने गांव में मुख्य सड़क पर एक श्रृंगार दुकान भी खोल रखी हैं। जीविका का काम करते हुए श्रृंगार की दुकान भी चलाती हैं। इसी कमाई से वह दो बेटे और दो बेटी को अच्छी शिक्षा के लिए कोचिंग इंस्टीट्यूट का खर्च भी जुटा रही हैं। एक बेटा सरकारी नौकरी की तैयारी करता है। उनका जिस प्रकार से काम है, उसी को देखते हुए आज सामुदायिक समन्वयक (सीएम) बनी हुई हैं।

# जन सुराज की सत्ता आयेगी तो रुकेगा बिहार से पलायन : डॉ. अभिराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में रतनी फरीदपुर प्रखंड की पंडौल पंचायत के ग्राम पोखवां ढिबरा में जन सुराज पार्टी की 'बिहार बदलाव सभा' आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए शिक्षाविद व जन सुराज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य और जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉ. अभिराम शर्मा ने बिहार के नवनिर्माण को लेकर जन सुराज पार्टी के संकल्प को साझा किया। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण सभा में उपस्थित हुए। सभा में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी देखी गई। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से आगामी विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी बिहार की सत्ता में आएगी। सता में आते ही पार्टी सबसे पहले बिहार से पलायन रोकेगी। 10 से 15 हजार रुपए के रोजगार के लिए लोगों को दूसरे प्रदेशों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर उनके लिए रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। पूंजी का पलायन भी रोका जायेगा। जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार के लिए बहुत कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिहार में बदलाव के लिए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के हाथों को मजबूत करें। सभा को पंडौल पंचायत के मुखिया नंदकिशोर जी, औरंगाबाद जिले की पूर्व जिला पार्षद व जन सुराज की नेत्री चंद्रमणि देवी आदि ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन राकेश कुमार ने किया। इस दौरान सभा में उपस्थित लोगों के बीच परिवार लाभ कार्ड का वितरण किया गया। डॉ. अभिराम शर्मा ने महिलाओं को बताया कि जन सुराज पार्टी अगर इस बार के विधान सभा चुनाव में बिहार की सत्ता में आती है तो हर जरूरतमंद को इस परिवार लाभ कार्ड के माध्यम से प्रतिमाह बीस हजार रुपए तक की आर्थिक मदद पहुंचाई जाएगी।

## एक नजर

### ट्रैक्टर के साथ चालक गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर दाउदनगर थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। साथ ही चालक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चालक की पहचान दाउदनगर निवासी ललन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के पूर्णा बिगहा के समीप की गई है। अवैध बालू के साथ पकड़े गए ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### स्पिरिट के साथ ट्रक चालक व लाइनर गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक स्प्रिट से लदा ट्रक कासमा थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। साथ ही मामले में ट्रक चालक और दो लाइनर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान माली थाना क्षेत्र के नसचाही गांव निवासी छोटू कुमार, गया जिले के शेरघाटी अनुमंडल अंतर्गत पत्थरकटी निवासी रामकिशोर कुमार एवं हजारीबाग के नेउरी कर्मा निवासी पिंटू यादव के रूप में की गई है। इनके पास से ट्रक से 200 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। साथ ही एक कार जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष अक्षवर सिंह ने बताया कि ट्रक से लदा 200 लीटर स्प्रिट जब्त किया गया है। मामले में चालक और लाइनर को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया जायेगा।

### श्री गणेशोत्सव पर भव्य भंडारे का आयोजन

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुर्गा चौक पर गणेश चतुर्थी गणेशोत्सव कार्यक्रम पर महाकाल मंडली समिति के तत्वावधान में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किए। समिति के अध्यक्ष ज्ञानदत्त पाण्डेय ने बताया कि सात दिवसीय गणेशोत्सव कार्यक्रम में गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के धार्मिक उदघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणपति की पूजा अर्चना से शुरु होकर धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस अवसर पर सैकड़ों किलो लड्डू का भोग लगाएं जातें हैं और प्रसाद वितरण होता है। महाकाल मंडली समिति के कार्यकर्ताएं तन मन धन से सहयोग करते है जिसमें निखिल कुमार वर्मा, शशि कुमार, सुनिल कुमार, विशाल कुमार, किशोर कुमार, जीतू कुमार, विजय कुमार सोनी स्वर्णकार, विजय प्रजापति, रंजीत प्रजापति, बबलू सोनी, विक्की कुमार, सागर कुमार, डालो कुमार, निलेश गुप्ता, दीपक कुमार, दीपक गुप्ता, गुड्डू मालाकार आदि का अहम भूमिका रहा है।

### वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज पुलिस ने बस स्टैंड से ख़िरहिरी गांव निवासी रामप्रवेश यादव को न्यायालय से आदेश गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आदेश पर गिरफ्तार किया गया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

### पुलिस अधिकारी को दी गई विदाई

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसपुरा थाने में तैनात तेज-तर्रार वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पवन कुमार के जिला परिवर्तन के तहत स्थानांतरण के उपरांत एक भावुक माहौल में विदाई दी गई। शिक्षक सह समाजसेवी डॉ0 ज्योति कुमार की ओर से थाना कार्यालय कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में स्थानांतरित अधिकारी को माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ (बुके) भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस सहकर्मियों द्वारा उनके कुशल नेतृत्व एवं कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ0ज्योति ने कहा कि पवन कुमार कुशल प्रशासक के रूप में अपने कार्यकाल में अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग और आम लोगों के साथ संवाद कायम कर एक मिशाल पेश की है। पुलिस -पब्लिक मैत्री को प्रगाढ़ करना उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि रही। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रगति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की ईश्वर से प्रार्थना की। विदाई समारोह में अपने छोटे से कार्यकाल को याद करते हुए पवन कुमार ने कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का मैंने भरसक प्रयास किया। उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग की काफी सराहना की और कहा कि यहां के लोगों से मुझे जो स्नेह और प्यार मिला उसे वे कभी नहीं भूला पायेंगे। विदाई समारोह के दौरान लोगों की आंखें नम थी। मौके पर एसआइ सुगंध कुमार, मधु कुमार, खुशबू कुमारी, संतोष कुमार, शशि कुमार, सत्येंद्र कुमार, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### टेहटा पुलिस ने इश्तेहार का किया तामिला

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने विभिन्न मामलों में थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में इश्तिहार का तामिला करवाया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि टेहटा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के सुमेरा, टेहटा रजायन निवासी अकलू शर्मा, सुगाँव गांव निवासी मिथुन मांझी, बाला बिगहा गांव निवासी रंजन यादव, बेरथु गांव निवासी जयशु कुमार के घर इश्तिहार का तामिला करवाया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि इश्तिहार चस्पा किए जाने के बावजूद अगर उपरोक्त लोग न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करेंगे तो अगली कार्रवाई उनके घर की कुर्की कर की जाएगी।

### प्रदेश प्रवक्ता ने सुनी मन की बात

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद हसपुरा क्षेत्र के सोनहथु पंचायत के गुलजार बिगहा में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक श्री मनोज शर्मा ने अपने समर्थकों एवं ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 125 वां मन की बात सुनी। पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने मन कि बात कार्य क्रम के बाद ग्रामीणों से संवाद करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ने 125 वीं एपिसोड में खेलो इण्डिया - खिलो इण्डिया का नारा देते हुए देश के युवाओं को खेल से जुड कर अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया है। और यह भी बताया कि विकसित भारत के लिए देश के युवाओं को खेल से जुड़ना बहुत जरूरी है।ताकी 2047 तक भारत विश्वगुरू का संकल्प को साकार कर सके। खेल के माध्यम से हर क्षेत्र में विकास संभव है। मन कि बात सुनते जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, दुग्धेश्वर कुशवाहा, महामंत्री दिलीप शर्मा, बबलू शर्मा, विकास कुमार, नीरज शर्मा, ग्रामीण अर्जून पासवान,हरी पासवान, शम्भू नोनीया,रौशन पासवान, त्रिभुवन नोनीया, अभिमन्यु पासवान सैंकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### महात्मा गणिनाथ की मनी जयंती

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज शहर के आर बी आर खेल मैदान में महात्मा गणिनाथ गोविंद की 32 वां जयंती समारोह मनायी गयी। प्रखंड अध्यक्ष बिनय कुमार गुप्ता ने बताया कि कमिटी के उपसचिव तिवारी बिगहा निवासी पिन्टू गुप्ता तीन दिन पूर्व आमस निजी काम से गये थे। बाईक दूर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिनकी शनिवार को सुबह बनारस में इलाज के दौरान मौत हो गयी। पूर्व से घोषित कार्यक्रम को लेकर काफी संख्या मे लोग पहूंचे थे। निधन के बाद सिर्फ गणिनाथ भगवान की पूजा-अर्चना हुई। अन्य सारी कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह,पूर्व विधायक अशोक सिंह, समाजसेवी महफूज आलम, भाजपा वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह,भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, कौशल चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### धनरूआ में गोली मार जख्मी कर देने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार,छह पर हुई थी प्राथमीकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के डोमन बीघा गांव से हत्या के प्रयास मामले में नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 355/25 के तहत हत्या का प्रयास एवं 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त राकेश कुमार उम्र 30 वर्ष पिता - कामेश्वर प्रसाद सा0 डोमन बिगहा है। बहरहाल घटना बीते 04.06 2025 को हुई थी, जहां पर बच्चा-बच्चा की लड़ाई में दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई थी लड़ाई इस कदर हो गई की हरवे हथियार से 10 राउंड गोलियां चली थी, जहां एक गोली रामाशीष यादव को पैर में गोली गई थी, जिसे प्राथमिक अस्पताल में इलाज कर पीएमसीएच भेजा गया था, इस पूरे मामले में वादी ने रेखा देवी ने 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो गई है, एक आरोपी दिलखुश कुमार कि गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### मसौढी में राधाष्टमी महा महोत्सव का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवान श्रीकृष्णजी की अह्लादिनी शक्ति श्रीराधारानी के प्राकट्य दिवस पर ठाकुरवाड़ी लखीबाग विश्वनाथ मंदिर मसौढी में धूमधाम से राधाष्टमी महा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुजनों ने "राधे राधे श्याम मिला दे" के भावपूर्ण जाप से वातावरण को राधाकृष्णमय बना दिये। व्यास गद्दी पर आसीन गीता-भागवत प्रवाचक विश्वरंजन ने देवी भागवत एवं राधिकोपनिषद में वर्णित श्रीराधारानी जी के दिव्य महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराधारानी जी के कृपा से ही भगवान श्रीकृष्णजी के चरणों में भक्ति-प्रेम की प्राप्ति संभव है। उन्होंने श्रीराधाजी के पावन 28 नामों एवं दिव्य 12 स्वरूपों का भी वर्णन किये। कार्यक्रम में शामिल भक्त माताओं ने भाव के साथ खूब भजन-कीर्तन का गायन किये। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक व मानस प्रवक्ता बाबा रामचंद्र दास, अजय कुमार, सोनू पाण्डेय, विष्णु जी, नागेश्वर विश्वकर्मा, विन्ध्याचली देवी, सत्या कुमारी, सीता देवी, निर्मला देवी, ममता देवी, रेणु देवी, बेबी देवी आदि सहित अन्य बहुत से श्रद्धालुजन उपस्थित होकर श्रदा के साथ भजन-प्रवचन का श्रवण किये।

### जमीन में गाडकर ड्रम में रखा था जावा महुआ, लहसुना पुलिस ने किया नष्ट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत लहसुना पुलिस ने क्रीमदीचक चक गांव में सघन छापेमारी करते हुए हजारों लीटर जावा महुआ को नष्ट किया है। दरअसल शराब बनाने वाले शराब धंधेबाज जमीन के अंदर ड्रम में गाडकर जो महुआ को रखे हुए थे, जिसके भनक लहसुना पुलिस नै छापेमारी की, लहसूना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पटना के निदेशानुसार विशेष समकालीन अभियान में छापामारी के दौरान लहसुना थानातर्गत ग्राम क्रीमदिचक से करीब 1500 लीटर गुड जावा महुआ घोल विनिष्ट किया गया।

### खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में शिक्षक और बच्चों के अभिभावक ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर गहन मंथन किया। बच्चों के लिए खेल की महत्ता पर शिक्षकों ने प्रकाश डाला। विद्यालय प्रधान जतिन कुमार की अध्यक्षता में शहर के उर्दू प्राथमिक विद्यालय कमालपुर में आयोजन हुआ। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रधान जतिन कुमार ने कहा कि खेल से बच्चों में प्रतिस्पर्धा का विकास होता है और यह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नितांत जरूरी है। अभिभावकों को बच्चों को खेल के लिए रोकना-टोकना नहीं चाहिए, बल्कि बच्चों को खेल के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास पर वृहद चर्चा में शिक्षक पूजा कुमारी, तालिमी मरकज सोगरा बानो, समीना परवीन समेत दर्जनों अभिभावक शामिल हुए।

### मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ सिविल कोर्ट में दहेज हत्या के गवाह को धमकाने और मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दर्ज मुकदमे में छापेमारी करते हुए एक आरोपी इंद्रदेव यादव को बख्तियारपुर थाना के चलदौलत गांव में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जून माह में बाढ़ थाने के ढकवाहाचक गांव निवासी निरंजन कुमार को इंद्रदेव यादव, उसके पुत्र कुंदन तथा अन्य अज्ञात लोगों ने मिलकर बाढ़ सिविल कोर्ट में मारपीट की थी , जब वह गवाही देने के लिए तारीख पर आया था। इस संबंध में बाढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर सुदर्शन कुमार ने छापेमारी अभियान का नेतृत्व किया। वहीं दूसरी तरफ अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर भी कार्रवाई की जा रही है।

### भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का किया पुतला दहन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा कार्यकताओं ने रविवार को दोपहर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतले का दहन सगुना मोड पर किया. कार्यकताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व राजद नेता पूर्व डिप्टीसीएम तेजस्वी यादव के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की. पूर्व विधायक आशा सिन्हा व जिला ग्रामीण अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में अपनी घटिया मानसिकता का प्रचार भी तेज कर दिया है. राहुल गांधी और तेजस्वी यादव एक विधानसभा चुनाव जीतने के लिए किस हद तक जा सकते है यह आज देश ने देख लिया है. उन्होंने कहा कि जनसभा में कांग्रेस और राजद कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की स्वर्गवासी माता के बारे में असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया. यह अशोभनीय कुकृत्य है. इससे हर भारतीय शर्मिंदा हैं. चुनाव जीतने की लालसा में मयार्दा की सारी सीमाएं लांघकर एक माता का अपमान करना राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को महंगा पड़ेगा. बिहार की संस्कारी जनता सबक अवश्य सिखाएगी. मौके पर श्रीराम शर्मा,जि प्रिति , विजय भोटी, भाई सनोज यादव, शंकर सिंह, बंटी गुप्ता ,अजीत यादव , राजेश शर्मा , अमरजीत, देवेंद्र ,अमरेंद्र , संजय सिंह, नवीन व उपेंद्र सिंह समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे. जबकि शनिवार की रात भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मोदी की मां पर अपशब्द कहने पर सगुना मोड पर कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया.

# प्रधानमंत्री की मां पर टिप्पणी के विरोध में मसौढी में भाजपाइयों का प्रदर्शन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर की गई टिप्पणी के विरोध में रविवार को भाजपा कार्यकताओं व मातृ शक्ति ने मसौढी में विरोध प्रदर्शन किया जहां नगर मंडल अध्यक्ष आशिष देव की अध्यक्षता मे कार्यक्रम की गई जहाँ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा नेत्री आशा किरण सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोच्च है और किसी भी मां का अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा। आशीष देव ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस नेता इस तरह की भाषा का प्रयोग बंद नहीं करते तो भाजपा कार्यकर्ता और मातृ शक्ति सड़कों पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव ने कहा की बिहार में राहुल गांधी के ह्यवोटर अधिकार यात्राह्न कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री और उनकी माँ के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी हुई। इस पर राहुल गांधी को माफी मांगनी होगी,मां का अपमान नही सहेगा पुरा हिंदुस्तान, बहरहाल विरोध मार्च तारेगना रेलवे स्टेशन से पूरे शहर में निकलते हुए कपूरी चौक तक निकाला गया। इसमें सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।इस कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज कुमार, पटना जिला ग्रामीण मंत्री राकेश कुमार,किसान मोर्चा जिला महामंत्री विजय यादव, अजीत पांडेय, नगर उपाध्यक्ष मृदुला पटेल, महामंत्री आलोक कुमार , ब्रजेश कुमार,संजीव रंजन, ऋषि संथाली,आई टी सेल आलोक कुमार, विक्की ,नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता देवी प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य आशा किरण सिंह, संयोजक संजय केसरी,युवती सेल प्रमुख शोभा कुमारी, लक्ष्मी देवी,आरती कुमारी, पिंकी कुमारी एवं ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज शर्मा, धनरूआ मंडल सतीश कुमार,जिला के राकेश कुमार, विजय यादव, अजय शर्मा मंच मोर्चा प्रकोष्ठ एवं सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# प्रख्यात ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. बृज लाल का निधन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रख्यात ईएनटी विशेषज्ञ एवं पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के पूर्व प्रोफेसर डॉ. बृज लाल का 30 अगस्त 2025 को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आज उनका अंतिम संस्कार पटना श्मशान घाट में किया गया, जहाँ अनेक वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. लाल अपनी चिकित्सकीय उत्कृष्टता, शिक्षण के प्रति समर्पण एवं करुणामयी रोगी सेवा के लिए जाने जाते थे। उन्होंने पीएमसीएच में अपने दीर्घ कार्यकाल के दौरान अनेक चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया और चिकित्सा जगत में गहरी छाप छोड़ी। वे अपनी पत्नी श्रीमती वीणा लाल, पुत्रियाँ अमृता एवं स्मृति, दामाद श्री नीरज शहाबादी एवं प्रो. (डॉ.) रजत गुप्ता, तथा नाती-पोते डॉ. विशाल, वेदांश, डॉ. ईशा और विराज को पीछे छोड़ गए हैं। वे प्रसिद्ध डेंटल सर्जन स्व. डॉ. नंद लाल के छोटे भाई थे। उनके निधन पर अनेक प्रमुख व्यक्तित्वों ने गहरा शोक व्यक्त किया, जिनमें डॉ. एस.एन. आर्य, डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति आलोक सिन्हा, बैद्यनाथ निदेशक प्रमोद शर्मा एवं पंजाबी ब्रादरी के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना शामिल हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित शोकसभा में अनेक चिकित्सकों ने उनके योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और चिकित्सा व समाज के प्रति उनके अमूल्य कार्यों को याद किया। डॉ. लाल का निधन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण चिकित्सक समाज एवं उन सभी लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है, जिनके जीवन को उन्होंने अपनी सेवा और करुणा से स्पर्श किया।

## धनरुआ में डकैती का विरोध करने पर जख्मी महिला की इलाज के दौरान मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादीरगंज में डकैती कांड का विरोध करने पर महिला को गंभीर रूप में हुए जख्मी का इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक का नाम मनोरमा देवी पति स्व लक्ष्मण सिंह है।दरअसल बताया जाता है की कादिरगंज थाना अंतर्गत डेवां गांव में बिते शुक्रवार की देर रात एक बजे आधा दर्जन की संख्या में रहे डकैतो ने घर में घुस कर लूटपाट की। डकैतों ने विरोध करने पर महिला को पिस्तौल के बट से मारकर सिर फोड़ गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया था, जानकारी के मुताबिक, डेवां गांव के रणविजय सिंह सपरिवार खाना खा कर शुक्रवार की रात सो रहे थे। देर रात करीब एक बजे आधा दर्जन डकैत घर में घुस आए। चार बदमाश आंगन में और दो कमरे में घुस गए और बक्शे में रखे 15 हजार नकद व एक जितिया लूट लिया था, इसी बीच डकैत जब दूसरे बक्शे को खोल रहे थे तो रणविजय सिंह की मां मनोरमा देवी की नींद खुल गई थी, इधर कमरे में घुसे डकैतों ने देखा कि महिला की नींद खुल गई तो पिस्तौल का भय दिखाकर चुप रहने की धमकी दी। शोर मचाने पर डकैतों ने महिला को पिस्तौल के बट से सिर पर मारा, जिससे महिला पलंग से नीचे फर्श पर गिर गईं। महिला के साथ सो रहे उनके पोते ने दादी के सिर से खून बहते देख रोना शुरू कर दिया। शोर होता देख सभी डकैत भाग निकले, थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया की जख्मी महिला मनोरमा देवी का इलाज आईजीआईएमएस में चल रहा था,जिसके इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई है।

## पूर्व सांसद आनंद मोहन और जदयू नेता बीके सिंह ने किया कई पंचायतों का भ्रमण



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार के दिन पूर्व सांसद आनंद मोहन और जदयू के नेता बीके सिंह ने अथमल गोला, बाढ़ और पंडारक के करीब एक दर्जन से भी ज्यादा पंचायत और सड़क किनारे अपने समर्थकों से मुलाकात करते हुए दिन भर बाढ़ अनुमंडल में घूमते नजर आए। इस दौरान उनका काफिला रामनगर पंचायत से होते हुए आखरी में एकडंगा पंचायत पहुंचने के बाद पटना के लिए रवाना हो गए। इस दौरान अथमल गोला प्रखंड के रामनगर,करजान, नीरपुर, दाहौर , जल गोविंद, मलाही, कचहरी चौक, सवेरा चौक, शहरी, राणाबीघा, वेल्लोर, बिहारी बीघा सहित कई पंचायत में भ्रमण किया। इस दौरान बेहतर सम्मान बिहारी बीघा पंचायत के पूर्व मुखिया रणबीर पंकज के द्वारा बिहारी बीघा में किया गया इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए आनंद मोहन ने कहा कि बिहार में राजनीति बिगुल बज गया है सिर्फ नेतृत्व अपने सर्वे के हिसाब से उम्मीदवार मैदान में उतरेंगे और जिसे भी उम्मीदवार बनाया जाएगा उसे पार्टी के हर एक कार्यकर्ता समर्थन देते हुए जीत हासिल कर आएंगे आनंद मोहन ने रजत सरकार के जंगल राज की भी चर्चा की वहीं कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी के द्वारा देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ गाली गलौज की भाषा का प्रयोग करने का भी निंदा किया इस दौरान उन्होंने 1977 के आंदोलन से लेकर लवली आनंद के बाढ़ से विधायक बनने तक की चर्चा की आनंद मोहन ने अपने संबोधन में कार्यकताओं को कमर कसकर तैयार रहने की बात कही और वह अक्सर बाढ़ आते रहेंगे का वादा किया इस दौरान बीके सिंह ने भी अपनी राजनीति जमीन तलाशने की मनसा उजागर की कार्यक्रम में पूर्व मुखिया रणबीर कुमार पंकज, शंभु नारायण सिंह सहीत कई लोगों ने सभा को संबोधित करते हुए अंग वस्त्र पगड़ी और तलवार भेंट की कार्यक्रम में सैकड़ो की भीड़ देखने को मिली।

## नवपदस्थापित सीडीपीओ ने मसौढ़ी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में नवपदस्थापित सीडीपीओ अनिता कुमारी ने पदभार ग्रहण कर लगातार मसौढी के ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने कहा कि सरकार के द्वारा चलायी जा रही आंगनबाड़ी केंद्रों पर योजनाओं को पारदर्शिता लाने के लिए समय-समय पर औचक निरीक्षण कर केंद्र संचालन, बच्चों की उपस्थिती, पोषाहार, एफआरएस के प्रति जागरूकता जरूरी है।बहरहाल निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंदों पर स्कूल पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों का अवलोकन करने के पश्चात उपस्थित बच्चों एवं सेविका से विशेष जानकारी ली. निर्देश देते हुए कहा कि संवर्धन एप को सेविका को हर हाल में करना है. सभी बच्चों का अपने-अपने आंगनबाड़ी के पोषक क्षेत्र में नामांकन करना अनिवार्य है. गर्भवती, धात्री माता, किशोरी, कुपोषित, अति कुपोषित को मिलने वाली पोषाहार पर विशेष चर्चा की.लाभार्थी के पोषाहार पंजी का भी अवलोकन किया. मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताया . इसके साथ ही अतिकुपोषित ,कुपोषित बच्चों को चिह्नित करने पर जोर दिया. उन्होंने सेविका को निर्धारित समय पर केंद्र का संचालन और बंद करने का निर्देश दिया।

### जानलेवा हमला कर लूटपाट करने में दो गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोविंदपुर साह सलेमपुर गांव में घर में घुसकर जानलेवा हमला कर लूटपाट करने के आरोपी सुरेश पासवान और राहुल कुमार को पुलिस ने सब इंस्पेक्टर मोहम्मद असलम खान के नेतृत्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में गोविंदपुर निवासी महासुंदर देवी ने सुरेश पासवान सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पीड़िता ने बताया कि उसने दो भैंस की बिक्री की थी जिससे उसे एक लाख 60 हजार रुपए की आमदनी हुई थी। इस बात की जानकारी आरोपियों को थी। रकम लूटने की नीयत से सभी लोगों ने उसके घर पर हमला कर दिया। इसके बाद जब उसके पति रामेश्वर पासवान ने विरोध किया तो उसे लोहे के रॉड से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया जिसका इलाज पीएमसीएच में कराया जा रहा है।

## धनरूआ के धमौल छीलका में पानी खोलने को लेकर दो गुटों में फायरिंग से दहशत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के धमौल छीलका स्थित कररुआ नदी पर शनिवार को पानी खोलने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि शाम होते-होते फायरिंग तक हो गई। जानकारी के मुताबिक, कररुआ नदी पर मत्स्य विभाग की ओर से कांट्रैक्ट पर मछली पालन का अधिकार गजेंद्र प्रसाद को मिला था। दोपहर में गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और खेतों की सिंचाई के लिए फाटक खोलने की मांग करने लगे। गजेंद्र प्रसाद ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पानी छोड़ने से उनकी मछली मर जाएगी, जिससे उनका नुकसान होगा। इसी बात पर बहस हुई, हालांकि मामला दोपहर में शांत हो गया। लेकिन देर शाम करीब पांच लोग हथियार के साथ पहुंचे। इनमें भोला यादव, कमलेश कुमार समेत पांच आरोपी बताए जा रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने पहुंचते ही हवाई फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस को मौके से कोई खोखा नहीं मिला। थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिली थी। गजेंद्र प्रसाद ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## नवादा में विस आम निर्वाचन को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों पर विशेष बल



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भु शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार, नवादा में सेक्टर पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों के साथ-साथ मतदाता जागरूकता से संबंधित पहलुओं पर विशेष चर्चा हुई। मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन कार्यों के प्रति सतर्कता, मतदान केंद्र प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही सेक्टर पदाधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी स्वीप गतिविधियां संचालित करें। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता की भागीदारी आवश्यक है। इसलिए न्यूनतम मतदान वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष जागरूकता अभियान चलाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिया कि महादलित टोले, अल्पसंख्यक एवं वंचित समुदायों, नये मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं तक स्वीप गतिविधियों की पहुँच सुनिश्चित की जाए।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन का निर्देश दिया गया, जिनमें

**रैली एवं पदयात्रा :** गाँव-गाँव और मोहल्लों में रैली निकालकर मतदाता जागरूकता संदेश देना।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक :** स्थानीय भाषा और लोक कला के माध्यम से मतदान का महत्व समझाना।

**पोस्टर, बैनर एवं वॉल पेंटिंग :** प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर संदेश लिखवाना ताकि लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया जा सके।

**स्कूल-कॉलेज आधारित कार्यक्रम :** युवा मतदाताओं के बीच निबंध, वाद-विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित करना।

**विशेष अभियान :** महिलाओं एवं प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं के बीच संवाद और कार्यशाला आयोजित करना।

**दिव्यांग मतदाताओं हेतु जागरूकता :** सुविधा संपन्न मतदान केंद्र की जानकारी देना तथा उन्हें मतदान हेतु प्रोत्साहित करना।

उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड स्तर पर स्वीप गतिविधियों को लगातार चलाया जाए, ताकि मतदाता मतदान के महत्व को समझ सकें और अधिकाधिक मतदान में हिस्सा लें। आज के प्रशिक्षण में 238-गोविंदपुर एवं 239-वारिसलीगंज विधान सभा क्षेत्रों के सेक्टर पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग डॉ. राजकुमार सिन्हा, मास्टर ट्रेनर संजय कुमार एवं बिरेन्द्र कुमार घोष सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता सम्मान समारोह सह संवाद सम्मेलन आयोजित



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रजौली अनुमण्डल मुख्यालय के बांके मोड़ स्थित फुलवरिया जलाशय ढाबा के निकट विशाल पंडाल में रविवार को पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद की विशाल जनसभा में नवादा जिला समेत बिहार के 1985 के बाद के राजनितिक हलचल एवं उससे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों का पूरा व्योरा प्रस्तुत किया गया । सामाजिक कार्यकर्ता सम्मान समारोह सह संवाद सम्मेलन के बैनर तले आयोजित इस जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने अपने राजनितिक प्रतिरोधियो को करारा जबाब प्रमाणिकता के साथ दिया । खास बात ये रही कि ऐतिहास तथ्यों के प्रमाण के रूप में कई बड़ी बड़ी तस्वीरों को जनता के सामने प्रस्तुत किया गया जिसमें पूर्व मुख्य मंत्री लालू प्रसाद एवं राबड़ी देवी को हर परस्थितियों में राजबल्लभ प्रसाद ने साथ निभाया था और बदले में उन्हें अनर्गल आरोपों का सामना करना पड़ा । एक घण्टा 10 मिनट के भाषण में राजबल्लभ प्रसाद ने 70 पार बुजुर्गों के संस्मरण को उदाहरण बनाते हुए स्पष्ट किया कि मेरा परिवार लालू प्रसाद या उनकी पार्टी के रहमोकरम पर राजनीति नहीं किया है , बल्कि जनता का भरोसा जीतकर और उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतर कर राजनीति किया है । उन्होंने कौशल यादव के षड्यंत्रों का खुलासा करते हुए कहा कि मेरी जनसेवा, निडरता और वंचितों के प्रति अतिरिक्त आकर्षण से घबरा कर हत्या जैसे संगीन मामले में केश किया गया । लालू प्रसाद के समक्ष कबूलनामे के बावजूद कौशल यादव एवं उसके चट्टे-बट्टे ने कोर्ट में गवाही दी। किन्तु कोई भी मुकदमा अदालत में नहीं ठहर सका । अंत में षड्यंत्रकारियों ने ऐसे मुकदमे में फंसाया जिसमें जमानत तक कोई गुंजाईश नहीं हो । उन्होंने खुलासा किया कि एक महिला को आगे खड़ा कर घृणित आरोप के तहत मुझे जेल भेजा गया । इसके लिए छह लाख रुपए कथित पीड़िता को दिए गए । यहां तक कि गवाही के समय भी एक करोड़ का भुगतान किया गया किन्तु आखिर में सत्य की जीत हुई और षड्यंत्रकारियों का मुंह काला हुआ ।

## भाभी ने प्यार में देवर को मौत के घाट उतारा

### चापड़ से वार कर कर दी हत्या. मृतक का भाई गिरफ्तार, भाभी फरार



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के भुसौला दानापुर गांव में रविवार की आधी रात प्रेम और जुनून से उपजे एक खौफनाक वारदात ने पूरे गांव को दहला दिया. बताया जाता है कि अपने देवर रिजवान से इश्क करने वाली भाभी शबनम खातून ने आधी रात उसके कमरे में घुसकर धारदार चपड़ से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद उसने कमरे का दरवाजा और फिर घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और फरार हो गई. अहले सुबह जब घरवाले उठे तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद है. किसी तरह दरवाजा खोलकर वे रिजवान के कमरे तक पहुंचे तो पाया कि वह दरवाजा भी बाहर से बंद था. जब कमरे का ताला तोड़ा गया तो अंदर का नजारा देखकर सबके पैरों तले जमीन खिसक गई. बिस्तर पर खून से लथपथ रिजवान की लाश पड़ी थी. घर में मातम मच गया और परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. मृतक की पत्नी यासमीन मायके में थी. सूचना मिलते ही वह भी पहुंची और पुलिस को दिए अपने बयान में जेठ शहबाज और जेठानी शबनम खातून पर हत्या का आरोप लगाया. यासमीन का कहना है कि दोनों ने मिलकर उसके पति की हत्या की है. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जेठ शहबाज को गिरफ्तार कर लिया, जबकि शबनम फरार हो गई. स्थानीय लोगों के मुताबिक, शबनम का अपने देवर रिजवान से प्रेम संबंध था. घर के लोग भी इस बात से वाकिफ थे. समाज और परिवार की बदनामी से बचाने के लिए शबनम ने ही रिजवान की शादी लगभग दो साल पहले अपनी पसंद की लड़की यासमीन से करवा दी थी. लेकिन शादी के बाद रिजवान ने भाभी से दूरी बना ली. यही बात शबनम को नागवार गुजरी और वह लगातार रिजवान को अपनी ओर खींचने का दबाव बनाती रही. बताया जाता है कि उसने पहले भी हत्या की कोशिश की थी लेकिन असफल रही. अंततः शनिवार की रात उसने देवर का खून कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह और फुलवारी शरीफ थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची. एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए. शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया गया. एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है. आरोपी जेठ शहबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है और फरार शबनम की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है.

## सात्विक-चिराग की जोड़ी बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की टॉप बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार रात को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में चीन के चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी ने 19-21, 21-18, 12-21 से हराया। मुकाबला एक घंटे सात मिनट तक चला ऐसे में भारतीय जोड़ी को ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 2022 में भी ब्रॉन्ज मेडल मिला था।

पहला गेम में दिखी कांटे की टक्कर

मैच की शुरुआत में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर उन्होंने पहले रिसीव करने का फैसला किया। सात्विक की सटीक सर्विस रिटर्न के साथ भारतीय जोड़ी ने पहला अंक हासिल किया। लगातार दो स्मैश नेट में मारने की चीनी जोड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए सात्विक-चिराग ने 4-0 की बढ़त बना ली। कुछ ही देर में वे 9-3 से आगे हो गए। पहले गेम के मध्यांतर में भारतीय जोड़ी 11-5 से आगे थी। लेकिन चीनी जोड़ी ने मजबूत वापसी करते हुए स्कोर 12-12 पर ला खड़ा किया और आखिरकार पहला गेम 21-19 से जीत लिया।

दूसरा गेम- सात्विक-चिराग की वापसीदूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने फिर से शानदार शुरुआत की और 6-2 की बढ़त बना ली। लेकिन चीनी जोड़ी ने फिर से वापसी की और स्कोर 8-8 पर बराबर कर लिया। इसके बाद सात्विक और चिराग ने अपनी रक्षा को मजबूत किया और हर मौके का फायदा उठाकर 15-11 की बढ़त हासिल की। चीनी जोड़ी ने एक बार फिर 17-17 पर स्कोर बराबर किया, लेकिन सात्विक-चिराग ने शानदार खेल दिखाते हुए गेम को 21-18 से अपने नाम किया।

तीसरा गेम- चीनी जोड़ी का दबदबानिर्णायक गेम में सात्विक-चिराग की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वे जल्द ही 0-6 से पीछे हो गए और लगातार 9 अंक गंवा दिए। हालांकि बाद में कुछ अंक हासिल किए, लेकिन बड़ी बढ़त बना चुकी चीनी जोड़ी को रोक पाना मुश्किल था। आखिरकार चेन-लियू ने 21-12 से गेम और मैच जीतकर फाइनल में जगह बना ली।

## पाकिस्तान की टी-20 ट्राई सीरीज में लगातार दूसरी जीत

**यूएई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने यूएई में खेले जा रही टी-20 ट्राई सीरीज में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने शनिवार को यूएई को 31 रन से हराया। इससे पहले शुक्रवार को अफगानिस्तान को हराया था।

पाकिस्तान के लिए सईम अय्यूब (69 रन) और हसन नवाज (56 रन) ने अर्धशतक लगाए। इनके अलावा, फहीम अशरफ और हसन अली ने भी तेज पारियां खेलते हुए पाकिस्तान का स्कोर 207 रन तक पहुंचा दिया, जो टीम का टी-20 में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यूएई की ओर से आसिफ खान ने 35 गेंदों में 77 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन यह जीत के लिए काफी नहीं थी। पाकिस्तान की शुरुआत खराबटॉस जीतकर पाक कप्तान सलमान आगा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला



लिया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और ओपनर साहिबजादा फरहान जल्दी ही वापस लौट गए। इसके बाद फखर जमान भी अपना विकेट महज 6 रन बनाकर गंवा बैठे। कप्तान सलमान भी 5 रन ही बना सके।

वहीं, सईम अयूब ने एक छोर को संभाले रखा और अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने महज 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 38 गेंदों में 69 रन की पारी खेलकर टीम को मुश्किल से निकाला। इस पारी में चार छक्के और सात चौके शामिल रहे। अयूब को दूसरी तरफ से हसन नवाज का साथ मिला। नवाज ने महज 26 गेंदों में 56 रन बनाएं। नवाज ने अपनी पारी में 2 चौके लगाया और छह सिक्स भी जड़े। दोनों के बीच 5वें विकेट के लिए 25 बॉल पर 57 रन की साझेदारी हुई। लोअर ऑर्डर में मोहम्मद नवाज (25 रन), फहीम अशरफ (16 रन) और हसन अली (9 रन) ने अंतिम चार ओवरों में 45 रन जोड़कर स्कोर को 207 तक पहुंचाया।

यूएई के लिए आसिफ खान ने 77 रन की पारी खेली

टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई टीम के लिए आसिफ खान ने 35 गेंदों में 77 रन की शानदार पारी खेली। लेकिन यह टीम की जीत के लिए काफी नहीं था।

हालांकि टीम के कप्तान मुहम्मद वसीम ने भी 18 गेंदों में 33 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने टीम को अच्छी शुरुआत दी और यूएई ने पावरप्ले में 33 रन बनाए।

उधर पाकिस्तान के लिए हसन अली और मोहम्मद नवाज ने मिलकर आधी टीम को पवेलियन भेजा और पाकिस्तान की जीत पक्की कर दी। हसन ने 3 जबकि नवाज ने 2 विकेट लिए।

## 24 घंटे बाद भी नहीं बिके भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट

**दुबई (एजेंसी)।** किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट सबसे जल्दी बिक जाते हैं। लेकिन, 14 सितंबर को एशिया कप में होने वाले भारत-पाक मुकाबले के टिकट बिक्री की शुरुआत के 24 घंटे बाद भी बचे हुए हैं। कारण है, टिकट बिक्री का पैकेज सिस्टम। भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट खरीदने के लिए दर्शकों को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा है। सबसे सस्ता पैकेज 33 हजार 600 रुपए का है। जबकि बैंड लाउंज पैकेज की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए है। क्या है 7 मैचों का पैकेजइस बार 7 मैच के पैकेज में भारत-यूएई, भारत-पाकिस्तान, बी1-बी2, ए1-ए2-ए1-बी2,ए1-बी1 और फाइनल मैच शामिल हैं। यानी बाकी मुकाबलों की तुलना में भारत-पाक मैच देखने के लिए दर्शकों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है।

### थप्पड़ कांड के वीडियो पर भड़कीं श्रीसंत की पत्नी

# बोलीं- ललित मोदी-क्लार्क को शर्म आनी चाहिए, दोनों खिलाड़ी अब आगे बढ़ चुके

**जालंधर (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और एस. श्रीसंत का थप्पड़ कांड 17 साल बाद फिर सुर्खियों में है। आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने हरभजन सिंह का श्रीसंत को थप्पड़ मारते का वीडियो जारी किया। इस पर श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी ललित मोदी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क पर भड़की हैं। उन्होंने कहा कि ललित मोदी और माइकल क्लार्क को शर्मा आनी चाहिए। 2008 की घटना को घसीटकर पुराने जख्म कुरेद रहे हैं।

बता दें कि आईपीएल के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के बीच खेले गए मैच में यह घटना घटी थी। ललित मोदी ने पहली बार यह फुटेज ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट में दिखाया है। ललित मोदी ने कहा कि यह वीडियो पहले कभी सार्वजनिक नहीं हुआ था।

श्रीसंत की पत्नी की 3 अहम बातेंललित मोदी और क्लार्क को शर्म आनी चाहिए- श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी ने इंस्टाग्राम पर



स्टोरी पर लिखा- ललित मोदी और माइकल क्लार्क को शर्म आनी चाहिए। आप लोग इंसान नहीं हैं। सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए 2008 की घटना को घसीट रहे हैं।

श्रीसंत और हरभजन आगे बढ़ चुके हैं- भुवनेश्वरी ने आगे लिखा- श्रीसंत और हरभजन पहले ही इससे आगे बढ़ चुके हैं। दोनों ही अब स्कूल गोइंग बच्चों के पिता हैं। इसके बाद भी आप लोग उन्हें पुराने दिनों में घसीट रहे हैं। यह बेहद ही घिनौना, निर्दयी और अमानवीय है।

हमारे परिवार के लिए दुखद- भुवनेश्वरी ने लिखा, श्रीसंत ने कठिन चुनौतियों का सामना करने के बाद अपनी लाइफ को फिर से बनाया है। उनकी पत्नी और बच्चों की मां होने के नाते 18 साल बाद इस घटना को देखना हमारी फैमिली के लिए दुखद है। परिवार को उस सदमे को फिर से जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो सालों पहले दफन हो चुका है। ऐसा इसलिए किया जा रहा ताकि आप लोग नजरों में बने रहें।

सिक्योरिटी कैमरे में घटना कैद हुई- माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट में ललित मोदी ने कहा, मैं तुम्हें बताता हूं कि क्या हुआ था। मैं तुम्हें वीडियो दूंगा। मैंने उसे संभाल कर रखा है। मैच खत्म हो चुका था, कैमरे बंद कर दिए गए थे। लेकिन मेरे एक सिक्योरिटी कैमरे ने घटना को कैद कर लिया था। उसमें साफ दिख रहा है कि भज्जी (हरभजन) ने श्रीसंत को बैक-हैंड यानी थप्पड़ मारा।

हरभजन ने कहा- इधर आओ और उल्टा थप्पड़ जड़ दिया- मोदी ने आगे कहा- भज्जी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं। यह मैदान पर हुआ था और मैं वहां था। जैसे ही टीमों ने खेलना बंद किया। खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिला रहे थे और हाई-फाइव कर रहे थे। जब बात श्रीसंत और भज्जी की आई तो हरभजन ने उनसे कहा, इधर आओ और उन्हें एक उल्टा थप्पड़ जड़ा।

आजीवन प्रतिबंध लगाना चाहते थे अधिकारी- ललित मोदी ने कहा, मैंने हरभजन को आजीवन प्रतिबंध से बचाया। अधिकारियों का एक वर्ग यह भी चाहता था कि अनुभवी ऑफ स्पिनर पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया जाए। मैंने उन दोनों को बैठाया और मीटिंग में ही भज्जी को सजा देनी पड़ी। मैंने उसे आठ मैचों के लिए सजा दी।

### हार के बाद श्रीसंत पर भड़के थे हरभजन

25 अप्रैल, 2008 को मोहाली में पंजाब के हाथों मुंबई इंडियंस की 66 रनों से हार के बाद हरभजन-श्रीसंत थप्पड़ कांड हुआ था। मैच के बाद दोनों टीमें हाथ मिला रही थीं। बाद में पता चला कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हरभजन उस करारी हार के बाद श्रीसंत के हंसने और टिप्पणी करने से भड़क गए थे। श्रीसंत ने कहा था, हार्ड लक।

हरभजन माफी मांग चुके

हरभजन इसे लेकर कई बार सार्वजनिक मंचों पर माफी मांग चुके हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि यह जिंदगी का सबसे बुरा किस्सा है, जिसे मैं हटाना चाहता हूं।

## दानिल मेदवेदेव कोर्ट पर फोटोग्राफर के आने से गुस्साए

### रैकेट भी तोड़ा, लगा 42500 डॉलर का भारी जुर्माना



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार के बीच कोर्ट पर एक फोटोग्राफर के आने पर अपना गुस्सा उतारने वाले रूस के मेदवेदेव पर उनकी मैच फीस 110000 डॉलर का एक तिहाई से भी अधिक 42500 डॉलर जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने खेल भावना के विपरीत आचरण पर मेदवेदेव पर 30000 डॉलर और रैकेट तोड़ने पर 12500 डॉलर जुर्माना लगाया। मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने अपना रैकेट तोड़ दिया था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रह चुके मेदवेदेव उस समय नाराज हो गए जब चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने फोटोग्राफर द्वारा बाधा पहुंचाये जाने के बाद विरोधी खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी को पहले सर्विस की अनुमति दे दी। बोंजी उस समय तीसरे सेट में 5.4 से आगे थे जब एक फोटोग्राफर कोर्ट के साइड में चलने लगा। बाद में उसकी मान्यता रद्द कर दी गई। चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर को बाहर जाने के लिए कहा और उसके बाद बोंजी को फिर सर्विस दे दी।

### हॉकी एशिया कप में भारत-जापान मैच

## तीसरे क्वार्टर के बाद इंडिया 3-1 से आगे

**राजगीर (एजेंसी)।** एशिया कप हॉकी का 8वां मैच भारत और जापान के बीच राजगीर में खेला जा रहा था। चौथे क्वार्टर का खेल जारी है। फिलहाल, भारत 3-1 से आगे थी। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल किए थे। उन्होंने 5वें और 45वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। मैच के तीसरे मिनट में मंदीप सिंह ने भारत के लिए पहला फील्ड गोल किया था। 36वें मिनट में जापान के लिए कावाबे कोसेई ने गोल किया था।

पिछले मुकाबले में कजाकिस्तान को 13-1 से हराने वाली चीन पूल ए के टॉप पर है। जापान दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। इस पूल से टॉप-2 टीमें अगले दौर में प्रवेश करेंगी। भारतीय टीम ने पहले मुकाबले में चीन पर 4-3 की जीत दर्ज की थी। जापान ने कजाकिस्तान को 7-0 से हराया था। कृष्ण बहादुर 150वां मैच खेल रहे हैं। इस मौके पर भारत के हेड कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें स्पेशल जर्सी दी।

दोनों टीमों की स्टार्टिंग-इलेवनभारत- हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अभिषेक, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मंदीप सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक (गोलकीपर), हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, अमित रोहिदास, सुर्खजीत सिंह, संजय, राजिंदर सिंह।



सब्स्टिट्यूट्स- दिलप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, राज कुमार पाल, जुगराज सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सूरज करकेरा (गोलकीपर), शिलानंद लाकड़ा।

जापान- फुजीशिमा राइकी (कप्तान), यामासाकी कोजी, यामादा शोटा, हिगुची यूटो, कावाहारा यामातो, तानाका सेरेन, मात्सुमोतो काजुमासा, यामाशिता मनाबु, नागायोशी केन, कावाबे कोसेई, योशिकावा ताकाशी (गोलकीपर)।

सब्स्टिट्यूट्स- किमुरा नारू, तानाका कैटो, कावामुरा युसुके, कुरोदा किशो (गोलकीपर), वातानाबे केइता, शिनोहारा रयोसुके, यामादा ह्योता

## आयुष बडोनी का दोहरा शतक, उत्तर क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आयुष बडोनी के नाबाद दोहरे शतक की मदद से उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के चौथे और आखिरी दिन रविवार को यहां पूर्व क्षेत्र को वापसी करने का मौका नहीं दिया और पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पहली पारी में 183 रन की बढ़त लेने वाली उत्तर क्षेत्र की टीम ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 388 रन से आगे से की। टीम ने चार विकेट पर 658 रन पर पारी घोषित की तब उसकी बढ़त 833 रन की हो चुकी थी और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ समाप्त करने पर सहमति जता दी। बडोनी 223 गेंद पर 204 रन पर नाबाद रहे जबकि कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे।

बडोनी ने उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजी



जारी रखने के फैसले का पूरा फायदा उठाते हुए प्रथम श्रेणी करियर का दूसर दोहरा शतक पूरा किया। बीते दिन 56 रन पर नाबाद रहे दायें हाथ के इस बल्लेबाज ने 93 रन के स्कोर पर छक्का जड़ा और फिर एक रन चुरा कर 123 गेंद में अपना शतक पूरा किया। कप्तान अंकित शर्मा दो रन से दोहरा शतक पूरा करने से चूक गये। दिन की शुरुआत 168 रन से करने वाले अंकित 198 रन बनाकर तेज गेंदबाज मुख्तार हुसैन की गेंद को मिड ऑन पर सूरज जायसवाल के हाथों में खेल गए।

उन्होंने आउट होने से पहले बडोनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। इस विकेट के बाद भी पूर्व क्षेत्र के गेंदबाजों को राहत नहीं मिली। क्रीज पर आए निशांत सिंधू (91 गेंद में 68 रन) ने बडोनी के साथ 157 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 600 के पार पहुंचा दिया। टीम ने बडोनी का दोहरा शतक पूरा होने के बाद पारी घोषित कर दी। बडोनी ने 13 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि सिंधू ने दो चौके और पांच छक्के लगाये। पहली पारी में हैट्रिक सहित 5 विकेट लेने वाले उत्तर क्षेत्र के गेंदबाज आकिब नबी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच ड्रॉ के बाद उत्तर क्षेत्र के कप्तान अंकित ने कहा, 'अगर हम चाहते तो परिणाम के लिए जा सकते थे। पहली पारी में बढ़त के कारण हमने कोशिश नहीं की। हम अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को भी (एशिया कप से पहले) जितना हो सके उतना तरोताजा रखना चाहते थे।

### अक्षर पटेल से छिनेगी दिल्ली कैपिटल्स की

## इन प्लेयर्स में किसी को मिल सकता है मौका

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बदलावों का दौर चल रहा है। ट्रेड विंडो के तहत कई तरह की बातचीत और कुछ बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं अब दिल्ली कैपिटल्स में



अक्षर पटेल को कप्तानी से हटाने की खबरे सामने आई हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 से पहले एक नए कप्तान पर विचार कर रही है। इससे टीम में केएल राहुल या फाफ डु प्लेसिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए भूमिका खुल जाती है। फिलहाल फ्रैंचाइजी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। डीसी कप्तानी के लिए 3 सर्वश्रेष्ठ दावेदार फाफ डु प्लेसिस - फाफ डु प्लेसिस का नाम इस भूमिका के लिए दूसरे सबसे अच्छे उम्मीदवार के रूप में सामने आता है। दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने अपनी राष्ट्रीय टीम के अलावा दुनिया भर की विभिन्न लीगों में कई फ्रैंचाइजी का नेतृत्व किया है। अनुभव की बात करें तो डु प्लेसिस के पास इसकी कोई कमी नहीं है और वह टीम को इतिहास के अब तक के सर्वश्रेष्ठ सीजन तक ले जा सकते हैं।

केएल राहुल - भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल टीम के सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से एक हैं। आईपीएल 2025 में वह उनकी बल्लेबाजी का अहम हिस्सा थे। टीम में राहुल के महत्व और फ्रैंचाइजी तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव होने के कारण, यह भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प लग रहा है।

## भोपाल में भारत-पाक मैच पर कहा- खिलाड़ी कभी भी उस फैसले से अलग राय नहीं रख सकते

**भोपाल (एजेंसी)।** भारत-पाक के बीच जब भी क्रिकेट होता है तब खेल से ज्यादा राजनीतिक चर्चा होने लगती है। दोनों देशों के रिश्तों को देखते हुए द्विपक्षीय सीरीज न खेलने का फैसला सरकार का है। सरकार जो कहे वही अंतिम फैसला होता है। खिलाड़ी कभी भी उससे अलग राय नहीं रख सकते।

यह कहना है पूर्व भारतीय ऑलराउंडर मदनलाल का। वे खेल दिवस के मौके पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मोटिवेशनल स्पीकर शामिल हुए थे। इस मौके पर मीडिया ने उनसे बात की। मोहम्मद सिराज को एशिया कप में नहीं चुने जाने को लेकर उन्होंने कहा कि परफॉर्मेंस के हिसाब से वे टीम में जगह डिजर्व करते थे।




भोपाल की आबोहवा से मेरा खास जुड़ावमदनलाल ने कहा कि भोपाल मेरे लिए कोई नया शहर नहीं है। भोपाल मेरा तीन-चार साल के बाद आना हुआ है। मैं नॉर्मली पहले यहां आता था।आई एम अ वेरी फैमिलियर टू दिस प्लेस। आई थिंक भोपाल इज अ ब्यूटीफुल सिटी। यहां कि आबोहवा और लोगों से उनका एक खास जुड़ाव है। इसलिए जब भी भोपाल आता हूं मुझे अपनापन महसूस होता है।किसी को सीधे टी20 से टेस्ट खिलाना सही नहीं

टी20 और आईपीएल की भूमिका पर मदनलाल ने साफ कहा कि केवल इस आधार पर चयन उचित नहीं है। टी20 फॉर्मेट में सिर्फ टैलेंट दिखता है, लेकिन टेस्ट और वनडे बिल्कुल अलग हैं।

किसी खिलाड़ी को सीधे टी20 से टेस्ट या वनडे में मौका देना सही नहीं है। चयन हमेशा घरेलू क्रिकेट रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी, रेस्ट ऑफ इंडिया और इंडिया ए टीम से होना चाहिए। तभी खिलाड़ी वास्तव में परिपक्व होंगे।सिलेक्शन में कप्तान-कोच की राय जरूरीभारतीय टीम के एशिया कप चयन को लेकर मदनलाल ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी कई खिलाड़ी मायूस हुए। कई नए चेहरे शामिल किए गए। उन्होंने कहा, मैं खुद चार साल सिलेक्टर रहा हूं। चयन में हमेशा आलोचना होती है।कई बार टैलेंटेड खिलाड़ी छूट जाते हैं और इसके पीछे अलग-अलग वजह होती हैं।

# सभापति ने की हर जिले में अपने पैसों से गेस्ट हाउस बनवाने की घोषणा

## बीपीएससी द्वारा चयनित 76 नवनियुक्त प्रधानाध्यापकों को किया सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के नगर भवन में रविवार को बीपीएससी शिक्षकों के लिए टीचर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, टीचर्स कॉन्क्लेव आयोजन समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में शिक्षकों को संबोधित करते हुए सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि हमारे क्षेत्र में लगभग आठ जिले आते हैं। अगर आपलोग जमीन की व्यवस्था कर लें तो हर जिले में मैं अपने पैसों से गेस्ट हाउस बनवाने की घोषणा करता हूं। इससे यह फायदा होगा कि आपलोगों का अपना गेस्ट हाउस हो जाएगा और बाहर जाने पर कहीं होटल में रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं श्री सिंह ने कहा कि पहली बार इस तरह का कार्यक्रम हो रहा है जो बहुत ही सराहनीय है। हर जिले में इस तरह का सम्मेलन होना चाहिए। सदन शुरू होने पर मैं आपकी सभी मांगों को पूरा करूंगा। आपकी सभी बातों को अच्छी तरह से सुना जाएगा।

सभापति ने कहा कि गरीबी दूर करने का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है। अगर गरीब परिवार का कोई बच्चा आगे बढ़ता है तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां मेधा बहुत हैं। वहीं शिक्षक का पद सबसे बड़ा है क्योंकि आप बच्चे को तैयार करते हैं। सभी गुरु यह चाहते हैं कि हमारा शिष्य आगे बढ़े। श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक जीवन के अनुसार अपने आप को ढालना चाहिए, इससे आपकी समस्या का समाधान जल्द होगा।

कार्यक्रम में औरंगाबाद के अलावा गया और रोहतास जिले के बीपीएससी द्वारा चयनित 76 नवनियुक्त प्रधानाध्यापकों को सभापति ने माला पहना कर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। ये सभी प्राचार्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापित हैं जो शिक्षा के माध्यम से बिहार को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया जिसमें शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी। मौके पर प्राचार्या रेणु रॉय, वैदेही कुमारी, श्रीनिवास मंडल, राजेश तिवारी, कुशलेश समदर्शी, प्रमोद कुमार रवि, बसंत कुमार दुबे, सभापति प्रतिनिधि राघव सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# सामाजिक कार्यों में अविस्मरणीय है स्मृतिशेष धनकली देवी का योगदान : राजाराम

## पूर्व मंत्री सुरेश पासवान की धर्मपत्नी की पुण्यतिथि पर सभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान की पत्नी स्वर्गीय धनकली देवी की पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। शहर के सम्राट अशोक सभागार में पुण्यतिथि समारोह सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर पहुंचे आगतुक अतिथियों ने पुष्प अर्पित किया। परिवार जनों ने उन्हें याद करते हुए बताए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि स्व. धनकली देवी सहृदय एवं मृदुभाषी महिला थी। धर्म के प्रति सजग रहने वाली महिला के रूप में उनकी क्षेत्र में अलग पहचान थी। उन्होंने सामाजिक



सरोकार से लोगो को जोड़े रखने तथा महिलाओं को धर्म के प्रति चेतना और जागरुकता फैलाने में तत्पर रहीं। वक्ताओं ने कहा कि धनकली देवी एक धार्मिक महिला थी और सामाजिक कार्यों के प्रति भी समर्पित रही। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने सामाजिक सरोकार से लोगो को जोड़े रखने तथा महिलाओं को धर्म के प्रति चेतना और जागरुकता फैलाने में तत्पर रही। वह साहसी एवं दृढ़ इच्छाशक्ति की धनी महिला थी। कार्यक्रम के दौरान सैंकड़ों गरीबों तथा बच्चों के बीच साड़ी, धोती, अनाज तथा फल का वितरण किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, जिप सदस्य प्रतिनिधि सुबोध कुमार सिंह, रमेश यादव, विरासत बचाओ संघर्ष परिषद के अध्यक्ष सतेंद्र यादव, राजद वरीय नेता चंदन यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मितेन्द्र कुमार सिंह बने जिला मीडिया प्रभारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा ने संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में नए पदाधिकारियों की घोषणा की है। इस क्रम में मितेन्द्र कुमार सिंह को एक बार फिर औरंगाबाद भाजपा का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह लगातार पांचवी बार है जब उन्हें जिला स्तर पर जिम्मेदारी मिली है। इससे पूर्व वे एक बार जिला मंत्री, एक बार जिला प्रवक्ता और अब तक तीन बार जिला मीडिया प्रभारी रह चुके हैं। नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए मितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो भरोसा जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, क्षेत्रीय प्रभारी नागेंद्र भाई, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक और सभी कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

# नबीनगर में एनडीए का ऐतिहासिक कार्यकर्ता सम्मेलन 7 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आज नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सम्मेलन की तैयारी के संदर्भ में एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक सुभदीप मैरेज हॉल में आयोजित की गई थी जिसकी अध्यक्षता जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष ने की। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकर्ताओं ने 7 सितंबर को अनुग्रह नारायण स्टेडियम नबीनगर में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन करने का स्थल चयन किया। सम्मेलन में एनडीए को एकजुट होकर आने वाला विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवार को समर्थन देने की बात



कही गई। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक बूथ से कम से कम 25 से 30 कार्यकर्ताओं को भाग लेना चाहिए। सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए एनडीए के सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए काफी उत्साह देखा गया। वहीं बैठक में जनता दल यूनाइटेड के महासचिव सह सम्मेलन के कोऑर्डिनेटर राजीव नयन, औरंगाबाद के संगठन प्रभारी बिन्दा चंद्रवंशी, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, रालोसपा के जिलाध्यक्ष सोनू सिंह, हम के जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला प्रभारी निर्भय कुमार, पूर्व विधायक ललन भुईया, लोजपा के पूर्व प्रत्याशी विजय यादव, नबीनगर विधानसभा के संगठन प्रभारी प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा, नबीनगर के जदयू प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, बारुन प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल यादव, जिला उपाध्यक्ष महावीर मेहता, सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह ने भी विचार व्यक्त किया।

# सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरगाबाद।** बारूण थाना क्षेत्र के एनएच - 19 पर सोन नगर पावर ग्रिड के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में दूसरी ट्रक ठोकर मार दी इस घटना में चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी पारस यादव के 39 वर्षीय पुत्र राजेश यादव के रूप में की गई है। मृतक के भतीजे अक्षय कुमार ने बताया कि 15 दिन पहले घर से काम पर निकले थे। शनिवार को किसी काम से ट्रक लेकर जा रहे थे। औरंगाबाद जिले के सोन नगर पावर ग्रिड के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी दूसरी ट्रक से टकरा गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वहां से आरा सदर अस्पताल लेकर आ गए। जहां उनकी मौत हो गई। मृतक दो भाई और पांच बहन में चौथे स्थान पर थे। परिवार में मां कलावती देवी, पत्नी संगीता देवी, दो पुत्री सोनाली, रागिनी और एक पुत्र सत्यम है। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# मदनपुर प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन की स्थिति दयनीय

## सफाई के नाम पर सलाना हो रहे एक करोड़ रुपये खर्च फिर भी जहां-तहां लगे कूड़े के ढेर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन की हालत दयनीय है। सालाना एक करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद भी कई जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और दुर्गंध निकल रही है। प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के कारण स्वच्छ गांव और स्वास्थ्य गांव बनाने की मंशा पर पानी फिर गया है। प्रखंड में 19 ग्राम पंचायत हैं, जहां स्वच्छ गांव, सुंदर गांव, और स्वास्थ्य गांव बनाने के उद्देश्य से 259 स्वच्छता कर्मी, 19 चालक, 19 सहचालक और 19 सुपरवाइजर बहाल किए गए हैं। इसके अलावा, प्रत्येक पंचायत में सात-सात लाख रुपये की लागत से गीला और सूखा कचड़ा जमा करने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन इकाई सेड का निर्माण किया गया है। इसके बावजूद भी प्रखंड मुख्यालय के प्रोजेक्ट जय प्रभा कन्या उच्च विद्यलय के बगल में, धर्मशाला रोड में, घोरहत मोड़ के सामने एनएच 19



के किनारे, प्रखंड मुख्यालय के बगल में जीटी रोड के किनारे, खिरियावां दक्षिण ग्रामीण बैंक के समीप, केउली मोड़ समेत कई जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और कई जगहों पर गंदगी और दुर्गंध फैली हुई है। प्रशासनिक अनदेखी और लापरवाही तथा लोगों में जागरूकता की कमी और कूड़ा फेंकने की आदत ने जहां-तहां कूड़े की ढेर लगा दी है, जिससे बारिश होने पर दुर्गंध निकलती है और उस रास्ते से लोगों को गुजरना मुश्किल हो गया है। एक तरफ जहां सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया है। इसके लिए बड़े पैमाने पर फंड आवंटित किया गया है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी मदनपुर प्रखंड में जहां तहां लगे कूड़े की ढेर स्वच्छ भारत मिशन की स्थिति सवाल खड़ा कर दिया है। इधर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक अविनाश कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतों में स्वच्छता अभियान प्रत्येक दिन चल रहा है। हर पंचायत में बने अपशिष्ट प्रबंधन इकाई में कूड़ा को जमा किया जा रहा है। यदि कही कूड़ा का ढेर लगा है उसे साफ कराया जाएगा।

# बीआरबीसीएल परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर दिखा उत्साह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बीआरबीसीएल में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने किया। कार्यक्रम के दौरान बीआरबीसीएल परिसर में उत्साह देखने को मिला। भारी संख्या में कर्मचारियों, बच्चों और महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पहले दिन कर्मचारियों, महिलाओं और बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद मुख्य अतिथि दीपक रंजन देहुरी ने कहा कि खेल और फिटनेस जीवन का अहम हिस्सा हैं। सभी को नियमित रूप से खेलों में भाग लेना चाहिए। 30 अगस्त को वॉलीबॉल और थ्रोबॉल प्रतियोगिताएं हुई। 31 अगस्त को स्लो साइकिल रेस और मॉर्निंग वॉक का आयोजन हुआ। इसी के साथ तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन किया गया। बीआरबीसीएल परिसर में यह आयोजन खेल भावना और ऊर्जा का नया उत्साह जगा रहा है।

# सात दिवसीय हिंदी महोत्सव और दिव्य रुप से आयोजित करने का लिया निर्णय

## महोत्सव में जिले के नामचीन साहित्यकारों, साक्षारताकर्मियों को किया जाएगा सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के अधिवक्ता संघ भवन में रविवार को निर्णय साहित्य संवाद एवं जनेश्वर विकास केंद्र की बैठक आयोजित कर गई। बैठक की अध्यक्षता समकालीन जवाबदेही पत्रिका के संपादक डा. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने किया। जनेश्वर विकास केंद्र के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस आठ सितंबर से हिन्दी दिवस 14 सितंबर तक सात दिवसीय हिदी महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत आठ सितंबर को साक्षरता के महत्व पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसमें वक्ता के रूप में साक्षरता विषेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके बाद साक्षरता कर्मियो को सम्मानित किया जाएगा। दूसरे दिन भारतेंदु हरिश्चंद्र के जन्मदिन के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की जााएगी। 10 एवं 11 को स्कूल स्तर पर छात्र छात्राओं के बीच हिदी विषय पर विभिन्न तरह के प्रतियोगिता संपन्न करायी जाएगी। फाइल 12 सितंबर को कराया जाएगा। 11 को ही विवेकानंद के शिकागो भाषण आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 13 को नामचीन कवियों द्वारा कवि सम्मेलन भव्य आयोजन होगा। 14 सितंबर को हिदी दिवस के अवसर पर हिंदी से संबंधित संगोष्ठी आयोजित होगी जिसमें वक्ता के रूप में नामचीन साहित्यकारों को आमंत्रित किया जाएगा। तत्पश्चात जिले के नामचीन साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। उसके बाद चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। अंत महोत्सव का समापन किया जाएगा। विदित हो कि सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा के बावजूद हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिल पाया है। महोत्सव के माध्यम भारत सरकार से हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग की जाएगी। बैठक में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय सिह, जनेश्वर विकास केंद्र अध्यक्ष रामजी सिह, कवि लवकुश प्रसाद सिह, साहित्य संवाद के संयोजक लालदेव प्रसाद, शिक्षक एवं सचिव साहित्य संवाद उज्जवल रंजन, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिह, खेल कौशल संयोजक वीरेंद्र कुमार सिह, जन विकास परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिह, सुरेश ठाकुर, ज्योतिष विद ओमप्रकाश पाठक, शिक्षक वेदप्रकाश तिवारी, अशोक मेहता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म सहित अन्य अपराधों में 59 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। कार्रवाई के फलस्वरूप विभिन्न कांडों के 59 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दुष्कर्म मामले में 1, आर्म्स एक्ट में 1, शराब के शीर्ष कांडों में 9 एवं अन्य शीर्ष कांड में 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 721 वाहनों की जांच की गई जिसमें 34500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 122 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या 6 है। 721 लीटर देसी, 1.25 लीटर विदेशी शराब, 1 ट्रैक्टर, 2 बाइक एवं 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में निरंतर कार्रवाई जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद(बिहार)
पिन - 824101
मो.9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web: www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# भाजपा नेता अरविन्द सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के कर्मा रोड रामराज्य नगर स्थित भाजपा नेता अरविन्द कुमार सिंह के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 125वी मन की बात को भाजपा नेताओं ने सुनी। मन की बात मे पीएम मोदी ने अमरीका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बीच स्वदेशी पर जोर दिया। पीएम ने आने वाले पर्व में स्वदेशी वस्तुओ के इस्तेमाल पर जोर दिया। मोदी ने कहा कि आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो



भारत में बने सामान से हो, रोशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो और भी ऐसा बहुत कुछ, जीवन की हर जरूरत में सब कुछ स्वदेशी हो। गर्व से कहो 'ये स्वदेशी है', गर्व से कहो 'ये स्वदेशी है', गर्व से कहो 'ये स्वदेशी है। पूर्व जिलाध्यक्ष पुरूषोतम कुमार सिंह, इंद्रदेव यादव, वरिष्ठ नेता अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री युगल किशोर सिंह, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास सिंह, किसान मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रघुनाथ राम, मीडिया प्रभारी अविनाश कुमार, शत्रुघ्न सिंह मुन्ना,रालोजपा मीडिया प्रभारी अमर उज्जाला, हरिओम जी, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार सिंह, अविनाश कुमार, राकेश कुमार देवता आदि मौजूद रहें।

# अमरूद की बागवानी से किसानों की बढ़ी आमदनी

**औरंगाबाद नबिटा ब्यूरो।** औरंगाबाद और गया जिले के सीमा पर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में बसा दुलारे पंचायत का दुर्गी गांव कभी नक्सलवाद का ठीकाना हुआ करता था, आज उस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बागवानी कर लोग आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है और रोजगार मुहैया करा रहे है। समय की बदलती करवटों के साथ अब लोग समाज की मुख्य धारा में लौट रहे है। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के दधपा बिगहा गांव निवासी नरेश कुमार ने आंध्र प्रदेश और बंगाल के किसानों को बड़े पैमाने पर अमरूद की बागवानी करते देख प्रेरणा ली और वर्ष 2022 में देव प्रखंड के दुलारे पंचायत अंतर्गत दुर्गी गांव में 65 एकड़ जमीन एग्रीमेंट करा कर बागवानी शुरू की। आज वे उक्त पंचायत के 150 एकड़ जमीन पर अमरूद की बागवानी कर रहे है। वहीं मदनपुर पंचायत के चिरैया गांव में एक सौ एकड़ जमीन अनुबंध पर लेकर बागवानी की तैयारी कर रहे है। उन्होंने बताया कि कोलकाता से 40 हजार पौधे मंगवा कर बागवानी शुरू की थी। अमरूद की बागवानी में नुकसान न के बराबर है। कभी-कभी पौधों और फल में कीड़े लग जाते है जिनकी दवा स्थानीय बाजार के बीज भंडार पर आसानी से उपलब्ध हो जाती है। अमरूद के पौधों में साल भर में दो बार फल लगते हैं। एक पौधे में लगभग पच्चीस से तीस किलो अमरुद निकल जाता है। जिसे समय और मांग के अनुरूप व्यापारी होलसेल रेट में पच्चीस से तीस रुपए प्रति किलोग्राम के दर से खरीद लेते है। फलों को बेचने के लिए उन्हें बाजार जाने की जरूरत नहीं होती है। व्यापारी ऑर्डर बुक करते हैं और समय पर आकर फल ले जाते है। उन्होंने बताया कि एक पौधा दस से पंद्रह साल तक फल देता है। इस बागवानी में बार-बार पैसे लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। नरेश कुमार से प्रेरणा लेकर कई लोगों ने उस क्षेत्र में बागवानी शुरू कर दिया है।

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के एक आरोपित को फेसर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के करसांव गांव निवासी 20 वर्षीय लवकुश कुमार के रूप में की गई है। इसके खिलाफ पीड़िता के द्वारा 29 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें बताया गया कि आरोपित ने 13 वर्षीय एक नाबालिग लड़की को डरा धमका कर दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित नाबालिग लड़की को बीते कुछ दिनों से ब्लैकमेल कर रहा था। इसी क्रम में उसने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

